29:02:2024

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 15 अंक ›› 059 | epaper.rashtriyakhabar.com | फाल्गुन, कृष्णपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080



**विदुर नीति**

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन् नित्योत्थानात्प्रज्ञया पौरूषेण।
न त्वेव सम्यग्लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम्॥

भावार्थ : दुरात्मा व्यक्ति चाहे बल से, उद्योग से, चतुराई से अथवा परिश्रम द्वारा ही धन या स्तर प्राप्त कर ले, किंतु उसकी समाज में प्रशंसा नहीं होती, न ही वह महान कुल में उत्पन्न सज्जनों के समान आचरण ही कर सकता है। उसकी स्थिति मोर का पंख लगा लेने वाले कौवे के समान ही रहती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.51 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.11 बजे

**राष्ट्रीय खबर संक्षिप्त हलचल**

## पार्टी के शुद्धिकरण का वक्त आ गया है : सिद्धू

**चंडीगढ़ :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में मची अफरातफरी के बीच पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा है कि पार्टी का शुद्धिकरण करने का समय आ गया है। श्री सिद्धू ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, हिमाचल संकट पार्टी के लिए संपत्तियों और ऋणों के आकलन का आह्वान करता है। बड़े पदों पर बैठे लोगों, जो सीबीआई, ईडी और आईटी जैसी एजंसियों की धुन पर नाचते हैं, ने कई बार पार्टी को मुश्किल में डाला है। यह अभिषेक मनु सिंघवी का नुकसान नहीं है लेकिन पार्टी का बड़ा नुकसान है। उन्होंने कहा, आवश्यक है कि पार्टी का शुद्धिकरण किया जाए और निजी हित को सामूहिक भलाई से ऊपर रखने वालों से पार्टी को मुक्त किया जाए क्योंकि उनके कारनामे पार्टी को ही गहरे जख्म दे रहे हैं, जख्म तो भर जाएंगे लेकिन उनके निशान रह जाएंगे।

## रायसेन के आसपास बाघ के कारण वन विभाग सतर्क

**रायसेन :** मध्यप्रदेश के रायसेन जिला मुख्यालय के आसपास बाघ की दस्तक के कारण वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने का अनुरोध किया है। इस संबंध में विभाग की ओर से मुनादी भी करायी गयी है। वन मंडल अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बाघ की शहरी क्षेत्र के आसपास चहलकदमी के कारण आम जनता को सावधानी बरतना चाहिए और शाम पांच बजे के बाद सुबह बाठ बजे तक अकेले नहीं जाना चाहिए। इसकी मुनादी भी शहर में कराई गई है। शहर के बाहरी क्षेत्र की कुछ आवासीय कालानियों में बाघ देखा गया है। पिछले पांच दिनों में लगातार दूसरी बार आज बाघ को देखे जाने की खबर है। इस वजह से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आज सुबह ढाई साल का एक नर बाघ स्थानीय रॉयल गार्डन के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने बाघ तलाशने का काम प्रारंभ कर दिया है।

## राजीव हत्याकांड के दोषी संथन की मृत्यु

**चेन्नई :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के सात दोषियों में से एक संथन की बुधवार सुबह यहां मौत हो गई। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि श्रीलंकाई नागरिक संथन (54) का लीवर के खराब होने और अन्य बीमारियों के चलते आज सुबह 07.50 बजे उसका निधन हो गया। इस मामले में संथन ने 30 साल से अधिक जेल की सजा काट ली थी और बेहतर उपचार के लिए उसे पिछले महीने त्रिची अस्पताल से यहां राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल (आरजीजीजीएच) भर्ती कराया गया था। हालांकि, डॉक्टरों की लाख कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और आज सुबह उसकी मौत हो गई।

## पाकिस्तानी ड्रोन पर भारतीय सेना ने की गोलीबारी

**जम्मू :** सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब बुधवार को उड़ रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी कर उसे खदेड़ दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सैनिकों ने आज सुबह पुंछ के मेंढर सेक्टर में टोपी पोस्ट और परविंदर पोस्ट में नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। सेना के जवानों ने सीमा पार से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे ड्रोन को खदेड़ने के लिए कुछ राउंड फायरिंग की। सूत्रों ने बताया कि ड्रोन के जरिये कोई आपत्तिजनक वस्तु गिराये जाने की आशंका के मद्देनजर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया है। ज्ञातव्य है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल ही में सीमा पार से ड्रोन गिराने की सूचना देने वालों को नकद इनाम देने की घोषणा की है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**अपराध** › मेइतेई छह सदस्यों गिरफ्तारी के बाद भीड़ ने पुलिस अधिकारी पर हमला किया

# घर पर धावा बोलकर पुलिस अधिकारी का अपहरण

- दो सौ हथियारबंद ने दिया घटना को अंजाम
- फिर पुलिस चौकी से आधुनिक हथियारों की लूट
- दो गांवों से हथियार बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** मणिपुर में तनाव के बीच एक पुलिस अधिकारी का अपहरण कर लिया गया। 200 हथियारबंद बदमाशों गाड़ियों में आए और अमित सिंह के आवास पर धावा बोल दिया। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को मणिपुर में तनाव और बढ़ गया जब इम्फाल पूर्वी जिले में एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कथित तौर पर मैतेई संगठन अरमबाई तेंगगोल के कार्यकताओं की ओर से अपहरण कर लिया गया। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि इम्फाल पूर्व के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह को बाद में पुलिस और सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई के बाद बचा लिया गया।
घटना के बाद मणिपुर पुलिस के ऑपरेशन विंग में तैनात अधिकारी अमित सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मंगलवार शाम के हमले में, कथित तौर पर अरामबाई तेंगगोल से जुड़े सशस्त्र कैडरों ने घर में तोड़फोड़ की और गोलियों से चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मणिपुर में ताजा तनाव बढ़ने के बाद सेना को बुलाया गया था और असम राइफल्स की चार टुकड़ियों को इंफाल पूर्व में तैनात किया गया था, पुलिस अधिकारी का अपहरण कर लिया गया था। मंगलवार शाम करीब 7 बजे हुई घटना की जानकारी देते हुए मणिपुर पुलिस ने बताया कि 200 की संख्या में गाड़ियों में आए हथियारबंद बदमाशों ने अमित सिंह के आवास पर धावा बोल दिया। मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया कि 27 फरवरी, 2024 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईडब्ल्यू, मोइरांगथेम अमित एमपीएस के आवास पर गोलीबारी की घटना हुई। वाहनों में आए लगभग 200 की संख्या में सशस्त्र बदमाशों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री मोइरांगथेम अमित सिंह, पुत्र एमपीएस के आवास पर धावा बोल दिया। सशस्त्र उपद्रवियों ने आवास पर घरेलू संपत्तियों में तोड़फोड़ की। सूचना मिलने पर अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। परिणामी पुलिस कार्रवाई में, दो व्यक्ति रबिनाश मोइरांगथेम, 24 वर्ष पुत्र एम. रंजन, क्वाकीथेल अखम लीकाई और कंगुजम भीमसेन, 20 वर्ष पुत्र के. अबोसाना, खोंगमान बाशिखोंग को चोटें आईं और उन्हें जेएनआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बीच हथियारबंद बदमाशों ने एडिशनल एसपी और उनके एक साथी का अपहरण कर लिया. बाद में उन्हें क्वाकीथेल कोन्जेंग लीकाई क्षेत्र से बचाया गया और चिकित्सा उपचार के लिए राज मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू हो गई है। इस अंधाधुंध गोलीबारी का कारण यह था कि संबंधित अधिकारी ने वाहन चोरी में कथित संलिप्तता के लिए समूह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद, मीरा पैबिस (मेइतेई महिला समूह) के एक समूह ने उनकी रिहाई की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। बचाव प्रयासों के बाद बिगड़े हालात मणिपुर सरकार को सेना की मदद लेनी पड़ी। असम राइफल्स, एक अर्धसैनिक बल,

›› पेज 2 भी देखें

आधी सदी के बाद लौट रहा है दुर्लभ नजारा

# तीन देशों में दिन में ही रात दिखेगा

**राष्ट्रीय खबर**



**वाशिंगटन :** अमेरिका समेत तीन देशों में 8 अप्रैल को दुर्लभ पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखेगा। इस सूर्य ग्रहण के कारण उस दिन मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा में चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से ढक लेगा। परिणामस्वरूप, दिन रात जैसा हो जाएगा। यह जानकारी हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन - नासा द्वारा दी गई थी।
एजेंसी के मुताबिक, पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:07 बजे मैक्सिको के प्रशांत तट पर दिखाई देगा। नासा के वैज्ञानिकों ने इस सूर्य ग्रहण को खास बताया है क्योंकि, 54 साल बाद ऐसा सूर्य ग्रहण लग रहा है। इससे पहले ऐसा सूर्य ग्रहण 1970 में लगा था। 2078 में दोबारा हो सकता है।
पूर्ण सूर्य ग्रहण में चंद्रमा, सूर्य और पृथ्वी एक ही रेखा में होते हैं। तब सूर्य घूमते हुए चंद्रमा के पीछे पूरी तरह से ढक जाता है। इससे दिन में रात जैसा अंधेरा छा जाता है। ऐसे मौके पर दूसरे जानवर और खास कर पक्षी भी रात का अंधेरा अचानक होते देख भ्रमित हो जाते हैं। बताया गया है कि जिस क्षेत्र में ग्रहण दिखाई देगा वहां करीब 4 करोड़ लोग रहते हैं, जो इसका लुत्फ उठा सकेंगे। ब्रह्मांड की इस प्राकृतिक घटना में जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच आएगा तो चंद्रमा की गति 2400 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। तब यह दुर्लभ सूर्य ग्रहण उत्तरी अमेरिका में दिखाई देगा। यह सूर्य ग्रहण बेहद खास और अनोखा माना जा रहा है। क्या चंद्रमा लाखों गुना बड़े सूर्य के सामने ढाल बन सकता है? शायद क्योंकि छोटा सा चंद्रमा कभी-कभी पृथ्वी और सूर्य के बीच दीवार बनकर खड़ा हो जाता है। प्रकाश को अवरुद्ध करता है। और इस घटना को हम सूर्य ग्रहण कहते हैं। दुनिया 8 अप्रैल को दुर्लभ सूर्य ग्रहण देखने जा रही है। हालाँकि, सभी सूर्य ग्रहणों की तरह, इसे दुनिया के सभी हिस्सों से एक साथ नहीं देखा जा सकता है।

एनसीबी, नौसेना और एटीएस ने मिलकर किया संयुक्त अभियान

# गुजरात तट पर अब तक की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती



- गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई हुई
- भारतीय नौसेना के जहाज भी तैनात थे
- जहाज को पोरबंदर ले जाया गया है

**राष्ट्रीय खबर**

**अहमदाबाद :** एनसीबी-नौसेना-गुजरात एटीएस के संयुक्त अभियान में अब तक की सबसे बड़ी अपतटीय ड्रग जब्ती हुई है। इस अभियान के लिए भारतीय नौसेना ने अपने मिशन पर तैनात समुद्री गश्ती विमान और युद्धपोत को भी तैनात किया, जिसके बाद मंगलवार की सुबह नाव को रोक लिया गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय नौसेना और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते के संयुक्त अभियान में मंगलवार को लगभग 60 समुद्री जहाजों से लगभग 3,300 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किए गए। हिंद महासागर में तट से मील दूर और पाकिस्तान से संबंध रखने के संदेह में पांच विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई है। यह देश में अब तक की सबसे बड़ी अपतटीय मादक पदार्थ जब्ती है। 3,110 किलोग्राम हशीश, 158.30 किलोग्राम क्रिस्टलीय पाउडर मेथमफेटामाइन और 24.60 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन सहित इस प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत लगभग 1,200 करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि इसकी तस्करी ईरान में चाबहार बंदरगाह के माध्यम से की जा रही थी।
नौसेना ने कहा, निगरानी मिशन पर पी-8आई लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान के इनपुट के आधार पर, क्षेत्र में तैनात एक युद्धपोत को तस्करी में लगे संदिग्ध ढो को रोकने के लिए मोड़ दिया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा, पीएम नरेंद्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, हमारी एजेंसियों ने आज देश में दवाओं की सबसे बड़ी जब्ती करने में बड़ी सफलता हासिल की है। ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को नशा-मुक्त बनाने के लिए हमारी सरकार की अटूट

›› पेज 2 भी देखें

दुनिया भर में चल रहे किसान आंदोलन का व्यापक असर

# स्पेन के किसानों ने फ्रांस की सीमा रोक दी



**कैटेलोनिया :** सरकार का विरोध कर रहे स्पेनिश किसानों ने फ्रांसीसी सीमा के पास सड़कें अवरुद्ध कर दीं। उत्तरपूर्वी कैटेलोनिया क्षेत्र में स्पेनिश किसान क्षेत्र के संघर्षों के विरोध में मंगलवार को फिर से सड़कों पर उतरे, उन्होंने स्पेन को दक्षिणी फ्रांस से जोड़ने वाले एक व्यस्त राजमार्ग सहित ट्रैक्टरों के साथ मोटरमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एपी-7 मोटरवे पर प्रदर्शनकारी सोमवार शाम को फ्रांसीसी सीमा से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) दूर पोंटोस में इकट्ठा होने लगे और आधी रात के तुरंत बाद सड़क को अवरुद्ध करना शुरू कर दिया, जिससे दोनों दिशाओं में सड़क कट गई। उन्होंने यूरोपीय संघ के बाहर से अनुचित प्रतिस्पर्धा के विरोध में मैड्रिड और बार्सिलोना को जोड़ने वाले ए2 मोटरवे को भी अवरुद्ध कर दिया। इसी सड़क को बंद करने के बाद आंदोलनकारियों ने वहां पर नाश्ता भी किया। उनका कहना है कि ऐसे उत्पादों को समान मानदंडों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है जिसे यूरोपीय संघ के सदस्य देशों को लागू करना आवश्यक है, और वे यह भी चाहते हैं कि ब्रसेल्स लालफीताशाही को कम करे, यूनियन डी पेजेसोस के एक बयान के अनुसार, जो कि किसान संघों में से एक है।

कोटक महिंद्रा बैंक के तीन मैनेजरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# साइबर ठगी में शामिल थे तीन बैंक अधिकारी

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली :** गुरुग्राम की साइबर क्राइम यूनिट ने 3 बैंक मैनेजरों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि तीनों बैंक मैनेजर मेवात में साइबर ठगी के सरगना से मिले थे। वे लगातार साइबर ठग के संपर्क में रहकर उसे साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इसके बदले साइबर ठग से 15 से 20 हजार रुपए प्रति बैंक खाता उपलब्ध कराने के लेते थे। हरियाणा के गुरुग्राम की साइबर क्राइम यूनिट ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि आरोपियों में से तीन आरोपी कोटक महिंद्रा बैंक में मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर के तौर पर कार्यरत थे। बीते 7 महीनों में आरोपियों ने कोटक महिंद्रा बैंक में 2000 खाते खोलकर साइबर फ्रॉड की वारदात को अंजाम दिया है।
साइबर क्राइम यूनिट के एसीपी प्रियांशु दिवान ने बताया कि 18 नवंबर 2023 को एक शख्स ने शिकायत दी कि उसके फोन पर एक कॉल आई और फोन करने वाले ने अपने को उसका दोस्त देवेंद्र बताया। फिर उसने बेटे को इलाज के लिए 10 हजार रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा और उसने यूपीआई आईडी भेजी। दोस्त के बेटे की हालत खराब समझ कर उसने भेजे गए बैंक अकाउंट में 10 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।
कुछ देर बाद पीड़ित ने अपने दोस्त देवेंद्र को फोन किया, तो पता चला कि उसने तो कोई फोन नहीं किया है। न ही कोई पैसे की मांग की है। किसी ने धोखे से रुपए ट्रांसफर कराकर उसके साथ ठगी की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 4 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान मोहित राठी, महेश कुमार, विश्वकर्मा मौर्य और हयात के रूप में हुई। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मोहित

›› पेज 2 भी देखें

**शोध** › विषाणुओं पर नियंत्रण की तकनीक भविष्य में बदलेगी

# एंटीबॉयोटिक दवाओं के लिए नया अणु वर्ग विकसित

- विषाणु तुरंत ही प्रतिरोधक बनाते हैं
- दवाइयां इस कारण काम नहीं कर पाती
- नई सोच वैक्टीरिया को बचाकर काम की है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची :** शोधकताओं ने एंटीबॉयोटिक दवाओं के एक नए वर्ग के लिए अणु विकसित किए हैं जो दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया पर काबू पा सकते हैं। लगभग एक दशक पहले, यूसी सांता बारबरा के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर गुइलेर्मो बाजन की प्रयोगशाला में शोधकताओं ने अपने शोध में एक आवर्ती चुनौती का निरीक्षण करना शुरू किया था। इसमें पाया गया था कि कुछ यौगिक जो वे बैक्टीरिया से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए विकसित कर रहे थे, वे इसके बजाय रोगाणुओं को मार रहे थे जो यह अच्छा बात नहीं है। सिस्टिक

›› पेज 2 भी देखें

**हमें जीवित रहने के लिए बैक्टीरिया की आवश्यकता थी : मोरलैंड**

बाजन ने कहा, हमने महसूस किया कि जिन आणविक ढांचे पर हम कुछ समय से काम कर रहे थे, अगर उन्हें ठीक से डिजाइन किया जाए, तो एंटीबॉयोटिक दवाओं की एक नई श्रेणी तैयार हो सकती है; कुछ ऐसा फाउंडेशन के पोस्टडॉक्टरल फेलो एलेक्स मोरलैंड ने कहा, हमें जीवित रहने के लिए बैक्टीरिया की आवश्यकता थी। जब हम उस अनुप्रयोग के लिए नए अणु विकसित कर रहे थे, हमने पाया कि उनमें से कुछ काम नहीं कर रहे थे क्योंकि वे बैक्टीरिया को मार रहे थे। शोध में टीम ने इन यौगिकों के स्पष्ट रोगाणुरोधी गुणों पर ध्यान दिया, जिन्हें संयुग्मित ऑलिगोइलेक्ट्रोलाइट्स (सीओई) कहा जाता है। आज तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, और अब उनके पास एंटीबॉयोटिक दवाओं के एक नए वर्ग का आधार है, जो न केवल जीवाणु संक्रमणों की एक विस्तृत श्रृंखला के खिलाफ वादा दिखाता है बल्कि उस खतरनाक प्रतिरोध से भी बच सकता है जो हमारी वर्तमान पीढ़ी को प्रथम-पंक्ति प्रदान कर रहा है। जो शायद ही कभी पाया जाता है और जिसका आधुनिक चिकित्सा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

चीन को टक्कर देने में भारतीय सेना को और बेहतर सुविधा

# पर्यटक भी अब सीधे सिक्किम जाएंगे

**राष्ट्रीय खबर**



**सिलिगुड़ी :** चीन सीमा पर नाथू ला दर्रा एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है। इससे पहले सिक्किम जाने वाले पर्यटकों को यहां से किसी भी किस्म के वाहन का सहारा लेना पड़ता था। अब लोग सीधे रेल से ही गंगटोक तक पहुंच सकेंगे। इसके अलावा सेवक से रंगपो तक सुरंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को सिक्किम के पहले रेलवे स्टेशन रंगपोर की आधारशिला रख चुके हैं। इसलिए न्यू जलपाईगुड़ी से सिक्किम जाने के लिए अब बस या किराये की कार की जरूरत नहीं है। राज्य से रंगपो के रास्ते सीधे गंगटोक पहुंचा जा सकता है। अगले चरण में ट्रेन चीनी सीमा के पास नाथू ला पास पहुंचेगी।
सिक्किम सोमवार को भारत के रेल मानचित्र में शामिल हो चुका है। यह पहली बार है जब इस राज्य को कोई स्टेशन मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया है और सिक्किम में रोंगपो स्टेशन की आधारशिला रखी है। बंगाल सेवक से रंगपो तक रेलवे सुरंग पहले ही पूरी हो चुकी है। इसी तरह नाथू

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## अगर कुछ व्यक्तिगत होता है तब परेशानी आती है : दीपिका

रांची: विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पूरे देश में लोग किस परिस्थिति में भाजपा में जा रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। झारखंड में कांग्रेसी विधायकों की नाराजगी पर दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमारी नाराजगी किस बात को लेकर थी। आज राज्य में सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है और हम क्या कर पा रहे हैं। सिर्फ हाथ पर हाथ रख कर बैठने और मामले को षड्यंत्र के तहत कोर्ट में ले जाएं, पेपर लीक हो जाए तो इन सब पर विचार करने की जरूरत है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को सभी विधायक समझते हैं लेकिन अगर उस विचारधारा से अलग होकर अगर कुछ व्यक्तिगत होता है तब परेशानी आती है।

परेशानी

अब हेमंत विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे

# हेमंत सोरेन को लगा बड़ा झटका, नहीं ले सकेंगे बजट सत्र में भाग, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शामिल होने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत के बाद झारखंड हाईकोर्ट से भी उनकी याचिका खारिज हो गई है। अब हेमंत सोरेन विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे।



आपको बता दे ईडी की विशेष अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार कर दिया, तो हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट का रुख किया था। अब झारखंड हाईकोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी है। झारखंड के पूर्व सीएम की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई थी। इसके बाद कोर्ट ने कहा था कि बुधवार को भी इस मामले की सुनवाई जारी रहेगी। जिसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। बता दें इससे पहले जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख था। जेएमएम नेता हेमंत सोरेन की ओर से उनके वकील ने पीएमएलए कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए क्रिमिनल रिट पिटीशन फाइल की थी।पूर्व सीएम हेमंत ने महाधिवक्ता के जरिए कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति दी जाए। लेकिन, जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। इससे पहले ईडी की विशेष अदालत ने झामुमो नेता पर दर्ज पीएमएलए की विशेष धाराओं का हवाला देते हुए उनको विधानसभा के सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था।

## आज के नये पीढ़ी कल के निर्माण करें : सुदेश महतो

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** स्थानीय विधायक सुदेश महतो ने मंगलवार देर शाम को झमाझम तेज बारिश के बीच सोनाहातू प्रखंड के चोकाहातू गांव में ग्राम सड़क योजना के तहत चोकाहातू से सितुमडीह तक 4 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य तथा 3 किलोमीटर कोडाडीहसालगाडीह - जिलिंगसेरेंग सड़क का आधारशिला रखी। दोनो सड़क निर्माण कार्य को 2 करोड़ 78 लाख से बनाया जायेगा। इस दौरान विधायक फंड से 16 लाख 18 हजार से पीसीसी, मुरुम सड़क और स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा, लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है। स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। हमारा लक्ष्य जेनरेशन को विकसित करना है। क्योंकि आज के नये पीढ़ी कल का निर्माण करेंगे। इस दौरान समारोह में खेलो सिल्ली कार्यक्रम के तहत पूर्वी सात पंचायत के खिलाडी को खेल किट दिया गया।

युवाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कौशल रथ किया रवाना

# कौशल रथ रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करेगा: अन्नपूर्णा देवी

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने जेजे कॉलेज परिसर, झुमरीतिलैया, कोडरमा में कौशल रथ को रवाना किया। एनएसडीसी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कौशल रथ दूरदराज के क्षेत्रों में इच्छुक उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण और सर्टिफिकेशन देने के लिए एक विशेष बस कौशल रथ को हरी झंडी दिखाई। अत्याधुनिक टूल्स, उपकरणों और टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बस युवाओं की मांग-संचालित कौशल क्षमताओं को समृद्ध करने और उद्योगों में सार्थक रोजगार के अवसरों का



निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल पिछड़े क्षेत्रों का उत्थान करके उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर प्रभाव पैदा करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। : मौके पर उन्होंने कहा कि यह कौशल रथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। कौशल विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा संचालित ह्यकौशल रथह्व स्किल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने वाली एक कस्टमाइज्ड बस है। यह दूरदराज के इलाकों में रहने वाले युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसरों का विस्तार कर रही है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कौशल विकास पहल शुरू की है ताकि, युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ मिल सके। कौशल रथ युवाओं को कौशल प्रदान करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, प्रवास को कम करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। कौशल रथ युवाओं के लिए उद्यमशीलता माइंडसेट, डिजिटल साक्षरता और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने में सहायता करता है। इन सतत् प्रयासों के माध्यम से, कौशल रथ रोजगार और कौशल के लिए वन-स्टॉप अवेयरनेस व्हीकल के रूप में स्थापित है जो आज के चुस्त और प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट की चुनौतियों और अवसरों के लिए व्यक्तियों को तैयार करने में पहल के ठोस प्रभाव को प्रदर्शित करता है।

# आरक्षण व एसएसपी संजीव कुमार की संपति की जांच की मांग को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई। सदन शुरू होते ही विपक्षी दलों के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल ने 77 प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक कहा है। केंद्र के इशारे पर राज्य के पिछड़ों का हक मारने की साजिश है। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि सदन में उनके सवाल का गलत जवाब मिला है। इसके बाद हंगामा करते हुए भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। उन्होंने पूर्व एसएसपी



संजीव कुमार द्वारा अर्जित अपार धनराशि की जांच ईडी से कराने की मांग की। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में कोयला की हजारों करोड़ों की लूट हुई है। पूर्व एसपी के संरक्षण में कई मजदूरों की जान गयी है। जल्द से जल्द इसकी ईडी और सीबीआई से जांच होनी चाहिए। स्पीकर ने धरने पर बैठे ढुल्लू महतो को अंदर लाने का आदेश दिया, जिसके बाद वो सदन में आये। ढुल्लू महतो ने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं। उनके धनबाद में रहते जेल में हत्या और अवैध माइनिंग होती थी। उनके तबादले के बाद अब धनबाद में अपराध बंद हो गया। वहीं, जब मंत्री मिथिलेश ठाकुर से जांच कराने और अवैध कोयले की ढुलाई को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो धनबाद के डीजी हैं क्या।

## 24 नए प्रखंड बनाने के लिए गए निर्णय को लागू करे सरकार : डॉ लंबोदर महतो

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड सरकार से 11 वर्ष पूर्व 24 नए प्रखंड बनाने के लिए गए निर्णय को लागू करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन शून्य काल में उठाया था। उन्होंने सदन में कहा कि 8 जनवरी 2013 को झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद की हूई बैठक में 24 नए प्रखंडों के सृजन पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है, परंतु यह निर्णय अब तक धरातल पर नहीं उतर पाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों के खैराचातर, चतरोचट्टी, महुआटांड़, उपरघाट, बारीबांकी, मोरपा, बरमसिया, माराफरी, अमलाबाद, पिंडराजोरा, टोकलो, रामगढ़, सिल्ली ,जोन्हा, सोनहातू पूर्वी, तमाड़ पूर्वी, पिठोरिया, राजगंज, पुटकी, चिरकुंडा, मैथन, चैनगढ़, कोवाली व जोरी पंचायत को प्रखंड बनाने का निर्णय प्रस्ताव संख्या चार में है। साथ ही उन्होंने प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली 146 के तहत गोमिया प्रखंड के झरकी बस्तीके यादव टोला व मुस्लिम टोला में लगे आग एवं गैस रिसाव को अविलंब स्थायी रूप से रोकने को लेकर चर्चा के लिए कार्य स्थगन का प्रस्ताव भी लाया। उन्होंने अपने प्रस्ताव में कहा कि सीसीएल के कथारा कोलियरी क्वांरी नंबर 03 के खदान में भू धसान होने की वजह से आग लगा हुआ है, जो घातक तो है ही जहरीली गैस का रिसाव भी हो रहा है। लोगों को सांस लेने में कठिनाइयां हो रही है। आमजन भय व दशहत में हैं।

धरना

धनबाद के पूर्व एसएसपी के खिलाफ सदन के बाहर धरने पर बैठे ढुल्लू महतो, कहा

# संजीव कुमार की सम्पत्ति की सीबीआई और ईडी से हो जांच

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। उन्होंने पूर्व एसएसपी संजीव कुमार द्वारा अर्जित अपार धनराशि की जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग की। ढुल्लू महतो ने कहा कि धनबाद में हजारों करोड़ों की कोयला की लूट हुई है। पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के संरक्षण में कई मजदूरों की जान गयी है। इस मामले में जल्द से जल्द सीबीआई और ईडी से जांच होनी चाहिए।वहीं विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने धरने पर बैठे बीजेपी विधायक ढुल्लू महतो को अंदर आने का आदेश दिया, जिसके




बाद वो सदन में आये। ढुल्लू महतो ने कहा कि पूर्व एसएसपी संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं। धनबाद में उनके रहते जेल में हत्या और अवैध माइनिंग होती थी। उनके तबादले के बाद अब धनबाद में अपराध बंद हो गया। धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ धरने पर बैठे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के मामले पर जब मंत्री मिथिलेश ठाकुर से जांच कराने और अवैध कोयले की ढुलाई को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो धनबाद के डीजी हैं क्या।बता दें कि झारखंड विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 10 मिनट में शुरू हुई। सदन शुरू होते ही विपक्षी दलों के विधायकों ने हंगामा करना शुरू दिया। इससे पहले सदन के बाहर भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। आज विपक्षी पार्टी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरते हुई नजर आयी। जिसमें जेएसएससी पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग और अबुआ आवास में भ्रष्टाचार की जांच कराने का मुद्दा छाया रहा। इसके बाद राज्यपाल के द्वारा 77 प्रतिशत आरक्षण बिल को असंवैधानिक बताकर लौटाने पर भी खूब हंगामा हुआ। सत्तारूढ़ विधायकों ने विरोध जताया। वहीं बीजेपी विधायकों ने हंगामा करते हुए वेल में पहुंच गए।

## पेज एक का शेष

### घर पर धावा बोलकर.. .. ..

सेना की परिचालन कमान के तहत कार्य करता है। उधर, मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों से भारी मात्रा में हथियार, मोर्टार और गोला-बारूद बरामद किया है। इसके अलावा 1200 रुपए के नकली नोट भी जब्त किए हैं। इसके अलावा इंफाल पश्चिम जिले के कीसंपत जंक्शन से 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से दो राइफल्स जब्त की गई हैं।
मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने एक प्रोग्राम में कहा कि राज्य में जातीय तनाव को दूर करे लिए शांति पहल शुरू हो गई है। अब हमें घबराने की जरूरत नहीं है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी क्षेत्रों में सुरक्षा बल तैनात किया जाएगा। मणिपुर के इम्फाल ईस्ट के खामेनलोक और पुखाओ संतीपुर इलाके में 27 फरवरी को कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा भड़की थी। यहां गोलीबारी में 1 शख्स की मौत और 3 लोग घायल हो गए थे। हिंसा में मरने वाले शख्स की पहचान 25 साल के सागोलसेम लोया के रूप में हुई। घायल हुए लोगों में से एक को पैर में और एक को कंधे में गोली लगी थी। इसके अलावा तेजपुर इलाके में इंडिया रिजर्व बटालियन की पोस्ट पर भी हमला किया गया था। यहां से 6 एके-47, 4 कार्बाइन, 3 राइफल, 2 एलएमजी और कुछ ऑटोमैटिक हथियार भी लूटे गए थे।

### गुजरात तट पर अब तक .. .. ..

प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
एनसीबी के महानिदेशक एस.एन. प्रधान ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सागर मंथन-क नाम का ऑपरेशन नौसेना, तटरक्षक बल, खुफिया और अन्य दवा प्रवर्तन एजेंसियों और विभिन्न राज्यों की पुलिस जैसी सहयोगी एजेंसियों के सहयोग से किए गए पांच हालिया अभ्यासों में से एक था। 2019 में राष्ट्रीय नारकोटिक्स समन्वय पोर्टल स्थापित करने की केंद्र की पहल के माध्यम से संभव है। विवरण साझा करते हुए, एनसीबी के उप महानिदेशक (ऑप्स) ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि एजेंसी को शुरू में एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक विदेशी अपंजीकृत मछली पकड़ने वाला जहाज 3,000 किलोग्राम से अधिक दवाओं के साथ भारतीय समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करेगा। उसे मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे से 7 बजे के बीच एक विशेष स्थान पर तमिलनाडु से आने वाली संदिग्ध मछली पकड़ने वाली नाव को प्रतिबंधित सामग्री पहुंचानी थी। गुप्त सूचना के आधार पर, एनसीबी संचालन शाखा, नौसेना और गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। नौसेना ने अपने मिशन पर तैनात समुद्री गश्ती विमान और युद्धपोत को तैनात किया, जिसके बाद मंगलवार सुबह नाव को रोक लिया गया। जहाज को आगे की कार्रवाई के लिए युद्धपोत द्वारा गुजरात के पोरबंदर ले जाया गया। पांच विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है, जिनके पास कोई पहचान दस्तावेज नहीं था। ड्रग्स ले जा रही नाव के साथ एक सैटेलाइट फोन और चार मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। दवा पैकेजिंग सामग्री पर रास अवाद फूड्स कंपनी, पाकिस्तान की उपज लिखा हुआ है।

### साइबर ठगी में शामिल .. .. ..

राठी (असिस्टेन्ट मैनेजर), महेश कुमार (डिप्टी मैनेजर) और विश्वकर्मा मौर्या (डिप्टी मैनेजर) तीनों कोटेक महिंद्रा बैंक शाखा एमजी रोड में कार्यरत थे। तीनों आरोपी हयात के माध्यम से मेवात में साइबर ठगी के सरगना से मिले थे।
वे लगातार साइबर ठग के संपर्क में रहकर उसे साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इसके बदले साइबर ठग से 15 से 20 हजार रुपए प्रति बैंक खाता उपलब्ध कराने के लेते थे। पहले यह हयात के माध्यम से साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराते थे और अभी वर्तमान में साइबर ठगों से उनका सीधा संपर्क था।
पीड़ित से साईबर ठग द्वारा जिस बैंक खाते में रुपए ट्रान्सफर कराए थे वो बैंक खाता भी आरोपियों द्वारा ही खोला गया था। आरोपी मोहित राठी, महेश कुमार और विश्वकर्मा मौर्या पिछले करीब 7 महीने से कोटेक महिंद्रा बैंक में नौकरी कर रहे थे। इस दौरान वे करीब 2 हजार बैंक खाते खोल चुके थे। क्या यह सभी बैंक खाते फ्रॉड करने के लिए इस्तेमाल हुए हैं या नहीं इस संबंध जांच की जा रही है।

### एंटीबॉयोटिक दवाओं के लिए .. .. ..

फाइब्रोसिस ने कहा रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) एक वैश्विक समस्या है जो जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करती है। 2019 में, दुनिया भर में अनुमानित 1.3 मिलियन मौतों का कारण एएमआर हो सकता है। मोरलैंड ने कहा, यह आंकड़ा मानता है कि यदि प्रतिरोधी बैक्टीरिया को उसी प्रकार के गैर-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से बदल दिया जाता, तो मरीज बच जाते। एंटीबॉयोटिक प्रतिरोध तब विकसित होता है जब बैक्टीरिया किसी एंटीबॉयोटिक के संपर्क में आते हैं और एंटीबॉयोटिक को हराने या बायपास करने के तरीके विकसित करते हैं। रणनीतियों में कोशिका झिल्ली को एक बाधा के रूप में उपयोग करना, आक्रामक अणु को नष्ट करना या कोशिका से इसे समाप्त करना, या एंटीबॉयोटिक को अप्रभावी बनाने के लिए दवा के लक्ष्य को बदलना शामिल है। इन प्रतिरोध तंत्रों को संतान बैक्टीरिया तक पहुंचाया जा सकता है या पर्यावरण में अन्य बैक्टीरिया के साथ साझा किया जा सकता है। शोधकताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने प्रदर्शित किया है कि अत्यधिक चयनात्मक सीओई बैक्टीरिया झिल्ली को रीमॉडलिंग करके कई लक्ष्यों को हिट करते प्रतीत होते हैं। टीम ने विशेष रूप से इलाज करने में मुश्किल सूक्ष्म जीव, माइकोबैक्टीरियम एब्सेसस (एमएबी) के खिलाफ अपने यौगिकों को तैनात किया, जिसके संक्रमण प्रचलित हैं। एमएबी में न केवल असामान्य रूप से मोटी और अभेद्य कोशिका आवरण होता है जो एंटीबॉयोटिक दवाओं को रोकता है, बल्कि इसमें फागोसाइट्स, प्रतिरक्षा कोशिकाओं के अंदर छिपने की क्षमता भी होती है, जिनका काम सूक्ष्मजीवों को निगलना और मारना है। उन्होंने कहा कि व्यवधान के इस हमले का बैक्टीरिया पर कई गुना प्रभाव पड़ता है, जिससे पारंपरिक की तुलना में उनके लिए प्रतिरोध विकसित करना 10 से 1000 गुना अधिक कठिन हो जाता है। सीओई का अनूठा तंत्र एंटीबॉयोटिक प्रतिरोध या सहनशीलता के एक अन्य पहलू में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैः एक बायोफिल्म का उत्पादन, एक ऐसी स्थिति जिसमें रोगाणुओं का एक समुदाय एक साथ बंधता है और एक बहुलक पदार्थ का उत्पादन करता है, जिससे एक प्रकार की ढाल बनती है। इसमें सफलता मिलने की स्थिति में कई प्रतिरोधक विकसित कर चुके विषाणुओं का इस नये माध्यम से खत्म किया जा सकेगा।

### पर्यटक भी अब सीधे सिक्किम .. .. .. ..

ला तक सुरंग बनाई जाएगी।
दूसरी बार सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान दिया। 2022 के बजट में केंद्र ने सिक्किम के रेलवे प्रोजेक्ट के लिए 2 l5 अरब रुपये आवंटित किए हैं। 45 किलोमीटर लंबे इस रेलवे पर पांच स्टेशन होंगे। रेलवे ने बताया कि रंगपो-गंगटोक तक सर्वे का काम पूरा हो चुका है। नाथू ला तक सर्वेक्षण का अगला चरण जल्द ही शुरू होगा। संयोग से, केंद्र सरकार की नजर अब उत्तर-पूर्व में चीनी सीमा तक सड़क और रेलवे के विस्तार पर है। उस काम का पहला चरण सेवक-रोंगपो रेल परियोजना था, जो लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा सेबक में तीस्ता पुल के पुनर्निर्माण और बागराकोट से सिक्किम तक नई सड़क बनाने की परियोजना पर भी काम चल रहा है। डोकलाम विवाद के बाद राफेल लड़ाकू विमान हासीमारा पहुंचे। दिल्ली पूर्वोत्तर में कई अन्य हवाई अड्डों का विस्तार करने पर भी विचार कर रही है। इस समय नाथू ला तक रेलवे को पूरा करने का विचार भी शुरू हो गया है। जिससे सेना और पर्यटकों को एक साथ फायदा होगा। भारतीय सेना को चीन सीमा तक पहुंचाने के लिए भी यह रेल लाइन मददगार बनेगा। भारत चीन युद्ध में अन्य सभी स्थानों पर पराजित होने के बाद भी यह नाथू ला दर्रा एकमात्र स्थान है, जहां चीनी की हमलावर सेना को परास्त होना पड़ा था। इस वजह से भी यह एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बना हुआ है, जहां जाने के लिए किसी भी पर्यटक को अलग से परमिट बनाना पड़ता है।

## शहर >> अपडेट

### विवि के परीक्षा भवन में जड़ा ताला

**रांची:** विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के कामकाज पर प्रश्न उठाते हुए आजसू छात्र संघ ने परीक्षा भवन के बाहर ताला जड़ दिया। इस तालाबंदी का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने की। स्नातक सेमेस्टर 2 की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाने के आश्वासन के बाद ताला खोला गया। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की कार्य शैली के कारण यहां के छात्र-छात्राएं हमेशा परेशान रहते हैं। मामला यूजी सत्र 22-26 के छात्र छात्राओं से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय में हाल ही में नोटिफिकेशन जारी किया गया था कि बिना इंटरनल मार्क्स के परीक्षा फॉर्म नहीं भरने दिया जाएगा। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत जितने भी महाविद्यालय है, वहां से सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं का मार्क्स नहीं भेजा गया। जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं फॉर्म भरने से वंचित रह गए।

**बदलाव** आयोग की ओर से बिजली की नयी दरें घोषित

# नयी दरें घोषित होने के साथ ही बिजली की कई सुविधाएं

▶▶ उपभोक्ताओं को अब कोई मीटरिंग शुल्क नहीं देना होगा

▶▶ निगम ने 7.66 फीसदी को मंजूरी दी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से बिजली की नयी दरें घोषित कर दी गयी है। नयी दरें घोषित होने के साथ ही बिजली की कई ऐसी सुविधाएं है जिनमें कुछ बदलाव किया गया है। वहीं कुछ सुविधाओं के पूर्ववत रखा गया है। वहीं, बिजली दरों में वृद्धि होने से अलग अलग श्रेणी के उपभोक्ताओं पर बोझ भी बढ़ा है। आयोग की मानें तो उपभोक्ता अगर उपभोक्ता बिलिंग के पांच दिनों के अंदर बिजली बिल भुगतान करता है तो उसे दो फीसदी की छूट मिलेगी। जेवीबीएनएल ने 39.71 % वृद्धि का प्रस्ताव दिया था। निगम ने 7.66 फीसदी को मंजूरी दी।व्यवस्था साल 2023 में भी घोषित की गयी थी। ऑनलाइन या डिजिटल मोड के माध्यम से बिल भुगतान करने पर संपूर्ण बिल के अनुसार एक फीसदी की छूट दी जायेगी। इसके लिये अधिकतम सीमा 250 रुपये तय की गयी है। लोड फैक्टर में छूट उन उपभोक्ताओं को मिलेगी जिनका लोड फैक्टर 65 प्रतिशत से अधिक है। इसकी अधिकतम सीमा 15 फीसदी है। रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने के लिये आयोग ने ग्रॉस मीटरिंग के लिये 4.16 प्रति केवी और नेट मीटरिंग के लिये 3.80 प्रति केवी के लिये टैरिफ को बरकरार रखा है।

उपभोक्ताओं को अब कोई मीटरिंग शुल्क नहीं देना होगा। प्रीपेड मीटरिंग शुरू होने पर उपभोक्ता की श्रेणी के अनुसार उर्जा शुल्क पर तीन फीसदी की छूट लागू रहेगी। प्रीपेड मीटर की स्थापना के एक महीने के भीतर पूरी सुरक्षा जमा राशि वापस कर दी जायेगी। इस टैरिफ के साथ ही आयोग ने जेबीवीएनएल को 13 फीसदी वितरण हानि की मंजूरी दी है। इस टैरिफ से वितरण निगम को लगभग 7075.83 करोड़ सालाना राजस्व मिलने का अनुमान है।

## मतदाता जागरुकता के लिए वोटर फेस्ट एक व दो मार्च को




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाता के बीच जागरुकता फैलाने को लेकर वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से रांची स्थित आड्रे हाउस में एक और दो मार्च को सुबह दस बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरुकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के उद्देश्य से आड्रे हाउस रांची में एक एवं दो मार्च को सुबह दस बजे से वोटर फेस्ट चुनाव का पर्व कला महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न थीम पर चित्रकलाएं बनाए जाएंगे। उन्होंने ने बताया कि फेस्ट के दौरान चित्रकला के विशेषज्ञों के द्वारा निर्वाचन, प्रकृति, संस्कृति आदि पर आधारित विभिन्न चित्रकलाएं तैयार की जाएंगी।

# 4 मार्च तक राज्य में फिर से दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के मौसम में आनेवाले दिनों में बदलाव जारी रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 4 मार्च तक राज्य में छिटपुट बारिश का असर जारी रहेगा। हालांकि इस दौरान किसी किसी दिन मौसम साफ रहने की भी संभावना है। राज्य में पशिचमी विक्षोभ के कारण मौसम में ये बदलाव देखा जायेगा। वहीं, बीते मंगलवार को राज्य के पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश हुई। इस दौरान कुछ हिस्सों में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि दर्ज की गयी। ओलावृष्टि राज्य के पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले में हुई। वहीं सबसे अधिक बारिश 42.4 एमएम मांडर में दर्ज की गयी। इसके साथ ही गढ़वा में 10.2, खूंटी में 35 , गुमला में 24, सिमडेगा में 16.5, किरीबुरू और लोहरदगा में 6.5 एमएम बारिश दर्ज की गयी।

इसके साथ ही छिटपुट बारिश पशिचमी सिंहभूम, रामगढ़, बोकारो और हजारीबाग में दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 29 फरवरी और 1 मार्च को राज्य का मौसम साफ रहेगा। वहीं 2 से 4 मार्च तक राज्य के उत्तर पश्चिमी और मध्य हिस्से में बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ हिस्सों में थंडरिंग के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। तापमान की जानकारी देते हुए केंद्र ने बताया कि 1 मार्च से न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी, जो तीन डिग्री तक की होगी। राजधानी रांची की बात करें तो 29 फरवरी और 1 मार्च को राजधानी का मौसम साफ रहेगा। 2 मार्च को राज्य में आंशिक बादल छाये रहेंगे। 2 से 3 मार्च तक राजधानी में बारिश होगी।

# रांची में बाल न्यूरोलॉजी पर विशेष ओपीडी का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आर्किड मेडिकल सेंटर स्पेशल ओ.पी.डी का आयोजन किया गया। इस ओ पी डि में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में फोर्टिस अस्पताल, गुड़गांव के वरिष्ठ बाल न्यूरोलॉजिस्ट सलाहकार डॉ राकेश कुमार जैन उपस्थित थे। डॉ। राकेश जैन, यूके-प्रशिक्षित 19 वर्षों से अधिक अनुभव के साथ बाल न्यूरोलॉजिस्ट हैं। वह पूर्व में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी अस्पताल में बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी में सलाहकार रह चुके। डॉ। राकेश जैन ने यूरोपीय बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी, ब्रिटिश बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी और रॉयल कॉलेज ऑफ पीडियाट्रिक एंड चाइल्ड हेल्थ जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और पत्रिकाओं में अपना शोध प्रकाशित और प्रस्तुत किया है। वह वर्तमान में फोर्टिस अस्पताल, गुड़गांव में एक वरिष्ठ बाल न्यूरोलॉजिस्ट सलाहकार हैं।आर्किड मेडिकल सेंटर में आयोजित स्पेशल ओ पी डि में बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल, ओडिशा जैसे राज्यों समेत झारखण्ड के विभिन्न जिलों जैसे गोड्डा, पलामू, गिरिडीह, गढ़वा, धनबाद, आदि क्षेत्रो से करीब 100 बच्चे इलाज के लिए पहुंचे थे। ये बच्चे आटिज्म, एडीएचडी, सेरेब्रल पाल्सी, मिर्गी, मानसिक एवं शारीरिक विकास में देरी, लकवा, बोलने में दिक्कत, आदि अन्य तरह के न्यूरो के समस्याओं से ग्रसित थे। स्पेशल ओ.पी.डी के उपरांत, उससे जुड़ी अधिक जानकारी के लिए प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस कांफ्रेंस में आर्किड अस्पताल के चीफ एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर डॉ पी के गुप्ता, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ कुमार सौरभ, एवं फोर्टिस अस्पताल, गुड़गांव के वरिष्ठ बाल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ राकेश कुमार जैन उपस्थित थे। प्रेस कांफ्रेंस के जरिये उन्होंने ने यह बताया की बच्चो में ज्यादातर बीमारियों का कारण मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल है।

## खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रहे खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग का समापन हो गया। इस लीग के समापन समारोह के अवसर पर कांके विधायक समरी लाल ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और कैश अवार्ड के चेक प्रदान किये। लीग मैचों के बीच सरोजिनी लकड़ा (आई पी एस) ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इनके साथ साथ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के असिस्टेंट डायरेक्टर राम कुमार, बी महापात्रा, विनोद कुमार, मणिकांत, किशन समनिया ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया और झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे किया गया था। ज्ञातव्य है कि महिला खिलाड़ियों के बीच वुशु खेल के विकास के लिए लीग का आयोजन किया जा रहा है। रांची मे आयोजित किये गए लीग के विजेता खिलाड़ियों को चेक प्रदान किया गया जिसकी राशि खिलाड़ियों के खाते मे सीधे भेजी जाएगी। समापन समारोह के अवसर पर कुमुद प्रसाद साहू, एस के पांडे, विभूति भूषण प्रसाद, तुषार कुमार, उदय साहू, मिथलेश साहू, ,डॉ कविता सिंह, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, चंचल भटाचार्य, वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सी इ सुहेल अहमद उपस्थित थे।

**लगाम** जिस ऑफिस को स्वास्थ्य विभाग ने दी जगह

# रिम्स प्रबंधन ने उसे हटाने का दिया आदेश

▶▶ दो बार काउंसिल को नोटिस भी भेजा जा चुका है

▶▶ फर्जी डेंटिस्ट के प्रैक्टिस पर भी लगाम लगाई जा रही है

राष्ट्रीय खबर




**रांची :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल में डेंटल कॉलेज खोला गया। स्वास्थ्य विभाग के आदेश डेंटल कालेज बिल्डिंग में ही डेंटल काउंसिल के ऑफिस के लिए जगह उपलब्ध करा दी गई। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इसका उद्घाटन भी किया और ऑफिस में काम शुरू हो गया। जहां राज्यभर से डेंटिस्ट अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पहुंचते है। वहीं फर्जी डेंटिस्ट के प्रैक्टिस पर भी लगाम लगाई जा रही है। अब रिम्स प्रबंधन ने डेंटल काउंसिल को ऑफिस खाली करने का आदेश जारी किया है। दो बार काउंसिल को नोटिस भी भेजा जा चुका है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग और रिम्स प्रबंधन के बीच काउंसिल के अधिकारी पिस रहे है।

वहीं अधिकारियों को यह समझ नहीं आ रहा कि क्या करे।पांच साल पहले 2018 में डेंटल काउंसिल झारखंड का गठन किया गया था। इसके बाद से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे डेंटल क्लिनिकों पर कार्रवाई भी की जा रही है। ऑफिस के रिम्स में स्थापना के बाद काउंसिल की ओर से नोटिस जारी किया गया था। जिसमें कहा गया था कि कोई डेंटिस्ट बिना रजिस्ट्रेशन के अपना क्लिनिक चला रहा है तो डेंटल काउंसिल की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर या पोस्टल अड्रेस पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। फर्जी डेंटिस्ट के खिलाफ जांच करने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, शिकायत दर्ज कराने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव ने काउंसिल की वेबसाइट भी लांच की थी।

### एस एस मेमोरियल कॉलेज के समक्ष युवा चौपाल

**रांची** : भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ट रांची महानगर कि ओर से कांके रोड स्थित एस एस मेमोरियल कॉलेज के समक्ष ₹युवा चौपाल ₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। भाजयुमो कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो महिला, किसान,गरीब, युवाओं सभी के कल्याण के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि हम सब युवाओं के प्रति भी सरकार किसी भेद भाव के बिना काम कर रही है। हम सभी को फिर से केंद्र में भाजपा सरकार बनाने की जरूरत है । डबल इंजन की सरकार से राज्य और केंद्र सरकार भी मजबूत होगा। इसलिए ₹मोदी की गारंटी₹ को याद रखते हुए हम सभी लोगों को फिर से भाजपा की सरकार लाने की जरूरत है।

## न्यूज फटाफट

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर छात्र संगठन चलाएंगे ट्विटर पर अभियान

**रांची:** जेएसएससी के माध्यम से आगामी समस्त परीक्षाओं को कदाचार मुक्त , सीजीएल परीक्षा में हुई पेपर लीक की सीबीआई जांच और समय पर परीक्षा कराने की मांग को लेकर झारखंड के समस्त छात्र और शिक्षकगण एक बार फिर से आर पार के मूड में आ गए है। इसी क्रम में छात्रों ने सरकार और जेएसएससी को एक चेतावनी संदेश के रूप में दिनाक 29 फरवरी को वृहद ट्विटर अभियान रखा है। यह ट्विटर अभियान 29 फरवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चलेगा। जिसमें झारखंड के समस्त छात्र और शिक्षकगण शामिल होंगे .छात्रों और शिक्षक का कहना है की इस ट्विटर अभियान का सिर्फ एक मकसद है की सरकार और आयोग जल्द से जल्द सारी परीक्षाओं की तिथि प्रकाशित करे, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई पेपर लीक की सीबीआई जांच का आदेश दे, साथ ही साथ एक साफ सुथरी एजेंसी के माध्यम से परीक्षा का आयोजन यथाशीघ्र करायीजाये। अगर सरकार ऐसा करने में विफल होती है तो बहुत जल्द समस्त छात्र एक राज्यव्यापी बहुत बड़ा छात्र आंदोलन चलाएंगे।

### एक अप्रैल से बदलेगा नेशनल पेंशन सिस्टम

**रांची:** एक अप्रैल से बदलेगा नेशनल पेंशन सिस्टम, एनपीएस खाते का आधार वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। पीएफआरडीए के मुताबिक,केंद्र और राज्य सरकारों के एनपीएस लेनदेन के लिए केंद्रीय अभिलेखापाल अभिकरण सीआरए की वेबसाइट का उपयोग करने के लिए पासवर्ड लॉग-इन का उपयोग किया जाता है। सीआरए प्रणाली का उपयोग करने में सुरक्षा उपायों को और सुरक्षित करने और अभिदाताओं व हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सीआरए प्रणाली में आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से एक अतिरिक्त सुरक्षा सुविधा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। आधार आधारित लॉगिन प्रमाणीकरण के लिए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड आधारित प्रक्रिया के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि सीआरए प्रणाली को टू-फैक्टर प्रमाणीकरण के माध्यम से सुलभ बनाया जा सके। सीआरए सिस्टम में अब टू-फैक्टर ऑथेंटिफिकेशन के बाद ही लॉगइन होगा। जारी सर्कुलर में कहा गया है कि आधार आधारित लॉग-इन प्रमाणीकरण प्रक्रिया में लॉग-इन संरचना को सशक्त करने के लिए एक सक्रिय कदम है। सभी एनपीएस गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के मकसद से डिजाइन की गई है। इन उन्नत सुविधाओं के साथ लॉग-इन संरचना की नई प्रणाली का विकास वर्तमान में सीआरए द्वारा जारी है। नई लॉग-इन प्रक्रिया, एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। सभी सीआरए द्वारा सरकारी नोडल कार्यालयों को प्रक्रिया प्रवाह प्रोसेस फ्लो के साथ साथ एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी प्रदान की जाएगी। इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर नोडल अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि उन्हें इन बदलावों के बारे में जागरूक किया जा सके।

### झारखंड और बिहार पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर रोक की बनायी रणनीति

**रांची:** झारखंड व बिहार पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री रोकने के स्ट्रैटेजी बनायी है। बुधवार को बिहार के गया जिला की पुलिस और झारखंड के हजारीबाग, पलामू,चतरा और कोडरमा जिला के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। इस बैठक में शराब माफियाओं और तस्करों की लिस्ट आदान प्रदान हुई। साथ ही कार्रवाई के लिए रणनीति बनाई गई। दूसरी ओर चेकिंग के लिए बॉर्डर पर चेकनाका की तैयार पर भी चर्चा की गयी, ताकि वहां पर लगातार वाहनों की चेकिंग की जा सके।

### मंत्रियों के बंगलों को आलीशान बनाने के लिए 45 करोड़ रुपये का किया गया प्रावधान

**रांची:** ग्रीनफील्ड रांची स्मार्ट सिटी के एरिया में चिन्हित प्लॉट संख्या 1 में बन रहे 11 कैबिनेट मंत्रियों के आवास को पूरा करने के लिए और 45 करोड़ से अधिक की राशि की आवश्यकता पड़ गयी है। नगर विकास विभाग ने इसके रिवाइज प्लान 114.47 करोड़ की लागत की मंजूरी प्रदान कर दी है। पूर्व में इसकी प्रशासनिक स्वीकृति 69.90 करोड़ थी। इसके आलोक में टेंडर जारी हुआ था। काम लेनेवाली कंपनी मेसर्स केएमवी प्रोजेक्ट लि। के साथ 72.35 करोड़ की लागत से एकरारनामा किया गया। लेकिन 27 मार्च 2023 को हेमंत सोरेन ने इसके कार्यो का निरीक्षण किया था। पूर्व सीएम ने इसके बाद समीक्षा की और प्रत्येक आवास में मॉड्यूलर किचन, लिफ्ट आदि का प्रावधान करने के साथ-साथ योजना क्रियान्वयन के संबंध में कई निर्देश दिये थे। इसके बाद नगर विकास विभाग ने इसका नये सिरे से रिवाइज एस्टीमेट तैयार कर योजना की स्वीकृति दी है। बता दें कि इस योजना के तहत आवासीय भवनों को दो भागों में बांटा गया है जिसमें एक भाग आवासीय ब्लॉक एवं दूसरा भाग एनेक्जर ब्लॉक है। आवासी भवनों की संरचना जी प्लस 1 है, जिसमें बॉलकोनी एवं ओपेन टेरेस प्रस्तावित है। एनेक्जर ब्लॉक में ऑफिस, सर्वेंट क्वार्टर, गैरेज प्रस्तावित हैं। इस पूरे एरिया में बिजली-पेयजल आपूर्ति के सिस्टम, इनर रोड, क्लब हाउस, केबल वर्क सहित अन्य किये जायेंगे।

### प्रमुख के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**रांची:** ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। मंगलवार को एसडओ कार्यालय रांची में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग होना था लेकिन वोटिंग के लिए कोरम ही पूरा नहीं हो सका। ओरमांझी प्रखंड में कुल उन्नीस पंचायत समिति सदस्य हैं। साथ ही दो लोकसभा सदस्य व एक विधायक को भी वोटिंग का अधिकार होता है। कोरम के लिए कुल सोलह सदस्यों का सशरीर उपस्थित होना आवश्यक था लेकिन मात्र ग्यारह ही पहुंच पाए। अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए जिन सत्रह सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे उसमे भी छह सदस्य नहीं पहुंचे। स्थिति वोटिंग तक पहुंचा ही नहीं। अनुपमा देवी की कुर्सी विपक्षी हिला भी नहीं पाए। जानकारी के अनुसार यह गेम बीजेपी व कांग्रेस के बीच हो गया था। अनुपमा देवी जिस समय प्रमुख बनी उस समय कांग्रेसियों ने साथ दिया लेकिन जीत के कुछ महीनों के बाद ही अनुपमा ने बीजेपी जॉइन कर ली। इसके बाद ही अनुपमा की कुर्सी खीचने की कवायद आरम्भ हो गई थी। अविश्वास प्रस्ताव गिरने की समाचार मिलते ही प्रमुख अनुपमा देवी के समर्थकों ने ब्लॉक चौक ओरमांझी, चुटुपालू व कई जगहों पर आतिशबाजी कर खुशियां मनाई व मिठाई बांटे।

### शंकर घाट मंदिर में चार दिवसीय महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

**रांची:** ओरमांझी स्थित शंकर घाट में बुधवार को माँ संतोषी प्राणप्रतिष्ठा सह हनुमान मंदिर मि चार वार्षिक महोत्सव को लेकर सिलदीरी व आसपास के ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष ने भाग लिया। यात्रा शंकर घाट से आरंभ होकर गांव का मंडप होते हुए डोम्बा नदी से जल उठाया। फिर सभी शंकर घाट लौट गए। यह महोत्सव चार दिनों तक अनवरत चलेगा, पूरा क्षेत्र भक्तिमय गानों से गूंज रहा है।यज्ञकर्ता अयोध्या के सूर्यकांत त्रिपाठी जी महाराज हैं। वहीं चार दिनों तक कई आचार्य प्रतिदिन प्रवचन से लोगों को आनंदित करेंगे। एक मार्च को शंकर घाट में महाभण्डारा व महाआरती होगा। बुधवार को कलश यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व प्रभारी प्रमुख जयगोविंद साहू,रणधीर चौधरी, सत्यनारायण तिवारी, श्यामकिशोर महतो, शंभु तिवारी, बिट्टू तिवारी, बिनोद सिंह, रामदास साहु व नरेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**पाकुड़ :** हाल ही रांची में सम्पन्न हुए झारखंड होमगार्ड एवम अग्निशमन खेल-कूद प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले के होमगार्ड के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा सभी विजेता जवानों को माला पहनाकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने हेतू प्रोत्साहित किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### चुनाव जीतूंगा तो नही लूंगा सरकारी सुविधा:देव

**बेरमो / तेनुघाट कोर्ट :** सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय मंत्री मृणाल कांति देव ने तेनुघाट में प्रेसवार्ता कर कहा है कि झारखंड में होने वाले आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी पूरी तरह से तैयार है।कहा कि अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को सरकारी मान्यता के लिए एक एकड़ भूमि की मंजूरी की जायेगी, साथ ही जिन बालिका विद्यालयों में कम से कम 50 छात्राएं भी अध्ययनरत रहेंगी, उन विद्यालयों को भी सरकारी मान्यता दी जायेगी। इसके अलावा उन्होंने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कहा है कि अगर वे लोकसभा और विधानसभा का चुनाव जीतते है तो वे कभी सरकारी वेतन और पेंशन नही लेंगे,न ही वे सरकारी आवास में जाएंगे। उन्होंने कहा है कि सरकारी चिकित्सा भत्ता,टीए-डीए और सरकारी अंगरक्षक भी नही लेंगे। उन्होंने कहा है कि सोशलिस्ट पार्टी लोहिया गरीबों की पार्टी है, इसलिए वह गरीबों के दुखों को भलीभांति समझते हैं। पार्टी गरीबों के लिए कई तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा करते रहती है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### छेड़खानी के फरार आरोपित को घर से गिरफ्तार कर भेजा जेल

**महेशपुर (पाकुड़):** रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बीते देर रात लंबित कांड के छेड़खानी के फरार आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिरकिट्टी गांव निवासी तबानूल शेख को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। नामजद आरोपित के खिलाफ बीते वर्ष 2023 को छेड़खानी का मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर मंगलवार सुबह स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पाकुड़ जेल भेज दिया गया।

### आग लगने से पीतांबरा गांव के तीन घर स्वाहा

**पाकुड़ :** पीतांबरा गांव में उस समय अफरा तफरी हाहाकार मच गई जब सदर प्रखंड के जमशेरपुर पंचायत अंतर्गत पीतांबरा गांव के सफीकुल शेख, दौलत शेख, रफीदा बेबा एवंएखालिदा खातून का घर में सुबह लगभग 7:30 बजे अचानक आग की बड़ी-बड़ी लफ्ट दिखाई देने लगी। इससे पहले की कोई कुछ समझ पाता घर के लोग चीख पुकार शुरू कर दिए। आसपास के लोगों ने बचाव का बहुत प्रयास किया पर अगलगी में सभी का घर जल कर बुरी तरह से जल गया। आग लग जाने से लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। हालांकि किसी भी तरह की किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चला है। खबर मिलते ही भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू घटना स्थल पर पहुंचकर अग्निकांड में पीड़ित परिवारों से मिले एवं उनका दुख दर्द साझा किया।

---

**आंदोलन**

### प्रबंधन की बेरुखी के खिलाफ सड़को पर उतरे लोग

# मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया चक्का जाम

- अभी भी क्षेत्र की महिला, पुरुष रोजगार से वंचित हैं
- जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा
- तब तक आंदोलन जारी रहेगा



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** कांग्रेस, प्रशासन, लोकल सेल सिरका प्रभारियों के त्रिस्तरीय वार्ता विफल होने के बाद मंगलवार को कांग्रेस समर्थकों ने पार्टी के जिला महासचिव समसूद खान के नेतृत्व में सिरका कोलियरी के लोकल सेल के कांटा घर के समीप बैठकर चक्का जाम आंदोलन शुरू कर किया। इस अवसर पर कांग्रेस समर्थकों ने प्रबंधन व प्रशासन, सेल समिति की रवैया को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में नेतृत्वकर्ता कांग्रेस महासचिव समसूद खान ने कहा कि युवाओं के बेरोजगारी, हक अधिकार और क्षेत्र के विकास मुद्दों को लेकर कांग्रेस के द्वारा 6 सूत्री मांग पत्र सिरका प्रबंधन को सौपा गया था। लेकिन सेल संचालन समिति के द्वारा दबंगई दिखाते हुए एकतरफा फैसला लिया गया। अभी भी क्षेत्र की महिला, पुरुष रोजगार से वंचित हैं, कांग्रेस के मांगों पर प्रशासन वार्ता में तो बुलाता है, लेकिन जो मांग है उस पर सहमति नहीं बनती है, जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा।तब तक अनिश्चितकालीन सिरका सेल का चक्का जाम आंदोलन जारी रहेगा। इधर लोकल सेल सिरका का कार्य बाधित करने की सूचना पर प्रबंधन की ओर से सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, अरगड्डा एसओपी एमएफ हक, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, सुरक्षा विभाग के इंचार्ज राजू राम उक्त स्थल पर पहुंच गए।लेकिन आंदोलनकारी कांग्रेस समर्थकों के साथ इनकी वार्ता सफल नहीं हुई।

इस संबंध में सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा से पूछे जाने पर बताया कि प्रबंधन के अंदर सेल संचालन की कोई व्यवस्था नहीं है।उक्त बातें कहकर उन्होंने अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि दूसरी ओर अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरियो में सीसीएल प्रबंधन संचालन समिति के माध्यम से ही लोकल सेल का कार्य करता है। यहां व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। जबकि सिरका में प्रबंधन की आनाकानी नीति को साफ देखा जा सकता है। जो कंपनी के लोक कल्याण की स्थिति को ठेंगा दिखाने का कार्य करता नजर आता है। वही लोकल सेल सिरका ट्रक लोडिंग में आए ड्राइवर कन्हैया ने बताया कि चार दिनों से सिरका कोयला लोडिंग के लिए आए हुए हैं। लेकिन बेहतर कोयला नहीं मिलने के कारण गाड़ी लेकर खड़े हैं।यहां पानी तक की सुविधा नहीं है।जबकि आंदोलन के बाद कोयला लोडिंग कब शुरू होगा और कब आजमगढ़ युपी जाना होगा, उसका भी पता नहीं। मौके पर आंदोलनकारी में कांग्रेस महासचिव समसूद खान, सिकंदर मुंडा, ललन राम, सूरज कुमार, शत्रुधन विश्वकर्मा, बबलू राम, एल. टोपनो, राहुल सिंह, घनश्याम, इंदू देवी, बसंती देवी, पिंकी देवी, तनुजा खातून, बिमला देवी समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

---

### पीडीएस डीलर कर रहे अनाज की कालाबाजारी

## समय पर नहीं मिल रहा है लाभुकों को अनाज



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा धड़ल्ले से अनाज की कालाबाजारी की जा रही है। लाभूकों को कई बार दौड़ने के बावजूद समय पर अनाज नही मिल पा रहा है। लिहाजा लाभुक आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में दिखलाई पड़ रहे हैं।डीलर के द्वारा सिर्फ लाभुकों का फिंगर प्रिंट्स लेकर कोरम पूरा कर रहे हैं।लाभुक महादेव मांझी, रामकुमार मांझी, करमा सोरेन तथा सुरेंद्र करमाली ने बताया कि इधर विगत कुछ माह से डीलर मनमानी ढंग से अनाज वितरण करता है। जनवरी माह का अनाज उसी माह में आवंटित की जानी है परंतु फरवरी माह में भी अभी तक लाभुकों को अनाज सही रूप से नही मिल पाया है। जिससे लाभुकों में आक्रोश व्याप्त है।और अब यह फूटने की कगार पर है।पीडीएस डीलर शिवनारायण मांझी तथा संचालक जीतन मांझी की देखरेख में चल रही है।इस संबंध में संचालक से पूछे जाने पर चुप्पी साध ली। क्या कहते है प्रभारी एमओ: डाड़ी प्रखंड के प्रभारी एमओ देवेंद्र कुमार से दूरभाष पर बात करने के दौरान कहा कि रबोध में डीलर द्वारा अनाज की कालाबाजारी करने का मामला संज्ञान में नहीं आया है,लेकिन जांच के उपरांत इस पर कार्रवाई की जाएगी।

---

### शकील इलेवन ने यूथ स्पोर्टिंग परेज टीम को 47 रन से शिकस्त देकर कप पर जमाया कब्जा

## जीत हार खेल का अहम हिस्सा, हार से सीखने की जरूरत : चंद्रप्रकाश



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** जीवन में शिक्षा और खेल दोनों जरूरी है। शिक्षा से जहां आप अच्छे समाज और देश का निर्माण कर सकते हैं। वहीं खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। उक्त बातें मंगलवार को युवा स्पोर्टिंग क्लब परेज के तत्वावधान में आयोजित स्व. मांडे गंझू एवं स्व. अरुण सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन के मौके पर परेज ग्राउंड (मांडू) में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कही। मौके पर विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय महासचिव उमेश सिंह भोगता, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मुख्य संरक्षक सह प्रमुख मांडू चंद्रमणि देवी, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो, जिप सदस्य भोला तुरी, वेस्ट बोकारो थाना प्रभारी सदानंद कुमार, लइयो उत्तरी पंचायत मुखिया मदन महतो आदि लोग मुख्य रुप से उपस्थित थे। अतिथियों ने सबसे पहले मांडे गंझू एवं स्व. अरुण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने दीप प्रज्वलित करके फाइनल मैच का शुभारंभ किया। समिति के सदस्यों ने अतिथियों को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शकील इलेवन और यूथ स्पोर्टिंग परेज टीम के बीच खेला गया। जिसमें शकील इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 9 विकेट खोकर 132 रनो का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ स्पोर्टिंग परेज की टीम ने दस ओवर में 7 विकेट खोकर 84 रन ही बना सकी। निर्णायक मैच में शकील इलेवन ने यूथ स्पोर्टिंग परेज टीम को 47 रन से शिकस्त देकर कप पर कब्जा जमाया। अतिथियों ने विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद और एक बड़ा कप तथा उप विजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद और एक छोटा कप पुरस्कार के रूप में दिया। टूनार्मेंट को सफल बनाने में कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह पालीवार, संयोजक सन्नी कुमार सिंह, सचिव संजय गंझू, कोषाध्यक्ष अमित गंझू आदि मौजूद थे।

---

## गोमिया में शुरू हुई लोकतंत्र बचाओ यात्रा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो/ललपनिया:** 2024 की लोकतंत्र बचाओ 2 दिवसीय यात्रा मंगलवार को गिरिडीह लोकसभा अन्तर्गत गोमिया विधान सभा क्षेत्र के ललपनिया के बिरसा मुंडा चौक शुरू हुई। यहां यात्रा की पहली ग्राम संवाद सभा खीराबेड़ा गाँव में हुई।इस गाँव में कुछ युवाओं ने सरकार की रोजगार देने में असफलता पर भी नाराजगी जाहिर की। इसके बाद यह यात्रा फुटकाडीह,पुन्नू, महुआटांड़, हरिदगढ़ा, धवैया, कांडेर, बरैया,चगडी,खखंडा,लावालौंग,तिलैया,डाकासाडाम, मुरपा चोरगांवा, अम्बाडीह आदि गाँवों से पर्चा वितरण करते हुए और जनसभाओं का आयोजन करते हुए गुजरी। इस यात्रा में दिनेश मुर्मु,सुखराम हांसदा,शिवचरण मुर्मु,सुशील मांझी, हीरालाल टुडु, चन्द्रदेव हेम्ब्रम, प्रवीर पीटर, मंथन, टोनी के अलावा और कई लोग शामिल रहे। वक्ताओं ने केन्द्र मोदी सरकार के दस साल के शासन की तीखी आलोचना की। कहा भाजपा हराओ, मोदी हटाओ का स्पष्ट आह्वान था।मोदी सरकार को अबतक का सबसे भ्रष्ट और फिजूलखर्च सरकार करार दिया गया।

इलेक्शन बांड,पीएम केयर फंड सरकारी व्यावसायिक संस्थानों का अडाणी -अंबानी के हाथों केन्द्रित निजीकरण,सारे दलों के आरोपी भ्रष्ट नेताओं का भाजपा में स्वागत और संरक्षण को इस भ्रष्टाचार का अकाट्य प्रमाण बताया गया। हर व्यक्ति को 15-15 लाख का वादा, हर साल दो करोड़ रोजगार देने के एलान का हवाला देते हुए वक्ताओं ने कहाकि मोदी सरकार झूठ और धोखे की सरकार है।

## भगत सिंह युवा सेना ने साड़म में लगाया रक्तदान शिविर

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया:** गोमिया प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साड़म में भगतसिंह युवा सेना के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में सीआरपीएफ 154 डी बटालियन के कई जवान सहित कुल 39 लोगों ने अपने रक्त का दान किया। इस अवसर पर गोमिया के अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस संबंध में भगतसिंह युवा सेना के सौरव पांडेय ने बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर आज के दिन लगातार तीसरे वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि रक्त का संग्रह करने के लिए केएम मेमोरियल अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर बोकारो के विशेषज्ञ टीम आई थी। इस शिविर में 39 रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया है। उन्हें भगतसिंह युवा सेना के द्वारा स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है।साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही होता है। रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है, बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है।

---

**सम्मेलन**

### बीजेपी ने केन्द्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां

# मोदी सरकार का कार्यकाल बेमिसाल:रविंद्र

- कोरोनाकाल में जिस तरह से देश के मोदी ने काम किया उसे हमेशा याद रखा जाएगा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** केन्द्र में मोदी सरकार के उपलब्धि गिनाने में जुटी झारखंड बीजेपी इन दिनों कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। बुधवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी मकोली स्थित ऑफिसर्स क्लब में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। लाभार्थी कार्यशाला को संबोधित करते हुए 16 वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक मार्च को धनबाद आगमन को लेकर फुसरो मंडल अध्यक्ष व महामंत्री से एक मार्च को अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं के साथ आम जनमानस को धनबाद ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया गया। कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए हम सभी को मिलकर व्यापक जनसंपर्क करना होगा।मोदी सरकार के कार्यकाल को बेमिसाल बताते हुए कहा कि कोरोनाकाल में जिस तरह से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने काम किया उसे हमेशा याद रखा जाएगा। गरीब महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना हो या आयुष्मान योजना के जरिए लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना केन्द्र सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव के लिए वैक्सीनेशन का महाअभियान चलाकर मोदी सरकार ने ना केवल आम लोगों की जिंदगी बचाने की कोशिश की बल्कि इसकी सराहना दुनियां भर में की गई और इससे प्रेरित होकर दुनियां के देशों ने हमारे वैक्सीन को अपनाया। लाभुकों के साथ सेल्फी फोटो लेना है। मोबाइल मिस कॉल करना है। नमो ऐप और सरल ऐप डाउनलोड करना है। कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से एक बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस मौके पर पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल और पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धि गिनाई। भाजपा फुसरो मंडल द्वारा आयोजित लाभार्थी सम्मेलन की शुरूआत पारंपरिक रुप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक टुनटुन तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यकताओं से 2024 के चुनाव तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम और बिनोद महतो, जिलामंत्री विक्रम पांडेय व जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह,भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह,भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ,मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री टुनटुन तिवारी व रमेश स्वर्णकार, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित सिंह, नवल किशोर सिंह, वैभव चौरसिया, भरत वर्मा, विनय सिंह,घनेशवर महतो, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र गिरि, अंजनी सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

---

### केबी कॉलेज में विज्ञान वरदान या अभिशाप विषय पर सेमिनार आयोजित



**बेरमो /जारंगडीह :** बुधवार को वेल्फेयर कमिटी एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान वरदान या अभिशाप विषय पर सेमिनार का आयोजन प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतशास्त्र सभागार मे दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया गया। मुख्य अतिथि आकाश कुमार सिन्हा , गणितज्ञ सह प्राचार्य डी ए वी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टी टी पी एस ललपनिया ने कहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मे वैज्ञानिको को याद करने का दिन है, इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। हमारे जीवन को आसान व बेहतर बनाने मे विज्ञान का बहुत बड़ा योगदान है। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा विज्ञान मानवतावाद को स्थापित करता है। विज्ञान के योगदानों को याद करने के लिए प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। वेल्फेयर कमिटी कॉर्डिनेटर डा प्रभाकर कुमार ने कहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों का विज्ञान के प्रति जागरूकता लानी है कि केसे मानव कल्याण मे विज्ञान अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। आई क्यू ए सी कोऑर्डिटर डा अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा आने वाले युवाओं को विज्ञान मे कैरियर बनाने की प्रेरणा मिलें व वे विज्ञान को भविष्य मे रोजगारपरक बना पाएं। डा साजन भारती ने कहा विज्ञान के बिना मानवीय प्रगति संभव नहीं है, प्राकृतिक एवम अप्राकृतिक हर कार्य के पीछे विज्ञान है। मानवता की भलाई के लिए विज्ञान का उपयोग है। अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे। इस सेमिनार मे दो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिनमें निबंध और क्विज प्रतियोगिता आयोजित थे।

### महा शिवरात्रि पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**बेरमो /कथारा :** कथारा ओ०पी मे नवनियुक्त थाना प्रभारी जीतेश कुमार के दिशानिर्देशन में 27 फरवरी, मंगलवार की संध्या क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों के साथ परिचयात्मक सह शिवरात्रि महापर्व के सुअवसर पर शांति बनाए रखने को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ओ पी प्रभारी जीतेश कुमार ने की। बैठक के दौरान ओ पी प्रभारी ने क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के बीच परिचय के साथ साथ महा शिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में बनाने के लिए उपस्थित जनों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में नये प्रभारी ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों से हर स्तर पर सभी तरह से सहयोग की अपेक्षा की। इसके लिए उन्होंने सभी तरह के जन समस्याओं को आपसी तालमेल बनाते हुए ओपी पुलिस द्वारा पहल करवाने का आश्वासन दिया। वहीं महाशिवरात्रि पर्व पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों का हर पर्व-त्योहारों में थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण माहौल का इतिहास रहा है। इस तरह आगे भी लोगों को स्थानीय पुलिस का सहयोग मिलता रहेगा।मौके पर उपरोक्त के अलावे के अलावे थाना के एसआई रवि कुमार चौरसिया,एएसआई के एन पाठक, संतोष सरदार,पंसस दुलारी देवी,चंद्रदेव यादव,सतेन्द्र दास,शमसुल हक,रामचंद्र यादव,विजय यादव,राजेश कुमार पांडेय, शराफत हुसैन,प्रमोद कुमार,गोबिंद यादव,कलीम अंसारी,मो मुश्ताक,हासिम अंसारी,जाबिर आलम,बिनोद यादव, घनश्याम यादव,बबलू यादव,मो मुर्शिद अलि ,मुर्शिद अंसारी , पिंटू कुमार,इंद्रजीत पासवान,शांति देवी,सुमित्रा देवी, गंगा साव,कयामुद्दीन अंसारी, बेलाल अहमद आदि सहित अन्यान्य लोग उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद लोगों के बीच हुआ कंबल का वितरण



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** गोमिया प्रखंड के पचमो पंचायत के हुरदाग गांव में सीसीएल हजारीबाग सीएसआर मद से असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच 60 कंबल का वितरण किया गया। मौके केबीपी ओसीपी के परियोजना पदाधिकारी राजीव, उपप्रबंधक आदर्श सहाय, डोमन महतो, सकल देव महतो, सीताराम महतो, अर्जुन रजवार आदि लोग मौजूद थे।

### झारखंड सरकार का बजट संतुलित व विकासोन्मुख है :काशीनाथ केवट

**बेरमो :** चंपई सोरेन सरकार द्वारा मंगलवार को विधानसभा में पेश किये गए बजट पर विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने इसे एक संतुलित बजट कहा है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा चिकित्सा पर ध्यान दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में इस बजट में चार महिला कॉलेज समेत 19 नये डिग्री कॉलेज खोलने तथा राँची में मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रावधान किया गया है तथा राज्य के हजारों स्कूलों को आदर्श विद्यालय के तौर पर विकसित करने का भी संकल्प है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों का 2 लाख रुपए तक का ऋण माफ करना बड़ी उपलब्धि है। बजट में रोजगार सृजन की बातें भी निहित्त है। राज्य में राशन कार्डधारियों को चावल दाल के साथ अब सोयाबीन-बड़ी देने का एलान किया गया है। जबकि अबूआ आवास योजना के लिए 4831 करोड़ 83 लाख रुपए का बजट रखा गया है। ग्रामीण विकास के लिए भी 11316 करोड 7 लाख का बजट रखना बड़ी बात है। इसप्रकार यह संतुलित बजट है। उन्होंने चंपई सोरेन सरकार से मांग की है कि राज्य में रोजगार सृजन के मद्देनजर लघु उधोगों का जाल बिछाने के सवाल को बजट में शामिल करें।

### फुसरो में बिंकी दा का भव्य स्वागत किया गया

**बेरमो :** फुसरो निर्मल महतो चौक समीप मंगलवाल की सुबह ठाकुर अनुकूल चंद्र परिवार के परपोता पूजनीय बिंकी दा का स्वागत ऋतिक राधेश्याम सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, सुमित सिंह, नेमीचंद गोयल के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर और माला पहनाकर किया गया। वे देवघर से रांची ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के मंदिर निर्माण का निरीक्षण करने जा रहे थे। यहां बिंकी दा ने कहा कि किसी जगह को चयनित करें, जहां सभी एक जगह इकट्ठा हो सके, एक साथ बैठ के प्रार्थना कर सके, सुबह शाम सत्संग कर सके। इससे वहां धीरे धीरे एक अपना मंदिर हो जायेगा। ठाकुर जी से जुड़ने के लिए प्रेरित करना ये हमारा कर्तव्य है और प्रत्येक लोग का कर्तव्य है, इस कार्य में आज सभी जगहों पर माताए सबसे ज्यादा तत्पर है। दल बना कर घर घर में जा रहे हैं। इससे प्रत्येक के जीवन शैली में सुधार होता है। अपना जीवन चलना, अपना घर अपना परिवार सब लेकर समृद्ध होने का यही एक उपाय है। कहा कि ठाकुर जी बताएं रास्ते पर चलना पड़ेगा सिर्फ दीक्षा लेने से कुछ नहीं होगा।

## संपादकीय

# यह अंतरात्मा की आवाज कैसे आती है

दल के निर्देश के खिलाफ वोट करने वाले हर विधायक का तर्क होता है कि उसने अंतरात्मा की आवाज पर फैसला लिया है। इसलिए यह स्वाभाविक प्रश्न होता है कि जिनके वोट से वह चुनकर आते हैं, उनके मामलों में यह अंतरात्मा की आवाज क्यों नहीं आती है। भले ही उत्तरप्रदेश और हिमाचल में क्रॉस वोटिंग से इंडिया गठबंधन को सीटों का नुकसान हुआ है पर कमसे कम यह तो लोकसभा चुनाव के पहले ही साफ हो गया कि किसकी सोच कैसी है। चुनाव के बाद समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव का कहना है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को जाना होगा। राज्य विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने पार्टी छोड़ दी, यह झटका तब लगा जब एक दिन बाद वह और सात अन्य विधायक अखिलेश यादव द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 27 फरवरी को अपने विधायकों को चेतावनी दी कि राज्यसभा चुनाव में किसी भी तरह की



क्रॉस वोटिंग पर कार्रवाई की जाएगी। चुनाव के लिए मतदान जारी रहने के दौरान पार्टी के मुख्य सचेतक के पद छोड़ने के बाद समाजवादी पार्टी के विधायकों के बीच क्रॉस वोटिंग की चर्चा थी। राज्य विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने पार्टी छोड़ दी, यह झटका तब लगा जब एक दिन बाद वह और सात अन्य विधायक श्री यादव द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए, जिससे 10 राज्यसभा के लिए मतदान के दौरान कुछ सपा विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग के बारे में चिंता जताई गई। श्री यादव ने अपना वोट डालने से पहले विधानसभा में संवाददाताओं से कहा, जो लोग स्थिति से लाभ लेना चाहते थे वे जाएंगे। जिन्हें भाजपा द्वारा आश्वासन दिया गया था वे जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा, भाजपा चुनाव जीतने के लिए सभी हथकंडे अपना सकती है। उसने कुछ विधायकों को कुछ लाभ का आश्वासन दिया होगा। भाजपा जीतने के लिए कुछ भी करेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा, जिनमें लड़ने की हिम्मत नहीं है वे जाएंगे। कुछ को अपनी सुरक्षा की चिंता रही होगी, कुछ को धमकी दी गई होगी या कुछ वादा किया गया होगा। भाजपा और सपा के पास क्रमशः सात और तीन सदस्यों को संसद के उच्च सदन में भेजने के लिए संख्या है, लेकिन भाजपा द्वारा अपने आठवें उम्मीदवार के रूप में संजय सेठ को मैदान में उतारने से, एक कड़ा मुकाबला सुनिश्चित हो गया। हमारी तीसरी सीट वास्तव में हमारे सच्चे दोस्तों की पहचान करने और यह जानने की परीक्षा थी कि कौन दिल से पीडीए के साथ है और कौन अपने अंतरात्मा में पिछड़े वर्गों, दलितों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। अब सब कुछ स्पष्ट है, यह तीसरी सीट की जीत है, श्री यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा। पीडीए लोकसभा चुनाव से पहले श्री यादव द्वारा पिछड़े, दलित और अल्पसंख्याक (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला संक्षिप्त नाम है। अब स्पष्ट है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले अधिकांश विधायक सवर्ण जाति से आते हैं और यह लोकसभा चुनाव में ओबीसी वर्ग को और अधिक एकजुट कर देगा। सत्तारूढ़ दल पर कटाक्ष करते हुए, श्री यादव ने कहा, जो लोग किसी और के रास्ते में कीलें बिछाते हैं या दूसरों के लिए गड्ढा खोदते हैं, उन्हें इसकी कीमत खुद चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, आपने देखा है कि चंडीगढ़ में सीसीटीवी कैमरों के सामने क्या हुआ। मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं जिसने संविधान को बचाया। उद्योगपति और पूर्व सपा नेता संजय सेठ 2019 में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए सात अन्य उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, पूर्व सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, पार्टी की यूपी इकाई के महासचिव अमरपाल मौर्य, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन शामिल थे। सपा ने दलित नेता रामजी लाल सुमन को तीसरे प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतारा था। उधर हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। हिमाचल में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गये। कर्नाटक में चाल उल्टी रही और एक भाजपा विधायक ने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ वोट दिया। राज्यसभा चुनाव के मौके पर ही अक्सर नेताओं के अंतरात्मा की आवाज कैसे जाग जाती है, यह बड़ा सवाल है। किसी राज्य में कब कोई पैसेवाला राज्यसभा का प्रत्याशी बनता है तब भी अंतरात्मा की आवाज ऐसे ही जाग जाती है। देश की जनता अब इस आवाज को अच्छे तरीके से सुन पा रही है। पता नहीं देश के नेता जनता के इस नये अनुभव को समझ पा रहे हैं अथवा नहीं।

# 'ट्रैक्टर' नीति पर भी दोहरा मापदंड ?



एक बार फिर देश किसान आंदोलन का सामना कर रहा है। हर बार की तरह इस बार भी किसानों ने ट्रैक्टर को ही अपना 'सारथी' चुना है। दरअसल आंदोलन के दौरान ट्रैक्टर व उससे जुड़ी ट्रॉली केवल किसानों को उनके आंदोलन स्थल तक लाने ले जाने का ही काम नहीं करता। बल्कि आंदोलन स्थल पर किसान इसे अपने चलते फिरते घरों की तरह भी इस्तेमाल करते हैं।

आंदोलन लंबा खिंचने की स्थिति में यही ट्रैक्टर और उनमें लगी ट्राली उनके अस्थाई घर और गोदाम के रूप में भी काम करती है। राशन से लेकर कपड़ा कंबल ईंधन आदि सभी सामग्री इन चलते फिरते 'डिपो ' में रखी जाती है। किसान हमेशा से ही ट्रैक्टर को अपनी खेती किसानी के सबसे मुख्य साधन के रूप में प्रयोग करता आ रहा है। इसी ट्रैक्टर से किसान अपनी फसल बाजार में पहुंचता है। खाद बीज आदि इसी पर लाद कर लाता ले जाता है। जुताई बुवाई के अलावा भी खेतों में इसके और भी कई काम होते हैं। चूँकि ट्रैक्टर किसानों व कृषि के मुख्य साधन की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार ने यातायात के कानूनों में इसके लिये अनेक अलग प्रावधान किये हैं। इसे कृषि



**निर्मल रानी**
स्तंभकार

प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है न कि यातायात के वाहन की श्रेणी में। इसीलिए इससे सम्बंधित यातायात नियमों व यातयायत शुल्क, मार्ग कर आदि में कई तरह की विशेष छूट भी दी गयी है।

बावजूद इसके कि ट्रैक्टर यातायात के वाहनों की श्रेणी में नहीं आता फिर भी क्या नेता तो क्या प्रशासन,क्या किसान तो क्या आम लोग सभी इसका उपयोग अपनी सुविधानुसार करते हैं। देश का कोई भी चुनाव बिना ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल किये संभव ही नहीं। नेताओं की चुनावी रैलियों में भीड़ इकट्ठी करने से लेकर उनके चुनावी जुलूसों की लम्बाई बढ़ाने में,चुनाव प्रचार में और अंत में मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग स्टेशन तक पहुँचाने और बाद में उनके विजय जुलूस तक में ट्रैक्टर ट्रॉली जमकर इस्तेमाल की जाती है। राजस्थान व पंजाब जैसे राज्यों में तो कई जगह ट्रैक्टर की इन्हीं ट्रॉलियों को आपस में जोड़कर बड़ी से बड़ी स्टेज बना दी जाती है जिनपर मुख्यमंत्री स्तर के नेता तक भाषण देते हैं। उस समय शायद प्रशासन अपनी आँखें मूंदे रहता है। उस समय उसे यह नहीं नजर आता कि ट्रैक्टर सिर्फ खेती का साधन है यातायात या राजनैतिक इस्तेमाल का नहीं। इसी तरह गांव के शादी ब्याह आदि किसी भी समारोह में ट्रैक्टर का इस्तेमाल परिवार के लोगों व सामानों को लाने ले जाने में खूब किया जाता है।

इसी तरह देश के अनेक राज्यों में ट्रैक्टर का प्रयोग धार्मिक समागम या तीर्थ स्थलों की यात्रा करने या वहां होने वाले समागमों में भाग लेने के लिये खुले तौर पर किया जाता है। कई धार्मिक मेले व समागम तो इतने विशाल होते हैं कि सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर विशेष बसें चलाने के बावजूद तीर्थयात्रियों का सुगम आवागमन संभव नहीं हो पाता। उस समय केवल ट्रैक्टर ट्रॉलियां ही इस अंतर को पूरा कर पाती हैं।

पंजाब व हरियाणा के होला मोहल्ला और कपाल मोचन जैसे प्रमुख मेलों की तो ट्रैक्टर ट्रॉली के इस्तेमाल के बिना कल्पना ही नहीं की जा सकती। किसान को प्रायः खुद अपनी पारिवारिक जरूरतों के लिये भी ट्रैक्टर ट्रॉली का इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन उस समय कभी भी सरकार द्वारा न तो ट्रैक्टर के चालान किये जाते हैं न ही उन्हें यातायात के कानून याद दिलाये जाते हैं।

परन्तु जब जब किसानों द्वारा इन्हीं ट्रैक्टर ट्रॉलीज का प्रयोग किसान आंदोलन में अपने आने जाने व सामान आदि रखने या इसमें विश्राम करने की गरज से किया जाता है केवल उसी समय सरकार को किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉली सम्बन्धी नियमों की याद आती है। सोचने का विषय है जो किसान नेताओं के जुलूस रैलियों से लेकर चुनाव संपन्न करने तक व धर्मस्थलों से लेकर बड़े बड़े धार्मिक व राजनैतिक समागमों में अपने इस कृषि संसाधन का प्रयोग करने के लिये लोगों को उपलब्ध करता हो वही किसान अपने कृषि किसानी के अस्तित्व की रक्षा के लिये चलाये जाने वाले आंदोलनों में इसका प्रयोग क्यों नहीं कर सकता ? पिछले दिनों हरियाणा पंजाब की सीमा पर लगते शम्भू व खनोरी बॉर्डर पर पंजाब से दिल्ली जाने वाले किसानों के काफिले को पुलिस द्वारा रोका गया। उस समय कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी घटीं। इसी दौरान पुलिस की एक उच्चाधिकारी ओर से किसानों को सम्बोधित एक वीडिओ जारी कर यही कहा गया कि उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार पुलिस किसानों को ट्रैक्टर ट्रॉलियों का इस्तेमाल मुख्य मार्ग पर यातायात के साधन के रूप में नहीं करने देगी। इसका मतलब तो साफ है कि सरकार हर जगह तो ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात नियमों की अनदेखी कर सकती है परन्तु किसान आंदोलन में किसानों को वही कानून याद दिलाये जाते है ? 'ट्रैक्टर' नीति पर अपनाये जाने वाले इस दोहरे मापदंड का मतलब साफ है कि सरकार किसानों के इस संसाधन से डरती और घबराती है ? शायद यही वजह है कि प्रशासन को सिर्फ किसान आंदोलन के समय ही ट्रैक्टर सम्बन्धी यातायात कानून आते हैं।

# हीरों का सच

**अब गतांक से आगे . . . ..**

अब तीसरे नौकर को बुलाया गया, उसने कहा, ह्लहीरे भोजपत्र से बने एक लिफाफे में थे, इसलिए मैंने उन्हें नहीं देखा।ह्व इतने में महाराजा और बाकी मंत्री पर्दे से बाहर निकल कर आ गए। उन्हें देखकर तीनों नौकर घबरा गए और समझ गए कि अलग-अलग जवाब देने से उनका झूठ पकड़ा जा चुका है। वो राजा के पैरों में गिर पड़े और बोले कि उनका कोई कसूर नहीं है, बल्कि मालिक ने ही उन्हें झूठ बोलने को कहा था, नहीं तो जान से मारने की धमकी दी थी।गवाहों की बात सुनकर महाराज ने सैनिकों को आदेश दिया कि इनके मालिक के घर की तलाशी ली जाए। तलाशी लेने पर दोनों हीरे मालिक के



घर से मिल गए। इस बेईमानी के कारण उसे 1 हजार स्वर्ण मुद्राएं नामदेव को देने का आदेश दिया गया और 20 हजार स्वर्ण मुद्रा का जुमार्ना भी लगाया गया। इस तरह तेनाली राम की होशियारी से नामदेव को न्याय मिला और वो राजा के दरबार से खुश होकर लौटा।

### कहानी से सीख

इस कहानी से हमें यही शिक्षा मिलती है कि झूठ ज्यादा समय तक छिपा नहीं रह सकता। इसलिए, कभी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। साथ ही लालच का परिणाम हमेशा बुरा ही होता है।

## नजरिया

# छात्रों को नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति

केंद्र सरकार ने 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू कर दी। इसके हिसाब से पढाई में भी शुरू हो गई किंतु छात्र पर पढ़ाई का बोझ कम नही हुआ।स्कूल के बाद भी बच्चे का तीनचार ट्यूशन पढ़ने पड़ते हैं।बस्ते का बोझ भी पहले जैसा ही है, वह भी कम नही हुआ। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। अब कक्षा एक में एडमिशन की उम्र सीमा को लेकर जारी किया गया है। केंद्र द्वारा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2020 में एनईपी लॉन्च होने के बाद से कई बार जारी किए गए अपने निदेर्शों को दोहराया है। इन निदेर्शों में कक्षा एक में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र कम से कम छह वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह का एक नोटिस पिछले साल भी जारी किया गया था.शिक्षा मंत्रालय की ओर से 15 फरवरी 2024 को जारी पत्र में कहा गया है कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जल्द ही एमडिशन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। उम्मीद है कि राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में अब ग्रेड- एक में प्रवेश के लिए आयु 6+ कर दी गई है।मार्च 2022 में केंद्र ने लोकसभा को सूचित किया था कि 14 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जैसे असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में उन बच्चों के लिए एक प्रवेश की अनुमति है, जिन्होंने छह वर्ष पूरे नहीं किए हैं।पूर्व में केंद्र ने कहा था कि एनईपी शर्त के साथ न्यूनतम आयु को संरेखित नहीं करने से विभिन्न राज्यों में शुद्ध नामांकन अनुपात की माप प्रभावित होती है। एनईपी 2020 की 5+3+3+4 स्कूल प्रणाली के अनुसार, पहले पांच वर्षों में तीन से छह वर्ष के आयु समूह के अनुरूप प्रीस्कूल के तीन वर्ष और छह से आठ वर्ष के आयु समूह के अनुरूप कक्षा 1 और 2 के दो वर्ष शामिल हैं.केंद्र ने जारी निर्देश में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कक्षा एक में दाखिले के लिए न्यूनतम उम्र सीमा छह वर्ष अपनाने को कहा है।



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ पत्रकार

**केंद्र द्वारा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2020 में एनईपी लॉन्च होने के बाद से कई बार जारी किए गए अपने निदेर्शों को दोहराया है।**

केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नही कर सकी।कई बच्चों के बस्ते का बोझ उनके खुद के वजन से ज्यादा होता है।जबकि ऐसा नही होना चाहिए ।पीठ पर बोझ लदने से बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक जाता है। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जारी कर चुके हैं। पर इस पर रोक नही लगी।छात्र को होमवर्क देना तो रोजमर्रा का काम है। इसके लिए उसे दो से तीन घंटे चाहिए।स्कूल में पांच घंटे के बाद दो से तीन घंटे उसे होम वर्क करना है। इस तरह से छोटे स्तर से ही उस पर आठ नौ घंटे पढ़ाई का बोझ रहता है।यह उम्र बच्चे के खेलने कूदने की है ताकि उसका समुचित शारीरिक और मानसिक विकास हो। हमारी पोती अमेरिका में पढती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नही दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की पुस्तकें दो घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।बाकी कुछ नही। दूसरा भारत का कितना ही मंहगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का टयूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है।

## जानकारी

# अंजुना बीच, गोवा



अंजुना बीच पर विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ भारतीय पर्यटक भी योग, रेकी, आयुर्वेदिक मालिश जैसी क्रियाकलापों का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके लिए यहां के दो स्थानीय नाम ब्राह्मणी और ओशनिक हैं। दैनिक या साप्ताहिक रूप से इनकी सेवा ली जा सकती हैं।

अंजुना बीच आने वाले पर्यटक अक्सर यहां खाने-पीने और खाना बनाने जैसे क्रियाओं को भी अंजाम देते हैं। यहां के कुछ प्रसिद्ध नाम जैसे कैफे डिओगो, बनयान सोल, होल बीन टोफू या कासा अंजुना का आनंद लें सकते हैं। जबकि नाइटलाइफ पसंद करने वाले पर्यटकों के लिए सी बार एक अच्छी जगह है।

यहां रात के वक्त सड़कों पर घूमने का भी अनुभव आप ले सकते हैं और कैली लिलिपुट में कुछ टेक्नो में डांस करके लुत्फ उठा सकते हैं। दिन के वक्त आप बर्गर शॉप, बाबा औरम्स और बेसिलिको में कुछ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठा सकते हैं।

## साइबर दुनिया

# Apple देगी Phone 17, iPhone 17 Pl42 में 120Hz प्रोमोशन डिस्प्ले

नई दिल्ली : Apple की नई रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें iPhone के प्लस और नॉन-प्रो वर्जन खरीदने वालों के लिए खास जानकारी है। इस बार, ब्रांड अपने हाई-एंड और ज्यादा बजट-फ्रेंडली आईफोन के बीच ज्यादा समानता कर रहा है। Apple, iPhone 17 और 17 Plus में 120Hz प्रोमोशन डिस्प्ले के साथ ज्यादा यूजर्स को आकर्षित करने के लिए तैयार है, यह फीचर पहले महंगे मॉडल में ही सीमित था।



आगामी iPhone 17 सीरीज में LTPO OLED पैनल मिलना बड़ा बदलाव है। ये पैनल सिर्फ स्मूथ स्क्रॉलिंग या ज्यादा डायनेमिक विजुअल ही नहीं प्रदान करेंगे। बल्कि ये ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले फंक्शन का भी सपोर्ट करेंगे। रिफ्रेश रेट को 1Hz तक एडजेस्ट करने की पैनल की कैपेसिटी से बैटरी को खत्म किए बिना जरूरी जानकारी दिखेगी।

हालांकि, यह बदलाव डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग की बड़ी कंपनी इडए के साथ साझेदारी पर निर्भर करता है। कुछ दिक्कतों और Apple द्वारा तय कठोर क्वालिटी स्टैंडर्ड के बावजूद साझेदारी 2025 तक आने की उम्मीद है। BOE की चुनौती iPhone 17 लाइनअप की डिमांड को पूरा करने के लिए प्रोडक्शन को बढ़ाने में है।

Apple का यह कदम हाई-एंड फीचर्स को ज्यादा किफायती बनाने को लेकर है, जिससे ज्यादा यूजर्स तक पहुंच होगी। हालांकि, यह साफ है कि अस्त्रत्र्ी ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, क्या ऐसा होने पर कंपनी अपने सस्ते मॉडल की कीमतें बढ़ाएगी, इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं है। उम्मीद है कि कंपनी iPhone 17 में एक बड़ा, बेहतर सेल्फी कैमरा भी प्रदान करेगी। इस साल एप्पल के लॉन्च इवेंट के वक्त ही पता चलेगा कि सटीक तौर पर Apple iPhone 17 लाइनअप में क्या मिलेगा।

## टॉप ट्वीट

"लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है।"

**प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस महासचिव





"दीपिका के यहां बहुत अच्छी क्रॉकरी है, और उनके घर का साउथ इंडियन खाना बहुत अच्छा होता है। मैं दीपिका कीबॉडी, दूसरा उनका खाना और तीसरा उनका घर चुराना चाहती हूं।"

**अनन्या पांडे**
बॉलिवुड अभिनेत्री

## संपादक के नाम पत्र

### केजरीवाल को आठवां नोटिस

सुप्रीम कोर्ट को मानने वाले केजरीवाल ईडी को नही मानते है ।ईडी सरकारी जांच एजेंसी है ।सुप्रीम कोर्ट संविधान द्वारा प्रदत्त न्यायपालिका है ।केजरीवाल चतुर राजनीतिज्ञ तो है ।लेकिन कानून की आंखों में धूल झोंकने का खेल केजरीवाल बखूबी जानते है ।उनकों मालूम है ।सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को गिरफ्तार करने की सत्ता ईडी से छीन ली है ।इसलिए ईडी के आठवें समन को रद्दी की टोकरी में डाल कर आराम फरमा रहे है ।केजरीवाल का कहना है कि ईडी के द्वारा दिए जाने वाले नोटिस भाजपा के कहने पर दिए जा रहे है ।अरविंद केजरीवाल किसी भो तरह से लोकसभा चुनाव तक इसी तरह ईडी को गुमराह करते रहेंगे ।चुनाव में केजरीवाल अपने मतदाताओं से फायदा उठा सके ।केजरीवाल ने अण्णा हजारे की अंगुली पकड़कर राजनीति में करप्शन अगेंस्ट आंदोलन छेड़ा ।अण्णा हजारे को मझधार में छोड़कर केजरीवाल बहुत आगे निकल चुके है ।कैबिनेट मंत्रियों के जेल की सलाखों के पीछे धकेल दिए जाने के बाद अब केजरीवाल को कथित शराब घोटाले में आठ नोटिस दिए जाने के बाद भी एक भी दिन ईडी के समक्ष हाजर नही हुए ।उनका कहना है कि ईडी सुप्रीम का दरवाजा खटखटाया है तो सुप्रीम के आदेश का हम पालन करेंगे ।सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है ।ईडी के पास ऐसी कोई स्वायत्तता नही है कि नागरिक को गिरफ्तार कर सके ।इसके लिए केजरीवाल निश्चित होकर ईडी के नोटिस को रद्दी की टोकरी में डाल रहे है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर >> अपडेट

## एचडीएफसी बैंक के शाखा का उद्घाटन

**बड़कागांव:** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित रेंज ऑफिस के पास एचडीएफसी बैंक का उद्घाटन जोनल मैनेजर ऋषिकेश व शाखा प्रबंधक संजय कुमार संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जोनल मैनेजर ऋषिकेश ने कहा कि एचडीएफसी बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिए हर सुविधाओं का ख्याल रखते हुए हमारी यह बैंक कार्य करेगी।

सिटी अपडेट्स >>

## 11वीं की परीक्षा में 920 विद्यार्थी हुए शामिल

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के दो परीक्षा केंदो में 11वीं की परीक्षा में कुल 920 विद्यार्थियों ने सोशल साइंस एवं रसायन एवं भौतिक विज्ञान का परीक्षा लिखा। प्रथम पाली में रसायन एवं भौतिक विज्ञान में कुल 101 विद्यार्थी एवं द्वितीय पाली में 819 विद्यार्थी सोशल साइंस की परीक्षा में शामिल हुए। आदर्श मध्य विद्यालय के केंद्र अधीक्षक खालिद अंसारी, चेतलाल राम ,कमलेश श्रीवास्तव, राजू कुमार ने बताया कि साइंस की परीक्षा में 56 विद्यार्थी एवं सोशल साइंस की परीक्षा में 514 विद्यार्थी शामिल हुए ,जबकि दो विद्यार्थी अनुपस्थित था। इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज के केंद्र अधीक्षक मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि साइंस की परीक्षा में 45 विद्यार्थी एवं सोशल साइंस की परीक्षा में 305 विद्यार्थी शामिल हुए जबकि तीन विद्यार्थी अनुपस्थित था ।आदर्श महाविद्यालय में मुनेश कुमार राम ,रामवृक्ष राम,देवनाथ कुमार चंद्रावती वर्मा, शकुंतला कुमारी ,संतोषी कुमारी, संजय राम देवेंद्र कुमार, तुलसी महतो, जमशेद अंसारी, कैसर अंजुम, रवि कुमार रवि, बसंती देवी ने मुख्य भूमिका निभाई।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



**हजारीबाग :** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (नेशनल साइंस डे) मनाया गया। इस दौरान विज्ञान संयंत्र एवं वैज्ञानिक स्केच पर सामूहिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और विज्ञान आधारित क्विज कराया गया। विज्ञान संयंत्र एवं वैज्ञानिक स्केच पर सामूहिक प्रतियोगिता में बी.एड. सेमेस्टर-1 की अनिशा कुमारी, उज्वल कुमार, पवन कुमार, रवि कुमार वर्मा और कृष्ण कुमार का ग्रुप विजेता बना। वहीं क्विज में रूसो हाउस प्रथम, विवेकानंद हाउस द्वितीय और राधाकृष्णन हाउस तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में रश्मि, मून, कुमारी श्वेता और कुमारी कोमल ग्रुप विजेता बनी। मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि भारत में हर साल 28 फरवरी को नेशनल साइंस डे यानी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय भौतिकी वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकटेश रमन द्वारा ह्वरमन प्रभावह्व के अविष्कार किए जाने की स्मृति स्वरुप मनाया जाता है। इस दिन हमारे वैज्ञानिकों को विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। मौके पर सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, रचना कुमारी, गुलशन कुमार, एसएस मैती, अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, संदीप कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार सिंह, डॉ अनुरंजन कुमार, स्नेहलता खलखो, वर्षा कुमारी आदि मौजूद थे।

प्रेसवार्ता

### हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का हुआ क्रांतिकारी विकास

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय होगा सभी संसाधन : जयंत सिन्हा

▶▶ लोकसभा में 50 हजार करोड़ का विकास हुआ है: जयंत

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग:** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 28 फरवरी को हजारीबाग स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पिछले 10 वर्षों में हजारीबाग लोकसभा में आये परिवर्तन के विषय में विस्तार से बताया। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा में 50 हजार करोड़ का विकास हुआ है, जिसने क्षेत्र में क्रांति लायी है। 20 हजार करोड़ का पतरातू सुपर थर्मल पावर प्लांट, 15 हजार करोड़ की खनन परियोजनाएं, 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय राजमार्ग, 4 हजार करोड़ की रेल परियोजनाएं, 2 हजार करोड़ का जिला खनिज मद, हजार करोड़ का मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, 1 हजार करोड़ का भारतीय कृषि अनुसन्धान केंद्र और 1 हजार करोड़ की कोनार डैम जलापूर्ति और गैस पाइपलाइन की परियोजनाओं को हमने धरातल पर उतारा है। इन सभी परियोजनाओं से क्षेत्र में हजारों रोजगार का सृजन हुआ है। जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर रही है। मोदी सरकार ने 2024 में लाये गए अंतरिम बजट में अठ फॉमूर्ला पर काफी जोर दिया है। मतलब गरीब, मतलब युवा, अ मतलब अन्नदाता और ठ मतलब नारी। हमारी सरकार इन सभी वर्गों का तेजी से उत्थान कर रही है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने हजारीबाग और रामगढ़ में 10 वर्षों में इन सभी वर्गों की प्रगति को बढ़ावा दिया है। हमारी सरकार ने जो कार्य किये हैं उन्हें देखकर जनता कह रही है तभी तो सब मोदी को चुनते हैं। जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी हर गरीब को बुनियादी सुविधाएं, युवाओं को बेहतर शिक्षा द्वारा रोजगार, किसान भाई-बहनों को हर साधन व नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ हर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित करेगी।

हजारीबाग को नॉलेज सिटी बनाएंगे, जिससे क्षेत्र आईटी हब के रूप में उभरेगा और युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही बड़ी संख्या में आईटी के रोजगार मिलेंगे। युवाओं में कौशल और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए हम विनोबा भावे विश्वविद्यालय को हर साधन देंगे, जिससे उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षा मिल पायेगी। हजारीबाग की तरह रामगढ़ में भी मेडिकल कॉलेज को धरातल पर उतारेंगे, जिससे हमारे युवा क्षेत्र में ही डॉक्टरी की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ ही जनता को सहज जीवन देने के लिए क्षेत्र में बेहतर सड़कें, जलापूर्ति, ट्रैफिक व्यवस्था, घरों में गैस पाइपलाइन, चौक-चौराहों पर प्रतिमाओं की स्थापना व सुन्दर पार्कों के निर्माण को और बढ़ावा दिया जाता रहेगा। जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ की जनता के आशीर्वाद से ही हम निरंतर उनकी सेवा करते आ रहे हैं।

जन-जन की सेवा और क्षेत्र की प्रगति को बढ़ावा देने की हमारी यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

# नगर आयुक्त ने की निर्वाचन को लेकर बैठक

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची के निदेर्शानुसार जनमानस में निर्वाचन संबंधी जागरूकता अभियान को सफल बनाने हेतु नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सूचना भवन के सभागार कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यालय के पदाधिकारी,कर्मी, बीएलओ एवं स्वीप विशेषज्ञ उपस्थित थे। नगर आयुक्त सह प्रशासक श्री शैलेन्द्र लाल ने सभी को लोकतंत्र शब्द को विस्तृत रूप में से बताया। उन्होंने सभी को राज्य में इस वर्ष होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयार रहने को कहा।उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र हजारीबाग में कुल 185 बूथ 77 बिल्डिंग में है , उनकी साफ सफाई, बिजली, बैठने इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया।सभी बूथ आदर्श बूथ होंगे। उन्होंने सभी बी एल ओ को मतदाता को जागरूक करने का निदेश दिया। उन्होंने बताया कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है एवं विजय प्रख्यात मास्टरजी को झारखंड में होने वाले चुनाव का ब्रांड अम्बेसडर बनाया गया है। इस बार शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अबकी बार 80 पार का स्लोगन दिया।अर्थात इस बार कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा



गया है। जिस बूथ का बूटिंग प्रतिशत अधिक होगा प्रथम तीन स्थान के बी एल ओ को जिला स्तर पर पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बीएलओ को सुनिश्चित करने को कहा कि, सभी का नाम मतदाता सूची में हो एवं मतदाता को उनके बूथों की स्पष्ट जानकारी हो। स्वीप के विशेसज्ञ द्वारा बीएलओ को चुनाव से संबंधित ऐप्प के बारे में जानकारी दी एवं उसके उपयोग के बारे में बताया।

# मनाई गई डॉ राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग डॉ राजेन्द्र प्रसाद के पुण्यतिथि के अवसर पर हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद का जन्म बिहार के सीवान जिला के जीरादेई नामक गांव में तीन दिसंबर 1884 को हुआ था। वह 1950 से 1962 तक भारत के प्रथम राष्ट्रपति रहे तथा 1962 में भारत रत्न से सम्मानित किए गए। उनका निधन 28 फरवरी 1962 को हो गया। वह पेशे से वकील भी थे। इस अवसर पर अशोक देव, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव,जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,निसार अहमद भोला,केडी सिंह,ललितेश्वर चौधरी,मो बाबर अंसारी,रशीद खान,कृष्णा किशोर प्रसाद,परवेज अहमद,अजय सिंह, मो रब्बानी,अजय गुप्ता,सलीम रजा, विजय कुमार सिंह,मो मुश्ताक, जावेद इकबाल,चंद्रशेखर आजाद, रिंकू कुमार,मुंगेश्वर चौधरी, डॉ भैया असीम, जयप्रकाश यादव,मुकेश कुमार ,देवधारी प्रसाद मेहता,सदरुल होददा,एडवोकेट इजहार अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन




राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है अभियान कल्याण पदाधिकारी सह बीएलओ सुपरवाइजर भास्कर राज के नेतृत्व में बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन प्रांगण चलाया गया। जिसमें मतदाताओं को एबीएम मशीन की जानकारी व वोट करने के लिए प्रेरित किया गया। तथा एबीएम मशीन की जानकारी दी गई। मतदाता विक्की कुमार, प्रदीप कुमार सहित अन्य मतदाताओं मतदाताओं ने मशीन पर वोट देकर जागरूक किया गया। भास्कर राज ने बताया कि जो चिन्ह में बटन दबा रहे हैं उस चिह्न पर वोट पड़ रहा है कि नहीं की जानकारी दी गई। आगे उन्होंने ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड के सभी 23 पंचायतो में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।सभी बीएलओ को भी घर-घर जाकर मतदाताओं को एबीएम मशीन की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। ताकि हर मतदाता को मशीन की जानकारी हो।

# जिप सदस्य ने सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण प्रखण्ड के चौपारण पंचायत के बिगहा में 15 वें वित्त योजना अंतर्गत सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है। जिसका विधिवत उदघाटन बुधवार को मुख्य अतिथि विधायक पुत्र सह चौपारण-2 जिप सदस्य रविशंकर अकेला ने फीता काट कर किया। मौके पर जीप सदस्य रवि शंकर अकेला ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह जैसे सामूहिक कार्यक्रमों में काफी सुविधा होगी। ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन के निर्माण होने पर सांसद जयंत सिन्हा, विधायक उमाशंकर अकेला,जीप सदस्य रवि शंकर अकेला का आभार



व्यक्त किया। सामुदायिक भवन के उद्घाटन के मौके पर महिला दीदियों ने जीप सदस्य श्री अकेला का भव्य स्वागत किया। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह,अशोक सिंह,मनोज सिंह, उमेश सिंह वीरेंद्र सिंह, रामसेवक सिंह,राजेश सिंह,विनय सिंह, सुबोध सिंह, विक्रम सिंह, प्यारी चौधरी, जितेंद्र यादव,पवन सिंह,कारू यादव,टोनी सिंह,मकु साव बिगहा ग्राम संगठन की अध्यक्ष संगीता देवी,सचिव रानी सिंह, कोषाध्यष सरिता देवी ,शांति देवी, धनेश्वरी देवी,चायना सिंह,शीला देवी,रत्नी देवी,देवंती देवी,सरिता देवी,संजू देवी एवं अन्य उपस्तिथ थे।

बैठक

### झामुमो जिला कमिटी की बैठक में शामिल हुए सांसद ,कहा

# विरोधियों की साजिशों को नाकाम करने में एकजुट हो कार्यकर्ता : विजय हांसदा

▶▶ हांसदा ने कहा विरोधी अब खुल कर साजिश कर रहे हैं

▶▶ कार्यकर्ता जनता के साथ हर मुश्किल में खड़े रहें

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी की बैठक बुधवार को बोरियो में हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से राजमहल सांसद विजय हांसदा व पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने शिरकत की। सांसद विजय हांसदा ने कहा कि विरोधी अब खुल कर साजिश कर



रहे हैं। लोकसभा चुनाव नजदीक है, ऐसे में सभी कार्यकर्ता उनकी साजिशों को नाकाम करने के लिए एकजुट हो जाएं। कार्यकर्ता एक दूसरे से संपर्क में रहें और जनता के साथ हर मुश्किल में खड़े रहें। सांसद ने सभी कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव को लेकर कई अहम जिम्मेदारियां सौंपी। सांसद ने न्याय यात्रा की समीक्षा करते हुए 8-9 मार्च तक सभी प्रखंड के बाकी बचे पंचायतों में यात्रा निकालने के लिये कहा। वहीं 10 मार्च तक सभी बूथ कमिटी व एजेंट बना कर सूची जिला कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य प्रो नजरुल इस्लाम, राजा राम मरांडी, संजीव सामू हेंब्रम, संजय गोस्वामी, स्टीफन मुर्मू, सुरेंद्र यादव, मुजीबुर रहमान, केताबुद्दीन शेख, बारीक शेख, छवि हेंब्रम, बसंती हांसदा, संगीता मुर्मू, बबलू, अब्दुल कादिर, एजाज अंसारी, अरुण सिंह, गफूर, धर्मवीर, घीसू शेख, गुरु हेंब्रम, तमरुद्दीन शेख, जेम्स किस्कू, चरण हांसदा, प्रो मोजम्मिल हक,राजू अंसारी, हामिद अंसारी, नसीम अख्तर, जेम्स मरांडी, बरकत खान, कृष्णा भगत, रहीम अंसारी, सुदर्शन पासवान, कीनू हेंब्रम, गफ्फार अंसारी, रिजवान, शकील, दिलावर, जाकिर शेख, प्रदीप साह, गोपाल यादव, इकबाल, आफताब, सुबोध, संगीता, सद्दाम, मिस्टर शमसुल, अब्दुल्लाह, मंडल मरांडी, अर्जुन रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

न्यूज फटाफट

## मनरेगा योजना में पैसा गबन करने का मामला उजागर

**केरेडारी :** केरेडारी मनरेगा योजना में पैसा गबन करने का मामला सामने आया है। जिसमें वेंडर चंद्रनाथ महतो के द्वारा मनरेगा योजना के तहत मेटेरियल का पैसा गबन करने का आरोप है। मामला का उजागर सोशल ऑडिट करने पहुंची टीम के द्वारा किया गया। टीम के सूत्र ने बताया की लाभुक अनी यादव बुंडू पंचायत का पशुशेड देखने पहुंचे तो दीवार गिरा हुआ था। जबकि योजना का पुरा पैसा निकासी कर लिया गया है। दीवार गिरने के संदर्भ में लाभुक ने बताया की वेंडर के द्वारा ना ही मेटेरियल दिया गया है और ना ही पैसे का भुगतान किया गया। जिस कारण दीवार को खड़ा करना संभव नहीं था। अब सवाल है की योजना पूर्ण किए बिना ही मेटेरियल का भुगतान कैसे हो गया। यह जांच का विषय है और पेमेंट भुगतान यदि हो भी गया तो राशि भुगतान होने के बावजूद एक साल बाद भी लाभुक को पैसा क्यों नही मिला। यह मामला केरेडारी प्रखंड के बुंडू पंचायत का है। इस पंचायत के एक जनप्रतिनिधि ने भी बताया की चंद्रनाथ महतो वेंडर के द्वारा मेटेरियल देने में भी हमेशा आना कानी किया जाता है एवं भुगतान की जाने वाली राशि को भी समय पर नहीं दिया जाता। इस वजह से भी पशुशेड के लाभुक मेटेरियल नही मिलने के अभाव में निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर सका। इधर जानकारी मिला है की मामला प्रकाश में आने के बाद अब चंद्रनाथ महतो लाभुक को एक सप्ताह के भीतर पशु शेड की निकाली गई राशि वापस करने की बात जांच टीम के समक्ष ही स्वीकार कर ली है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के लोग लोकहित अधिकार पार्टी में हुए शामिल



**हजारीबाग:** लोकसभा क्षेत्र के बड़का गांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम बलिया में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की बैठक सहुद आलम कीअध्यक्षता मे ग्राम कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष तबरेज आलम, सचिवअलीमुल्लाह, उपाध्यक्ष वकील अहमद,कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर, संगठन मंत्री मोहम्मद रियाज चयनित किए गए। मौके पर उपस्थित लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश मंत्री सह हजारीबाग लोकसभा प्रभारी कुंजबिहारी साहु एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारी श्र रामविलास साव ने संयुक्त रूप से लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आजादी के 75वां वर्ष बीत चुका पर आज तक पिछड़ी ओबीसी दलित आदिवासी अल्पसंख्यक समुदाय को शासक वर्ग से हर हमेशा शोषित पीड़ित उपेक्षित होना पड़ा है। अब तुष्टिकरण छंद और कपट नहीं चलने दिया जाएगा। आज हमारे देश में 85%किसान मजदूर छोटे व्यापारी 15% कॉपोर्रेट घराना उद्योगपतियों भ्रष्ट अफसरोंभ्रष्ट नेताओं से त्राहिमाम है। अब हमारे बीच हमसबों का अपना पार्टी लोकहित अधिकार पार्टी है जिसने तमाम देशवासियों को मुफ्त में शिक्षा मुफ्त में स्वास्थ्य चिकित्सा वन वोटर वन नेशन वन पेंशन एवं जाति आधारित जनगणना कराकर जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के आधार पर सामाजिक न्याय के द्वारा समता मूलक समाज का निर्माण के लिए सामाजिक न्याय के योद्धा के रूप में जुड़ें। उपस्थित दर्जनों ग्रामीणों ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## फैक्ट्रियों केअत्यधिक प्रदूषण का मामला सदन में गूंजा



**बरही:** बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने विधानसभा सत्र के दौरान बरही कोनरा पंचायत में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक प्रदूषण फैलाएं जाने को लेकर अपनी बात रखी। विधायक श्री अकेला ने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि बरही के रियाडा क्षेत्र में संचालित फैक्ट्रियों द्वारा अत्यधिक वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके कारण आस पास के निवासी काफी गंभीर रोग से पीड़ित हो रहे हैं और उनके घरों में डस्ट की मोटी परत जम रही हैं। आस-पास के लोग एवं जनप्रतिनधियों के द्वारा लगातार इस बात की शिकायत करने के बावजूद इन फैक्ट्रियों द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है और प्रदुषण नियंत्रण विभाग भी केवल खानापूर्ति कर इन मामलो की लीपापोती करने में लगा रहता है। विधायक श्री अकेला ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए सदन में अपनी बात रखी।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने प्रतिष्ठानों से लिया सैंपल



**हजारीबाग:** हजारीबाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण,नई दिल्ली के निदेर्शानुसार ईट राइट स्कूल पहल के कार्यान्वयन के तहत उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जयसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा विभिन्न सरकारी विद्यालयों में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्य पदार्थों का सैंपल एकत्रित किया। उन्होंने वाटर टेस्ट रिपोर्ट, खाद्य पदार्थों का सही से भंडारण,व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ साथ परिसर की भी साफ सफाई रखने का सुझाव दिया।

अपने निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र के विभिन्न रेस्टुरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानो के खाद्य पदार्थों की भी जांच की। उन्होंने फन एंड फूड रेस्टुरेंट से पनीर,वर्धमान डस्ट्रीब्यूटर से घी का सैंपल लेकर जांच हेतू भेजा गया।

## पूर्व सीएम की रिहाई को लेकर लोगों ने की पूजा



**पीरटांड़ :** प्रखंड के भारतीचलकारी के ग्रमीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए आदिवासी समाज द्वारा मांझी थान में पूजा अर्चना किया गया और मुख्य पुजारी द्वारा मांझी थान में पानी डाला गया और उन्होंने मांझी थान में प्रार्थना की की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से जल्द रिहा हो। उनकी रिहाई के लिए यह विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया था ।इस मौके पर राशि सोरेन, नायके सोरेन, दुर्गा किस्कू,बुधु हेंब्रम ,सीकर हेंब्रम, गुडा सोरेन, मुकेश मुर्मू ,पतिया हेंब्रम, पतिया मुर्मू आदि लोग शामिल थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष में ने लगाया जनता दरबार

**पाकुड़ :** सुबे के मंत्री आलमगीर आलम जी के निर्देशनुसार प्रत्येक बुधवार को पाकुड़ प्रखंड स्थित वीस सूत्री कक्षा में कांग्रेस वीस सूत्री सह प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक के द्वारा जनता दरबार, लगाया गया।पाकुड़ नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी शिकायत एवं समस्याओं को लेकर सकारात्मक उम्मीद के साथ 20 सूत्री कक्षा में पहुंचे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कार्यशाला का आयोजन

**चतरा :** खनिज निधि कौशल सह प्रशिक्षण भवन हॉल में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में श्रम विभागीय- यु०एन०डी०पी० द्वारा विजनिंग एवं योजना गोलमेज चर्चा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी, झारखण्ड राँची नें झारखण्ड में कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में उद्यमी और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने एवं प्रदत सुविधा को ज्यादा रोजगार अनुरूप बनाने के साथ जिला स्तर पर संस्थागत क्षमता निर्माण को समावेशी बनाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के साथ साझेदारी की है। जैसा कि ज्ञात है कि प्रत्येक जिला एवं क्षेत्र की औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियां भिन्न-भिन्न परिस्थितियों पर निर्भर करती है। फलत: कौशल गैप को भरने तथा संबंधित क्षेत्र की औद्योगिक जरुरतों के अनुरुप कौशल विकास प्रोग्राम को संचालित करने के लिए जिला कौशल समिति के सदस्यों एवं विभिन्न विकास संगठन / संघ/ युवा एवं उद्यमियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज स्किल विजनिंग वर्क शॉप का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अवैध खनन करने वालों को भेजे जेल : उपायुक्त

**पलामू :** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोकने को लेकर खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं।इसी कड़ी में खनन पदाधिकारी आनंद कुमार,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व छत्तरपुर एसडीएम बुधवार को छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित क्रशरों का रैंडमली औचक रूप से जांच किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने क्रशर संचालकों को क्रशर संचालन को लेकर बनाए गए नियमों के तहत ही क्रशर का संचालन करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि तय क्षेत्र में ही क्रशर का संचालन हो,अन्यथा क्रशर को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।जांच के क्रम में डीएमओ ने विभागीय स्तर पर बंद कराए गए क्रशरों का भी सत्यापन किया,वहीं प्लांट में स्टॉक,चिप्स आदि की जांच की गयी।

### शारदा बनी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज प्रखंड अन्तर्गत अररूआ कला ग्राम स्थित सामूदायिक भवन के प्रांगण में बीते मंगलवार को आंगनवाड़ी सेविका चयन को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीडीपीओ कुमार अरविन्द बेदिया,महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी ने चयन प्रक्रिया शुरू करने से पहले सरकार द्वारा निर्धारित गाइड लाइन से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पोषक बहुल क्षेत्र के सर्वाधिक योग्यता धारी मेरिट लिस्ट में अव्वल शारदा कुमारी बीएससी (डीएलएड) का चयन किया गया। यह जानकारी ग्रामसभा स्थल पर सीडीपीओ श्री बेदिया ने ग्रामीणों को दे दी है।

## कानून: आधे दर्जन से अधिक मामले के आरोपी का एसएसपी से मिलने पर उठ रहे सवाल

# वर्मा फैमिली के प्रभाव में भागलपुर पुलिस

- भागलपुर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं
- राजेश वर्मा पर आधे दर्जन ले भी अधिक मामले दर्ज है

**दीपक नौरंगी**



**भागलपुरः** पुलिस का काम कानून का अनुपालन कराना है। वरीय अधिकारी खासकर राज्य पुलिस के मुखिया डीजीपी का निर्देश हो तो उसका पालन करना भी जिला स्तर के पुलिस पदाधिकारी के लिए जरूरी होता है। लेकिन भागलपुर में कुछ और ही हो रहा है। वर्मा फैमिली के प्रभाव में आकर भागलपुर पुलिस नियम और कानून भी भूल गई, यहां तक की डीजीपी के निर्देश का भी उल्लंघन करने पर उतारू हो गई है। हाल ही के दो मामलों में भागलपुर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। मामला आभूषण विक्रेता हरिओम वर्मा के पुत्र और पूर्व डिप्टी मेयर राजेश वर्मा से संबंधित हाल की दो घटनाओं में पुलिस पूरी तरह से बैक फुट पर दिखी। पहला मामला 21 फरवरी को राजेश वर्मा के पिता हरिओम वर्मा के आभूषण दुकान में कार्य कर रहे निजी गार्ड को पुलिस ने फर्जी लाइसेंस और हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। छोटे से छोटे मामलों की भी जानकारी घटना के पांच मिनट के अंदर सोशल मीडिया पर साझा करने वाली भागलपुर पुलिस राजेश वर्मा के परिवार नाम सामने आने के बाद इस तरह दबाव में आ गई की गार्ड की गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने की सूचना सोशल मीडिया पर साझा नहीं किया। जब इसको लेकर सवाल उठने लगे, सवाल पूछे जाने लगे पांच दिन बाद 26 फरवरी को भागलपुर पुलिस ने हरिओम लक्ष्मी नारायण आभूषण दुकान के गार्ड की गिरफ्तारी और जेल भेजे जाने की सूचना सोशल मीडिया पर साझा किया।दूसरा मामला राजेश वर्मा के भाई विष्णु वर्मा द्वारा हर्ष फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल होने की है। इस मामले में भी भागलपुर पुलिस किस तरह बैक फुट पर आ गई यह भी दिखा। पुलिस अधिकारियों के पास वीडियो का फुटेज पहुंचने के बाद भी केस दर्ज करने में कई घंटे लग गए। जब केस दर्ज कर लिया गया तो दिखावे के लिए छापेमारी भी की गई और कहा गया कि वायरल वीडियो में दिख रहे शख्स की गिरफ्तारी की जाएगी।सोमवार की देर रात केस दर्ज किया गया और मंगलवार को राजेश वर्मा एसएसपी से मिलने पहुंच गए।

राजेश वर्मा जी ने पत्रकारों को सफाई भी दी मामला एकदम ताजा है। शहर के प्रतिष्ठित लोग एक पंक्ति की चर्चा बार-बार कर रहे हैं की न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं वह जैसा चाहती है नचाती है यह प्रेमचंद जी का लिखा हुआ है शहर में इसकी चर्चा को हो रही है हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने मंगलवार को देर रात एक गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है लाइसेंसी बंदूक भी जप्त कर ली है और कारतूस भी जप्त कर लिए हैं दो खोखा भी पुलिस को बरामद हुए हैं अब सवाल यह उठता है कि पुलिस विष्णु वर्मा को कब गिरफ्तार करेगी वर्मा जी जब एसपी से मिलकर कार्यालय से बाहर आते हैं तो सम्मानित पूर्वक एक चाचा का चरण स्पर्श करते हैं अब चाचा का नाम चाचा क्यों पड़ा यह सबसे बड़ी जानकारी है की टिंकू मियां की गिरफ्तारी के बाद चाचा के बारे में उसने कुछ बयान दिया था उसके बाद उसे सभी स्थानीय और पत्रकार बंधु चाचा के नाम से पुकारते हैं जिसके बारे में एक कुख्यात अपराधी ने पुलिस को बताया था कि उक्त चाचा उससे पैसे लिया करते हैं। यह वही चाचा है जिसके बारे में चर्चित घटना वरिष्ठ अधिवक्ता कामेश्वर पांडे हत्याकांड के अभियुक्त ने भी सभी के सामने बताया था कि किस तरह वह अवैध कार्यों में संलिप्त रहा है।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने किया नगर कमिटी का विस्तार

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** कांग्रेस नगर अध्यक्ष वंशराज गोप की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन परिसर नगर कमेटी की विस्तार की गई। जिसमे जिला अध्यक्ष कुमार सरकार,प्रखंड अध्यक्ष मानसरूल हक,जिला महासचिव कृष्णा यादव जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैनउपस्थित थे। कांग्रेस नगर अध्यक्ष वंशराज गोप ने सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए नगर में उपाध्यक्ष पद पर कलीम अंसारी,विजेंद्र कुमार,मो०कुतबुद्दीन अंसारी,उत्तम मंडल को जगह दी गई , वही महासचिव के रूप में विकास भगत,फैजल खान,अमित कुमार राउत,सुमन चौबे को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया । जॉय घोष को कोषाध्यक्ष तथा सूजन दफादार,समीर अली,भरत कुमार,महराज मंडल,हसन राजा,यूसुफ अंसारी,आरिफ अंसारी,मो० सहनावज अंसारी को नगर सचिव जैसे पदभार दिया गया। कार्यकारणी सदस्य के रूप में कंचन दास,श्रीकांतो खैर, भरत दास, रतन रॉय, अमित मुर्मु,मो० मुख्तार अंसारी,पराशनाथ घोष,वैधनाथ यादव, रंजय घोष,गोविंद यादव,पार्थो राय,रेहान सेख,सानू मरांडी, सुलेमान अली, गुरुदेव रॉय,आसिफ अली,दाऊद बेसरा, संजय टुडु, रविचरण हेंब्रम,मो० हसानू जमान,कौसर आलम की घोषणा की गई। श्री गोप बताया कि पदाधिकारियों रूप में 17 लोगो, कार्यकारणी सदस्य के रूप में 21 लोगो को जिम्मेदारियां दी गई है।

## उपायुक्त शशि रंजन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम परः चंदन



**राष्ट्रीय खबर**

**छतरपुरः** उपायुक्त शशि रंजन के आने से पलामू में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है आम आदमी अपने छोटे से छोटे कामों के लिए कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते परेशान है और उसके बाद उपायुक्त के पास शिकायत भी कर रहा है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके कारण सभी पदाधिकारी का मनोबल बढ़ गया है और खुलेआम सरकारी नियमों का धज्जियां उड़ाई जा रही है एक भी विभाग पर इनका नियंत्रण नहीं है उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति में चंदन ने कहा कि पूरे पलामू में नागरिक व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा गई है लोगों को जाति आवासीय और आय प्रमाण पत्र के लिए भी विभिन्न विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है और पैसा देने के बाद ही उनका काम हो रहा है बीस सूत्री छतरपुर के बैठक में भी विभिन्न विभागों के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रोसिडिंग उपायुक्त पलामू को भेजा गया है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके फल स्वरुप पदाधिकारी का मनोबल बढ़ गया है कृषि पदाधिकारी छतरपुर के सहयोग से खुलेआम हजारों टन यूरिया की कालाबाजारी हो रही है इसके खिलाफ कार्रवाई हेतु उपायुक्त को प्रोसीडिंग भेजा गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके कारण खाद बीज यूरिया का कालाबाजारी बदस्तूर जारी है और किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया नहीं मिल पा रहा है मनरेगा छतरपुर में सरकारी नियमों के धज्जियां उड़ाई गई है बिना योजना के पैसे निकासी की बात सामने आती रहती है यहां काम की मांग मजदूर नहीं बल्कि सुविधा अनुसार रोजगार सेवकों के द्वारा करवाया जाता है गुपचुप तरीके से सोशल ऑडिट करने का भी शिकायत है ।

## कवि सम्मेलन का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डाः**स्वदेशी रोजगार मेला के विशाल मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।यह आयोजन ऊर्जा नगर स्थित राजेंद्र स्टेडियम में हुआ जहां विभिन्न राज्य से पधारे कवि एवं कवित्रियों ने अपनी अपनी रचनाओं से उपस्थित दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कोल्हान विश्वविद्यालय में संस्कृत की आचार्य रही डॉ रागिनी भूषण के साथ, महागामा के नवल भगत ,अंगद उपाध्याय, शिव कुमार भगत ,निक्की राय ,सुशील साहिल, डॉ सोनी सुगन्धा ,कलीमुल्लाह परवाना इत्यादि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रोफेसर रागिनी भूषण की वाणी वंदना से कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत में विश्व गुरु होने के सारे महान गुण मौजूद है अतः हमें देशराग के स्वर बुलंद करते रहना चाहिए। कारगिल युद्ध में शामिल रहे सैनिक शैलेन्द्र पांडे शैल ने जब अपना स्वर बुलंद करते हुए कहा- आंसुओं से जंग कब जीती गई ,फैसले होते हैं कुछ तलवार से तो उपस्थित श्रोताओं ने खड़े होकर भारत माता की जय के नारे लगाए । लोह नगरी जमशेदपुर से पधारी कवित्री डॉ सोनी सुगन्धा ने वीर रस की रचना पढ़कर समा बांध दिया। उन्होंने ने कहा -वीर शहीदों तुम थाती हो अपने हिंदुस्तान की तुम ने लिखी गगन पर गाथा लोहू से अभिमान की सुशील साहिल ने कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कहा, एक रिदम में एक ताल में है भारत, अपने गौरवशाली कल में है भारत है। वरिष्ठ शायर कलीमुल्लाह परवाना ने अपने कलाम के माध्यम से देश के वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत को वसुधैव कुटुंबकम का जनक तथा अमन का रखवाला बताया। उन्होंने कहा कलम वालो कलम से इस वतन की शान लिख देना, हमारे खून के कतरे से हिंदुस्तान लिख देना। मधुबनी से पधारे हास्य कवि नीलांबर चौधरी ने उपस्थित श्रोताओं को खूब हंसाया।

इस यादगार और अविस्मरणीय कवि सम्मेलन में जिन कवियों ने भाग लिया उनके नाम हैं अशोक कुमार अजय, डॉ रागनी भूषण, डॉ सोनी सुगंधा, डॉ शैलेंद्र पांडे शैल जी, नीलांबर चौधरी, शिव कुमार भगत , अविनाश बंधु ,कालीमुल्लाह परवाना , फूल कुमारी, सुरजीत झा, शम्स परवाना,सुशील साहिल आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि अरविंद झा ने किया ।

## बिजय वर्मा ने आयुक्त के सचिव का पदभार ग्रहण किया



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगरः** बिजय वर्मा (झाप्रसे) आयुक्त के सचिव, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदभार ग्रहण किया। वे आयुक्त के तत्कालीन सचिव श्री अरविन्द कुमार से पदभार ग्रहण किया। बिजय वर्मा इसके पूर्व उप सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित थे।विदित हो कि आयुक्त के तत्कालीन सचिव पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदस्थापित अरविन्द कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्ता, चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## कार्यक्रम: सनराइज पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

# बच्चों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना प्रदर्शनी का उद्देश्यःआनंद

- ऐसे प्रदर्शनी से जीवन में एक बेहतर मुकाम हासिल होता है

**राष्ट्रीय खबर**



**पलामूः** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर सनराइज पब्लिक स्कूल मझिगांव में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया है। स्कूल के छोटे बच्चो ने शिक्षकों की मदद से एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया । सोलर सिस्टम, विंड मिल , एयर प्रेशर पार्क सहित विभिन्न तथ्यों को अपनें मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड के निदेशक आनंद कुमार और अंग्रेजी के विद्वान शिक्षक राहुल कुमार उपस्थित रहें। दोनो ने सामूहिक रूप से उपस्थित प्रोजेक्ट लीडरों से प्रोजेक्ट से सम्बंधित अनेकों प्रश्न पूछा और बच्चो ने लगभग सभी का बेहतर रूप से जवाब भी दिया। इस मौके पर आनन्द कुमार ने कहा की हमारे देश के महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन के सम्मान में हम सभी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाते हैं । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मकसद विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जन साधारण को विज्ञान और वैज्ञानिक उपलब्धियां के बारे में सजग करना है। आगे आनंद कुमार ने कहा की मझिगांव जैसे छोटे और सुदूरवर्ती गांव में भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन बहुत बड़ी बात है । शिक्षकों और बच्चों के सामूहिक प्रयास उनके प्रदर्शनी में साफ झलक रहा है। निश्चित तौर पर ऐसे प्रदर्शनी से जीवन में एक बेहतर मुकाम हासिल होता है ।

कम संसाधन में भी यह स्कूल आसपास के गांव को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है मैं इसके लिए संचालक को बधाई देता हूं। अपने संबोधन में राहुल कुमार ने कहा की सीखने की प्रक्रिया जीवन पर्यटन चलते रहती है यह कभी समाप्त नहीं होती है। मां के गर्भ से ही बच्चा सीखना शुरू कर देता है और मृत्यु तक सिखते रहता है ।सीखने का सही समय बचपन को ही माना जाता है और आज का समय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का है जो चारों तरफ आधुनिकरण में विज्ञान का बोलबाला है और छोटे-छोटे बच्चों ने इस कार्यक्रम में आर्ट एवं क्राफ्ट के माध्यम से आज के परिदृश्य में होने वाली दिन प्रतिदिन के क्रियाकलापों को बहुत ही सुंदर तरीके से कम संसाधन में दिखाने का प्रयास किया है एवं शिक्षा को गांव गांव गली गली पहुंचाने की कोशिश किया है।मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल सिंचू कुमार ने बताया की अपने स्थापना काल से ही स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है।

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**चतरा :**उपायुक्त अबु इमरान ने आज सदर अस्पताल का औचक निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर उपस्थित अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष लाल से स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश व सुझाव दिए। उसके बाद उपायुक्त अस्पताल परिसर में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्र, फिजिओथेरेपी कक्ष, एक्स-रे कक्ष, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र एवं महिला एवं पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया।उपायुक्त ने निर्धारित समय पर डॉक्टरों को रहने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी कमी के वजह से किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जानी चाहिए। उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक को कहा कि यह अस्पताल बहुत ही अच्छे तरीके व सुसज्जित ढंग से बनाया गया है, बस इस अस्पताल की देख रेख, सही दिशा निर्देश, विधि व्यवस्था को सही ढंग से चलाने की जरूरत है। उसके बाद उपायुक्त ने रोस्टर पंजी की जांच की। जनऔषधि व दवा वितरण केंद्र में आवश्यक दवाइयों की कमी पर जल्द से जल्द क्रय करने का निर्देश दिए। वहीं सदर अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य का भी औचक निरीक्षण किया और कहा निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामाग्री का उपयोग हो इसका खास ख्याल रखा जाय।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक डा. मनीष, डा. अजहर अस्पताल प्रबंधक कुश कुमार, स्टोर कीपर नीरज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### कंटेनर में ले जा रहें 103 पशुओं के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार



**जामताड़ा :** पुलिस अधीक्षक जामताड़ा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर मिहिजाम थाना अन्तर्गत कान गोई चेकपोस्ट के समीप चेकिंग के क्रम में पुलिस ने दो कंटेनर को जॉच के दौरान जब्त कर लिया। जॉच में जब्त दोनो कंटेनर में कुल 103 अवैध पशु पाए गए, जिसमें 6 गाय तथा 97 सांड जिसमें 01 साँड़ मृत पाया गया जॉच के बाद विधिवत जब्ती सूची तैयार करते हुए पशुओं की तस्करी करने वाले मो. मोईन, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता मो. सफी आलम,ग्राम सकुरगंज (महोडिया टोला) थाना परसबिधा, जिला जहाँनाबाद, (विहार), सुरेश पासवान, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्व. बिनेशर पासवान, ग्राम मुसाड़ी, थाना कुरथा, जिला अरवल (विहार), मेराजुल हक, उम्र करीब 45 वर्ष, पिता मो. सफीउल्लाह, ग्राम शेरघाटी, थाना शेरघाटी, जिला गया(बिहार), बसीर अंसारी, उम्र 48 वर्ष, पिता सफीउद्दीन मियाँ, ग्राम रानीडीह, थाना गोड्डा, जिला गोड्डा, मो. इमरान कुरेशी, उम्र करीब 40 वर्ष, पिता शमीमुल्लाह कुरैशी, ग्राम नया भोजपुर, थाना डुमराव, जिला बक्सर (बिहार) को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में मिहिजाम थाना कांड संख्या - 14/2024 दर्ज करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस छापामारी दल मे राजीव रंजन कुमार, थाना प्रभारी, मिहिजाम, राजेश्वर प्रसाद यादव, दिलीप बास्की, रविन्दर सोरेन, महेश्वर मुर्म, सर्वेश कुमार, कामदेव हेंब्रम सामिल थे।

### गली- गली ,गांव- गांव तक पहुंचेगी मोदी की संदेश : अमृत पांडे

**पाकुड़ :** भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ का जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री सुश्री मिस्फिका हसन, पूर्व प्रत्याशी दानिएल किस्कू, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू एवं नगर अध्यक्ष, पंकज कुमार साह शामिल हुए।अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री सुश्री मिस्फिका हसन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने ह्यविकसित भारत मोदी की गारंटी ' संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारम्भ करने जा रही हैं ताकि वे भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों , उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान को 2 चरणों में विभाजित किया गया है।अभियान लॉन्च ,सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गति विधियाँ। मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का लॉन्च भाजपा केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली से किया गया। लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी , मिस्ड कॉल नंबर (9090902024) और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई है।सुझाव संग्रह के लिए जनसंपर्क गतिविधियाँ के माध्यम से भारत के विभिन्न वर्गों और समुदायों से जुड़ने के लिए, कई कार्यक्रम चलाए जाएंगे। देश के 125 प्रमुख स्थानों पर विशेष समुदायों (जैसे उद्योगपति,स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों ) के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेता गण संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे उनके सुझाव लेंगे। 500 ई डी प्रचार वाहन मोदी सरकार का विकास का संदेश गाँव-गली तक ले के जाएंगे ।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



**दुमका :** उपायुक्त की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों का निस्पादन करें। इस दौरान उन्होंने अब तक की गई कार्रवाई को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से समीक्षा की तथा सघन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया।अवैध खनन को रोकने के उद्देश्य से अंतर जिला एवं अंतर राज्य चेक पोस्ट भी लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### इम्तियाज खान की माता का निधन

जयनगर : प्रखंड के पेठीयाबागी निवासी समाजसेवी इम्तियाज खान की माता सालेहा खातून (80, पति हाजी गफूर खान) का निधन उनके आवास पर बुधवार को हो गया। वे लम्बे समय से बीमार थी। वे अपने पीछे चार पुत्र व तीन पुत्री भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। बुधवार को ही स्थानीय कब्रिस्तान में उनके जनाजा को सुपर्द ए खाक कर दिया। उनके निधन पर मुखिया कौसर खान, मुमताज खान, सरकार अहमद खान, सरदार अहमद खान, इबरार खान, एकरार खान, शेख सलीम, इनामूल शेख,सहनवाज खान, मो अजहर, सरवर खान, सगीर खान, हमीद खान, मिस्टर खान,अल्ताफ आलम, सराफ्त शेख, नौसाद आलम, मेराज खान सहित कई लोगो ने शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की।

## सिटी अपडेट्स >>

### साइबर कैफे में हुई चोरी



जयनगर : प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरमाटांड में डिजिटल इंडिया साइबर कैफे में रात्रि वेंटीलेटर के द्वारा अज्ञात लोग घुसकर रखे नगद पांच हजार रुपए लेकर चलते बने। डिजिटल इंडिया साइबर कैफे के प्रोपराइटर सिकंदर कुमार पंडित पिता खीरु पंडित जब दुकान खोलने आए तो कंप्यूटर वगैरह बिखरा मिला साथ ही वेंटिलेटर टूटा था और काउंटर से पांच हजार रुपए नगद नहीं था। बता दें कि प्रोपराइटर ने समाचार लिखे जाने तक थाना को सूचना नहीं दिया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जागरूकता कार्यक्रम को लेकर स्वीप कोषांग की बैठक

कोडरमा : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर स्वीप कोषांग की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप बनायेंगे और आमजनों के बीच नैतिक मतदान को लेकर जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए आमजनों को मताधिकार के महत्व को बतायें। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय, महाविद्यालय में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन करें। सिविल सर्जन कोडरमा को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए गौरांग महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, एलडीएम निवेश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### दिल्ली एक्सप्रेस का होगा परिचालन

कोडरमा : पुरी-नई दिल्ली के बीच एक नई साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी को चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड ने कर दिया है। इसका समय सारणी भी जारी किया जा चुका है। नई ट्रेन जल्द ही परिचालन में आ सकती है। नई ट्रेन शनिवार को पुरी से खुलेगी और रविवार को नई दिल्ली पहुंचेगी। रविवार को ही नई दिल्ली से खुलकर सोमवार को पुरी पहुंचेगी।

## सम्मेलन > झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन

# ड्राइवर कल्याण बोर्ड की हो स्थापना : सीटू

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन एवं सीटू से सम्बद्ध झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन का प्रथम जिला सम्मेलन सरकारी बस स्टैंड झुमरीतिलैया में बुधवार को संपन्न हुआ। अध्यक्षता टैम्पो चालक संघ के मो रफीक ने किया। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति ने कहा कि परिवहन मजदूरों के साथ दबंग और पुलिस के लोग शोषण करते हैं। जिसके खिलाफ यूनियन की एकता को मजबूत कर लड़ाई लड़ना होगा। सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि संघर्षों के चलते टैम्पो चालकों के लिए पुराना नगरपालिका के पास टैम्पो स्टैंड का बोर्ड लगा। हमें ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष करना है। जिसके लिए हमें परिवहन क्षेत्र के सभी चालकों को यूनियन में जोड़ना होगा और आंदोलन को तेज करना होगा। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि हिट एण्ड रन कानून के खिलाफ देशभर के लाखों ड्राइवरों ने एक और दो जनवरी को ऐतिहासिक चक्का जाम किया था और केन्द्र सरकार हिल गई थी। जिसके कारण इस काला कानून से पिछे हटने पर सरकार को मजबूर होना पड़ा। केन्द्र की वर्तमान मोदी सरकार सरकार मजदूर वर्ग पर लगातार हमला कर रही है। चार लेबर कोड कानून जो मजदूरों को गुलाम बनाएगा उसे लागू करने की साजिश कर रही है जिसके खिलाफ मजदूर वर्ग ने 16 फरवरी को देशव्यापी ऐतिहासिक हड़ताल किया। इस जनविरोधी सरकार को आगामी चुनाव में उखाड़ फेकना होगा। ड्राइवरों के कल्याण के लिए चालक कल्याण बोर्ड बनना चाहिए।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन की 15 सदस्यीय कमिटी का चुनाव किया गया। जिसमें मो रफीक अध्यक्ष, शिवकुमार रजक उपाध्यक्ष, चन्दन सिंह सचिव, महेश रविदास सह सचिव, विजय शर्मा कोषाध्यक्ष के अलावा मो उजैर, विनोद कुमार, अमरदीप गिरी, अशोक प्रसाद वर्मा, रौशन गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

### दशकों से कठिन संघर्ष कर रहे दुकानदार

## एनएच 20 के विस्थापितों का पुनर्वास हो:सईद नसीम

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला उपायुक्त को कांग्रेस नेता सईद नसीम ने पत्र लिख कर जिला कोडरमा के अंतर्गत गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग 20 के निर्माण के कारण हुवे विस्थापितों की समस्याओं को सुलझाने उनके लिए स्थान चिन्हित कर देने के लिए शीघ्र कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 20 निमार्णाधीन कार्य के बाद निर्माण की वजह से विस्थापित होने वाले दुकानदारों को रोजी रोटी की चिंता सता रही है। सड़क किनारे वर्षों से छोटे छोटे रोजगार वाहनों के रिपेयरिंग गैरेज टायर पंक्चर फिटिंग, इलेक्ट्रिक रिपेयरिंग शॉप वेल्डिंग और अन्य विभिन्न प्रकार के व्यसाय जो सड़क के किनारे ही कि जा सकती है। उनके समक्ष रोजगार व जीविकोपार्जन को लेकर विकट समस्या उतपन्न हो गई है। इन दुकानदारों छोटे छोटे व्यसाय करने वालो के बच्चों के साथ साथ सम्पूर्ण भविष्य अंधकार में समाता नजर आ रहा है। लगभग कई दशकों से कठिन संघर्ष कर स्थापित दुकानदार बमुश्किल अपना व्यापार खड़ा किया था। लगभग 5 सालों से



धीमी गति से राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य चलने से अब इन दुकानदारों की पूंजी तो डूब ही गई है,वे अन्य किसी कार्य में लग कर फिर व्यापार खड़ा करने के कठीन मानसिक संघर्ष से गुजर रहे हैं। पत्र में उपरोक्त समस्या को ध्यान में रखते हुए इन दुकानों और दुकानदारों का पुनर्वास करने का अनुरोध किया गया है।

### 101 महिलाएं, कन्याएं कलश यात्रा में हुई शामिल

## हर हर महादेव के उद्घोष से क्षेत्र हुआ भक्तिमय



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के ग्राम योगीयाटिल्हा में श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ इंदिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। 101 महिलाएं, कन्याएं कलश यात्रा में शामिल हुईं। वहीं यज्ञाचार्ज सह प्रवचन कर्ता आचार्य दिगंबर शास्त्री ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है, आसुरी शक्तियों का नाश होता है। यज्ञ से वर्षा होती है जिससे अन्न धन की प्राप्ति होती है। मनुष्य के मन में धर्म के प्रति आस्था एवं भक्ति का पादुर्भाव होता है। उन्होंने कहा कि होता विश्व कल्याण यज्ञ से, होता मानव कल्याण यज्ञ से। ढोल बाजा डीजे साउंड के साथ जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी, धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो आदि नारों के साथ मंदिर प्रांगण से लेकर कलश यात्रा में शामिल कुमारी कन्या, महिलाएं उत्तरवाहिनी बराकर नदी में पहुंचकर आचार्य दिगंबर शास्त्री, सीताराम पांडेय, त्रिपुरारी पांडेय, सतीश पांडेय के द्वारा विद्वत मंत्रोच्चारण करते हुए कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में प्रवेश किए। यज्ञ के मुख्य पुजारी रामेश्वर प्रसाद यादव धर्मपत्नी आशा देवी हैं। 29 फरवरी शोभा यात्रा, 01 मार्च शिव प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य भंडारा किया जाएगा। मौके पर शिक्षाविद विजय कुमार यादव, पंसस प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, उमाशंकर यादव, अर्जुन पंडित, सुरेंद्र यादव, बबुनी यादव,बासुदेव गोप, जगदीश यादव, अजीत यादव, अजय यादव, खडगधारी पंडित, रामू पंडित, विनोद पंडित, संगीता देवी, सोनी देवी, बेबी देवी, पिंकी देवी, बबिता देवी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

## वैराग्य की ऐसी लगन, घर परिवार छोड़ चले अध्यात्म की राह पर



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज के परम शिष्या जैन संत गणीय आर्यक रत्न 105 विभा श्री माता जी सम्मेदशिखर जी मे विराजमान है। उनकी चर्चा पूरे देश में हो रही है जहाँ प्रतिदिन भक्तों का रेला आ रहा है। मंगल आशीर्वाद लेकर अपने आपको धन्य मान्य रहे है।इसी कड़ी में में परम पूज्य आर्यक 105 विभा श्री माता जी के मंगल आशीर्वाद से आगामी 8 मार्च को तीर्थराज सम्मेदशिखर जी दीक्षा होगा। माता के आशीर्वाद और अनुमति मिलने के बाद दीक्षार्थी कीर्ति दीदी सभी जैन संतों के चरणों में जाकर दर्शन कर रहे हैं एवं उनका समाज की ओर से गोद भराई और बिंदोरी का कार्यक्रम हो रहा है। इसी क्रम में झुमरीतिलैया जैन भवन से गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर जैन बड़ा मंदिर पहुँचे जहाँ सर्व प्रथम श्री जी का दर्शन करने के पश्चात प्रतिदिन की भांति णमोकार चालीसा का पाठ के साथ मंगलाचरण सुबोध गंगवाल ने किया। कार्यक्रम में समाज के उप मंत्री जैन नरेंद झांझरी, सह मंत्री जैन राज छाबडा, कोषाध्यक्ष जैन सुरेन्द काला, पूर्व मंत्री जैन ललित सेठी, सुनील जैन, जैन सुरेश झांझरी, जैन सुशील छाबडा, जैन मनीष सेठी, जैन शैलेश छाबडा, जैन सुनील अजमेरा, जैन विकाश खुशबू सेठी, राजकुमार अजमेरा, नवीन जैन के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन सुबोध गंगवाल ने किया।

## किसान गोष्ठी का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 16 वें किस्त की राशि हस्तांतरित को लेकर किसान गोष्ठी का अयोजन वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में की गई। किसान गोष्ठी में पेटरवार और गोमिया प्रखंड के दो सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। किसान गोष्ठी को वरीय वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार, डॉ आदर्श कुमार श्रीवास्तव, रश्मि कांडूलना ओर नंदना कुमारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि को प्राप्त करने के उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान महिला कृषकों को उन्नत खेती करने का उपाय भी बताया गया ताकि फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी हो सके। किसानों को बताया गया कि रासायनिक खाद के बदले केचुवा खाद का उपयोग करे ताकि आपकी फसलों का पैदावार ज्यादा हो सकेगा और आपका परिवार खुशहाल रहेगा।इस मौके पर दुर्गा महतो, रूपलाल मरांडी सहित काफी संख्या में महिला - पुरुष किसान मौजूद रहे।

## समारोह > माता शबरी पूजा सह भुईयां मिलन समारोह आयोजित

# नशाखोरी से रहे दूर और शिक्षा से जुड़े: राजेन्द्र

राष्ट्रीय खबर



**बालूमाथ :** लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखण्ड के गणेशपुर में बजरंग मंदिर के प्रांगण में दिन बुधवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा समारोह आयोजित कर माता शबरी सह भुईयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। माता शबरी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार भुईयां समाज के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां और विशिष्ट अतिथि के रूप में चँदवा पश्चिम जिला परिसद सदस्य सरोज देवी मौजूद रहे।समारोह का उद्घघाटन अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही कार्यक्रम में भुईयां समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां ने कहा कि हम सभी लोग माता शबरी का वंशज है,माता शबरी भक्ति के कारण स्वयं राम भगवान को उनके घर मे आकर जूठा बेर खाना पडा था।

वही जीप सदस्य ने कही कि अपने बच्चों को शिक्षित करे नशापान से दूर रखें।लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी तुलसी राम ने कहा कि राजनीतिक चर्चा में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में समाज के लोगो को आगे आने की बात कही।इस मौके पर बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष बीरेन्द्र भुईयां,जीतन भुईयां,राम कुमार भुईयां,सुबोध भुईयां, सूरज भुईयां,हरिवंश भुईयां, गोपाल भुईयां, रामचरित भुईयां,मालती देवी,सुजीता देवी,गायत्री देवी,अंजू देवी,प्रमिला देवी,गीता देवी,शोभा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### जंगली हाथियों से किसान तबाह



**पेटरवार :** पेटरवार हाथियों के झुंड से बिछड़कर एक जंगली हाथी मंगलवार की रात पेटरवार प्रखंड के उतासारा पहुंचा। मंगलवार की रात्रि चार बजे उतासारा पंचायत अंतर्गत सगर उल्टा गांव में प्रवेश कर खेतों में लगी फसलों को खाकर और पैरो तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। जंगली हाथी ने सगर उल्टा गांव के महावीर मांझी और अर्जुन मांझी के खेतों में लगी आलू और बैगन की खेती को खाकर नष्ट कर दिया जिसके कारण आदिवासी किसानों को हजारों रुपए मूल्य की संपति बर्बाद कर दी। इसी गांव के राज कुमार मांझी के रसोई घर को आंशिक रूप से क्षति भी पहुंचाई है। जगली हाथी के गांव में प्रवेश करने के बाद ग्रामीणों में काफी दहशत पैदा हो गया है। पेटरवार वन क्षेत्र के पतकी पंचायत अंतर्गत तेनुघाट जलाशय के बगल में स्थित बाग जोबरा नामक जंगल में शरण लिए हुए था। जंगली हाथी मंगलवार को बाग जोबरा जंगल से निकलकर चिपुदाग, उलगढ़ा, हडमिता होते हुए उतासारा के सगर उल्टा गांव पहुंचा और किसानों के खेतों में लगे सब्जी और आलू की खेती को बर्बाद कर दिया।

### झुमरीतिलैया बाईपास में सर्विस लेन पर अतिक्रमण को हटाया गया



**कोडरमा :** जिले के झुमरीतिलैया बाईपास में सर्विस लेन पर संचालित हो रहे गैरेज को हटाया जा रहा है। कोडरमा एसडीओ रिया सिंह की अगुवाई में डीटीओ विजय सोनी ने अभियान चला कर सर्विस रोड पर रिपेयरिंग के लिए खड़े ट्रैकों को हटाने का निर्देश दिया, साथ ही सड़क पर गाड़ियों की मरम्मती करने वाले गैरेज संचालकों पर जुमार्ना भी लगाया। दरअसल तिलैया बाईपास में कई जगह पर फोरलेन का निर्माण कार्य अभी भी जारी है, ऐसे में सर्विस रोड से लोगों को आवाजाही करने में आसानी होती, लेकिन ट्रकों के खड़े रहने के कारण लोगों को रॉन्ग साइड से फोरलेन पर वाहनों का परिचालन करना पड़ता है, जिसके कारण अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुर्घटनाएं होती भी रहती है। डीटीओ विजय सोनी ने बताया कि यातायात नियमों के अनुपालन नहीं करने के साथ-साथ सर्विस रोड पर ट्रकों के खड़े रहने से हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में बढ़ोतरी हुई हैं, जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन ने सर्विस रोड को पूरी तरह से खाली करने का निर्णय लिया है और उसी आलोक में यह कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**जयनगर :** प्रखंड के जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जयनगर मध्य जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव ने विद्युत अधीक्षण अभियंता सुधांशु शेखर कोडरमा, कार्यपालक अभियंता सुब्रतो मुखर्जी कोडरमा कार्यालय में मिलकर लिखित आवेदन सौपकर प्रखंड जयनगर के बिजली से संबंधित समस्याओं से अवगत कराते हुए निराकरण की मांग की है। ग्राम बेहराडीह में उमाशंकर यादव एवं रंजीत रजक के घर तक पोल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने, आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा से भुवालडीह तक जर्जर पॉल एवं तार को बदलने, परसाबाद चौधरी टोला में नया पॉल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने की मांग की है। ग्राम घाघडीह 33000 तार के ऊपर सूखा पेड़ हटाने तथा नया पोल तार देकर विद्युत आपूर्ति करने कि मांग किया है। वहीं जयनगर प्रखंड के विभिन्न मकान के ऊपर 11 हजार गुजरे तार को हटाने की मांग की गई है।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

कोडरमा : जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फैय्याज कैसर की अध्यक्षता में भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उपस्थित कांग्रेस जनो सर्व प्रथम डॉ प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया जबकि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने डॉ प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सदा जीवन उच्च विचार वाले पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपने दृढ़ इच्छा शक्ति से आजादी के बाद विभिन्न रियासतों को जोड़कर एक सबल भारत राष्ट्र के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रद्धांजलि सभा में जिला महासचिव गालिब मंसूरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली, उपाध्यक्ष अरमान खान, अनुसूचित प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष चौधरी पासवान, फिरोज खान, शंभू कुमार शर्मा, रंजीत कुमार, साजिद खान सहित अन्य उपस्थित हुए।

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत इंदरवा में मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार व्यक्ति की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई। बुधवार को डोमचांच के महथाडीह निवासी मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक पवन कुमार साव (उम्र 49 वर्ष, पिता स्वर्गीय राजकुमार साव) झुमरी तिलैया में सब्जी मंडी के समीप मोबाइल दुकान चलाते थे। मंगलवार की रात दुकान से वह अपनी बाइक के जरिए वापस घर महथाडीह लौट रहे थे। इस दौरान इंदरवा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया और घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान पवन कुमार साव की मौत हो गई। इसके बाद सदर अस्पताल में बुधवार को अंत्यपरीक्षण के उपरांत शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक की दो लड़की और एक लड़का है।

### जनशताब्दी एक्सप्रेस का पहाड़पुर स्टेशन पर होगा ठहराव

**झुमरीतिलैया :** रांची से गोमो कोडरमा गया होकर पटना तक जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस के पहाड़पुर स्टेशन पर ठहराव को रेलवे बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक कोचिंग विवेक कुमार सिन्हा ने प्रयोग के तौर पर ठहराव को ग्रीन सिग्नल दे दी है।

## न्यूज फटाफट

### श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में खेलेंगे



**मुम्बई :** टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी 2023/24 सीजन के सेमीफाइनल में खेलेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रेयस अय्यर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को कन्फर्म किया है कि वह अब फिट हैं और मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के लिए उपलब्ध हैं। सेमीफाइनल के लिए उनका नाम स्क्वॉड में शामिल किया गया है।रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई का सामना तमिलनाडु से होगा। यह मुकाबला 2 मार्च से मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला जाएगा। अय्यर ने पीठ में चोट की वजह से क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेला था। मुंबई टीम ने जब रणजी ट्रॉफी में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए अपनी टीम घोषित की थी, तो इसमें श्रेयस का नाम नहीं था। एसोसिएशन ने बताया था कि श्रेयस को पीठ में चोट है, इसी कारण वह क्वार्टर फाइनल नहीं खेल सकेंगे। तनुष और तुषार की सेंचुरी की बदौलत मुंबई ने अपनी दूसरी पारी में 569 रन बनाए और बड़ौदा के सामने जीत के लिए 600 रन का टारगेट रखा। इसके जवाब में आखिरी दिन का खेल खत्म होने तक बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर 121 रन बनाए और मैच ड्रॉ हो गया। वहीं मुंबई ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। टीम का सामना सेमीफाइनल में तमिलनाडु से होगा। इससे पहले मुंबई ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। जवाब में बड़ौदा की पहली पारी 348 रन के स्कोर पर सिमट गई थी।

### आईजीआई कॉलेज बना पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट चैंपियन



**नयी दिल्ली :** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने बुधवार को (आईजीआईपीईएसएस) दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी को फाइनल में 4-2 से हराकर दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 के महिला वर्ग का खिताब जीत लिया। आज यहां खेल गये फाइनल मुकाबले में आईजीआईपीईएसएस टीम की ओर से शालिनी ने तीन और कंचन ने एक गोल किया। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी की ओर से सोनाली ने दो गोल दागे। हॉकी वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड से इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की खिलाड़ी शालिनी को नवाजा गया। जबकि प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड भी इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की खिलाड़ी सोमवती को मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व हॉकी ओलंपियन श्री अशोक ध्यानचंद और सांसद श्री मनोज तिवारी थे। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज की गर्वनिंग बॉडी की चेयरपर्सन श्रीमती सविता गुप्ता, गेस्ट ऑफ ऑनर, मेंबर डॉ पीके मिश्रा और कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर रवि नारायण कर ने पुरस्कार प्रदान किए।

क्रिकेट

आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी

# यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंचे

▸▸ जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार

एजेंसियां

**दुबई:** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 12वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार हैं। बुधवार को जारी ताजा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-10 में भारत का केवल एक बल्लेबाज शामिल हैं। विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है विराट नौवें नंबर पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन 893 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 818 के साथ दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के जो रूट 799 अंक के साथ तीसरे



नंबर पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरियल मिचेल 780 अंकों के साथ चौथे, पाकिस्तान के बाबर आजम 768 के साथ पांचवें, उस्मान ख्वाजा 765 अंकों के साथ छठे, श्रीलंका के दिमुथ करूणारत्ने 750 अंकों के साथ सातवें , ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन 746 के साथ आठवें, भारत के विराट कोहली 744 अंकों के नौवें और इंग्लैंड के हैरी ब्रुक 743अंकों के साथ दसवें स्थान पर है। गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 867 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए, उसके आर अश्विन 846 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों के बीच अब सिर्फ 21 रेंटिग अंकों का अंतर है। इसके बाद कगिसो रबाडा 834 अंक, पैट कमिंस 828 अंक, जॉश हेजलवुड 818 अंक के साथ पांचवें नंबर पर है। रवींद्र जडेजा 785 अंकों के साथ छठे, प्रभात जयसूर्या 738 अंक के साथ सातवें, नाथन लियोन 746 अंक के साथ आठवें, काइल जेमिसन 743 अंक और जेम्स एंडरसन 742 अंक के साथ दसवें स्थान पर है। वहीं टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में हेजलवुड छह स्थान चढ़ते हुए नंबर सात पर पहुंच गए हैं। वह शीर्ष 10 में एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। आदिल रशीद टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। उनके बाद श्रीलंकाई स्पिन जोड़ी वनिंदु हसरंगा और महीश थीक्षणा का नंबर आता है। ट्रैविस हेड 18 अंकों की उछाल के साथ 19वें स्थान पर हैं, वहीं 10 गेंदों में 31 रन की पारी खेल आख़िरी गेंद पर ऑस्ट्रेलिया को मैच जिताने वाले टिम डेविड 22वें स्थान पर पहुंच गए है। टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर, फिल साल्ट दूसरे और मोहम्मद रिजवान तीसरे स्थान पर हैं।

## हेम्प, एडम्स होंगे बांग्लादेश के नए कोच

एजेंसियां

**ढाका :** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने डेविड हेम्प और आंद्रे एडम्स को दो साल के अनुबंध पर क्रमशः बंगलादेश का नया बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। वे अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज से अपने सेवा शुरु करेंगे। काउंटी क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हेम्प ने बरमूडा के लिए 24 एकदिवसीय मैच खेले, पिछले वर्ष न्यूजीलैंड दौरे के दौरान टीम के बल्लेबाजी कोच थे। सीनियर टीम में इस पदोन्नति से पहले वह मई 2023 में उच्च प्रदर्शन वाले मुख्य कोच के रूप में बीसीबी में शामिल हुए थे। वह 2020 से 2022 तक पाकिस्तान महिला टीम के भी मुख्य



कोच रहे थे। इस बीच एडम्स ने न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों सहित कई टीमों के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2022-23 श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच भी थे। एडम्स ने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में 47 मैच खेले हैं। एलन डोनाल्ड बंगलादेश के पिछले स्थायी तेज गेंदबाजी कोच थे। 2022 में टी-20 विश्वकप तक जेमी सिडन्स बंगलादेश के आखिरी बल्लेबाजी कोच थे। चंडिका हथुरुसिंघे बल्लेबाजी कोच की भूमिका की देखरेख कर रहे थे। पिछले वर्ष विश्वकप के दौरान उनके पास तकनीकी सलाहकार के रूप में एस श्रीराम थे जबकि निक पोथास सहायक कोच थे।

## केन विलियमसन तीसरी बार बने पिता

एजेंसियां

**वेलिंग्टन:** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन तीसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी सारा रहीम ने बेटी को जन्म दिया है। इस क्रिकेटर ने मंगलवार रात सोशल मीडिया में अपनी बेटी की फोटो पोस्ट की। इससे पहले, सारा ने 2022 में बेटे और 2019 में बेटी को जन्म दिया। टेस्ट रैंकिंग के टॉप पर मौजूद विलियमसन ने पत्नी और नए मेहमान के साथ तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- 'दुनिया में स्वागत है, खूबसूरत लड़की। आपके सुरक्षित आगमन और आगे की रोमांचक यात्रा के लिए बहुत आभारी हूं।' 33 साल के विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान पैटर्नटी लीव ली थी। इस दौरान



वह क्रिकेट से ब्रेक पर रहे। वह गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से वापसी कर सकते हैं। विलियमसन से 17 दिन पहले विराट कोहली के घर भी नया मेहमान आया था। वह 15 फरवरी को दूसरी बार पिता बने थे। लंदन में विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा ने बेटे अकाय को जन्म दिया था। वह बेटे के जन्म के लिए क्रिकेट से ब्रेक पर हैं।

## खेल जगत अपडेट्स »

### पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं राहुल

**दिल्ली :** केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं। वह हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। इसके बाद वह बाकी 3 टेस्ट नहीं खेल सके। अब क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, राहुल इलाज कराने के लिए इंग्लैंड गए हैं। जिस कारण 7 मार्च से होने वाले 5वें टेस्ट में भी उनके खेलने पर संशय है। राहुल से पहले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी अपनी एड़ी की सर्जरी कराने के लिए लंदन गए थे। उनकी सर्जरी सफल रही, लेकिन उन्हें फील्ड पर वापसी करने में 6 से 8 महीने का समय लग सकता है। केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंजर्ड हुए। इसके बाद से बाकी तीन मैचों में वह नहीं खेल सके। उन्हें हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द हुआ था। जिसके लिए पिछले साल उनकी सर्जरी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि अभी भी उन्हें कुछ परेशानी है। वहीं मैनेजमेंट टीम में उनकी दोहरी भूमिका को देखते हुए कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद विदेश के टेस्ट में भी राहुल ने ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी। बीसीसीआई ने केएल राहुल को चोट से रिकवरी करने के लिए आराम दिया। पहले वह तीसरे टेस्ट से वापसी करने वाले थे लेकिन चोट के कारण चौथे टेस्ट तक बाहर हो गए। बीसीसीआइ ने अब उन्हें एक्सपर्ट डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज कराने के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, करीब एक सप्ताह से उनका इलाज चल रहा है। ऐसे में उनके 7 मार्च से धर्मशाला में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट में भी वापसी की संभावना नहीं है।

## ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म पूरब के भसड़बाज

एजेंसियां

**मुंबई:** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 01 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तरप्रदेश के बलिया जिले की माफियाओं की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म पूरब के भसड़बाज हमारे समाज की कुछ रूढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हास्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म पूरब के भसड़बाज के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फिल्म



के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है।सम्पादन अजय वर्मा ने किया है । पूरब के भसड़बाज में शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी है।

## अंजली पांडेय का नया होलीगीत रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** गायक लाडो मद्धेशिया और अभिनेत्री अंजली पांडेय का नया होलीगीत 'महाबीर बो' रिलीज हो गया है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से होलीगीत 'महाबीर बो' रिलीज किया गया है। इस गाने में लाडो मद्धेशिया के साथ अभिनेत्री अंजली पांडेय नजर आ रही है। गाने में लाडो मद्धेशिया कहते हैं कि अब आवे महाबीर बो डाल दे अबीर हो...लगी नाहीं जाड़ा नहीं कपि शरीर हो..लगी नाहीं जाड़ा नाहीं कपि शरीर हो...अब आवे महाबीर बो डाल दे अबीर हो...। गाना एक दम कमाल धमाल दिख रहा है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स प्रस्तुत महाबीर बो को लाडो मद्धेशिया ने गाया है। वही इस गाने को यादव नीरज ने लिखा है। गाने का संगीत पवन यादव ने दिया है। इस गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। वही इसके निर्देशक सुनील बाबा, गुरु जी अमित ओझा, डीओपी गौरव राय एवं रंजन, कंपोजर राहुल यादव, एडिटर अलोक गुप्ता, कोरियोग्राफर गोल्डी हैं।

## बड़े मियां छोटे मियां का गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज कर दिया गया है,जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है।बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर,पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

## 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा,रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 08 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आमिर ने होस्ट किया लापता लेडीज का प्रीमियर

एजेंसियां

**मुम्बई:** आमिर खान और किरण राव ने मंगलवार शाम मुंबई में अपनी अपकमिंग फिल्म लापता लेडीज का प्रीमियर होस्ट किया। इस मौके पर सनी देओल, राजकुमार संतोषी, काजोल, करण जौहर, राधिका आप्टे और आशुतोष गोवारिकर समेत कई सेलेब्स नजर आए। आमिर के परिवार से उनकी बेटी आयरा, दामाद नुपुर शिखरे और भतीजी जायन मैरी भी यहां मौजूद थे। इस मौके पर आमिर की एक्स वाइफ किरण राव ने डायरेक्टर करण जौहर का वॉर्म वेलकम किया। कभी आमिर के



कॉम्पिटिटर रहे सनी देओल भी इस स्क्रीनिंग पर पहुंचे। वो डायरेक्टर राजकुमार संतोषी के साथ नजर आए। इवेंट के दौरान आमिर वहां मौजूद फैंस के साथ सेल्फी कैप्चर करते नजर आए। स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांता, नितांशी गोयल और रवि किशन स्टारर फिल्म लापता लेडीज थिएटर्स में 1 मार्च को रिलीज होगी। इस फिल्म को किरण राव ने डायरेक्ट किया है। वहीं आमिर खान इसके प्रोड्यूसर हैं।

## दीपिका पादुकोण की तीन चीजें चुराना चाहती है अनन्या पांडे

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे, दीपिका पादुकोण की तीन चीजें चुराना चाहती हैं। अनन्या पांडे ने दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म 'गहराईयां' में काम किया है। इस फिल्म में दोनों की एक्टिंग लोगों का काफी पसंद आई थी। अनन्या पांडे से पूछा गया कि आप दीपिका पादुकोण की क्या चीजें चुराना चाहेंगी ?तो उन्होंने तीन चीजों के नाम बताए। अनन्या पांडे ने बताया, दीपिका के यहां बहुत



अच्छी क्रॉकरी है, और उनके घर का साउथ इंडियन खाना बहुत अच्छा होता है। मैं दीपिका कीबॉडी, दूसरा उनका खाना और तीसरा उनका घर चुराना चाहती हूं।

## प्रदेश >> अपडेट

### ट्रेन की चपेट में आने से युगल की मौत

**रायबरेली** : उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के जगतपुर इलाके में बुधवार को ट्रेन की चपेट में आकर एक युगल की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नौवहार ने बताया कि आज सुबह करीब आठ बजे जगतपुर इलाके में दरियागंज और लक्ष्मणपुर के बीच नौचंदी एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक युवती और युवक की मौत हो गयी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बागपत में प्रापर्टी डीलर की हत्या

**बागपत**: उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के कोतवाली क्षेत्र के निवाड़ा गांव में बुधवार को बाइक सवार बदमाशों ने एक प्रापर्टी डीलर की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निरोजपुर गांव निवासी प्रापर्टी डीलर यूसुफ (46) आज सुबह करीब दस बजे घर से अपने दफ़्तर के लिए निकला था। निवाड़ा गांव स्थित दफ्तर में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाश आए और उसके पास बैठ गए। उन्होंने उसको चाय बनाने के लिए कहा, जैसे ही वह चाय बनाने के लिए खड़ा हुआ तो दोनों बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। गोली लगते ही युसूफ वहीं पर गिर पड़ा। घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वहां से दिल्ली रोड की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों से पूछताछ की। मृतक के छोटे भाई व समाजवादी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष काला विधूड़ी ने बताया कि प्रॉपर्टी को लेकर उसके भाई का कुछ लोगों से विवाद भी चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी विवाद के चलते ही उसके भाई की हत्या की गई है। मृतक के दो गोली सीने पर व एक गोली सिर पर लगी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ईडी ने केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा

**नयी दिल्ली**: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को आठवीं बार समन जारी किया। ईडी ने मुख्यमंत्री को चार मार्च को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। केन्द्रीय एजेंसी ने 22 फरवरी को सातवां समन जारी किया था। श्री केजरीवाल उसे गैर कानूनी बताते हुए ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि वह ईडी के समक्ष तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने ईडी के समन पर अनुपस्थित रहने को लेकर श्री केजरीवाल के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक अदालत में शिकायत दर्ज करायी है। इसके बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

### भारत और जर्मनी ने रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नयी दिल्ली** : रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बर्लिन में जर्मनी के रक्षा सचिव बेनेडिक्ट ज़मिर के साथ भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की है। मंगलवार को दोनों पक्षों ने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया, हिन्द प्रशांत में जर्मनी के साथ संभावित संयुक्त अभ्यास पर भी चर्चा हुई और संभावित रक्षा औद्योगिक परियोजनाओं और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों पक्षों के रक्षा उद्योगों को एक साथ जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी में सहयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

युद्ध

## यूक्रेन का युद्ध जीतने के लिए कुछ भी करेंगे

# फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन के बयान से पूरे यूरोप में तनाव

- सैन्य सहायता निरंतर जारी रहेगी
- जरूरत पड़ी तो सैनिक भी जाएंगे
- रूस ने बयान की आलोचना की है

राष्ट्रीय खबर




**पेरिसः** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने कीव को रूस के खिलाफ युद्ध जीतने में मदद करने के लिए यूक्रेन में यूरोपीय सेना भेजने की संभावना पर खुले तौर पर चर्चा की है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में देखे गए सबसे बड़े जमीनी युद्ध में संभावित बड़ी वृद्धि है। हालाँकि पश्चिमी लोकतंत्रों द्वारा यूक्रेन को जमीन पर धकेलने की संभावना अभी भी दूर है, यूक्रेन के समर्थन में एक शिखर सम्मेलन के बाद मैक्रॉन की टिप्पणियों ने क्रेमलिन से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और यूरोपीय नेताओं को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। नाटो के एक अधिकारी ने बताया कि गठबंधन की यूक्रेन में लड़ाकू सैनिकों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। सोमवार को पेरिस में बैठक में भाग लेने वाले जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि इस विषय पर अच्छी बहस और विस्तृत चर्चा हुई, शिखर सम्मेलन के प्रतिभागी सैनिकों को तैनात करने के खिलाफ अपनी राय में सर्वसम्मति थे। मैक्रॉन ने एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा था कि हालांकि वह और अन्य 21 यूरोपीय नेता सैन्य कर्मियों को तैनात करने पर सहमत नहीं थे, लेकिन संभावना पर खुले तौर पर चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा, किसी भी चीज से इंकार नहीं किया जाना चाहिए। रूस को यह युद्ध जीतने से रोकने के लिए हम कुछ भी करेंगे।

वैसे इस बयान के बाद भी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने यूरोपीय नेता ऐसी योजना में शामिल होंगे। हंगरी और स्लोवाकिया, दो देशों, जिनके नेताओं की रूस समर्थक के रूप में आलोचना की गई है, के अधिकारियों ने कहा कि वे सैनिक नहीं भेजेंगे। पोलिश प्रधान मंत्री डोनाल्ड टस्क सहित यूक्रेन के कुछ अधिक उत्साही समर्थकों ने भी ऐसा ही किया। ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम भी यूक्रेन में सेना तैनात करने की योजना नहीं बना रहा है। स्कोल्ज ने कहा, शुरू से ही आपस में और एक-दूसरे के साथ जो सहमति बनी थी, वह भविष्य पर भी लागू होती है, अर्थात कोई जमीनी सेना नहीं होगी, यूरोपीय देशों या नाटो राज्यों द्वारा यूक्रेनी धरती पर कोई सैनिक नहीं भेजा जाएगा। हालाँकि, मैक्रॉन ने घोषणा की कि यूक्रेन को मध्यम दूरी और लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति के लिए एक नया गठबंधन बनाया जाएगा।

मैक्रॉन ने बताया कि युद्ध शुरू होने पर पश्चिमी लोकतंत्रों ने धीरे-धीरे अपना समर्थन अकल्पनीय स्तर तक बढ़ा दिया है। प्रयास करने की जरूरत है।

# बांग्लादेश के तीन सीमा पर रात भर फायरिंग

राष्ट्रीय खबर



**ढाकाः** बांग्लादेश के नाइकश्योंगचारी, उखिया और टेकनाफ सीमा पर रातभर गोलाबारी की आवाज आ रही है। इस वजह से इन इलाकों में रहने वाले लोग दहशत में है। दरअसल बांग्लादेश के लोगों को हमेशा यह भय सताता है कि सीमा पार की गोलियां कभी भी इधर भी आ सकती है। यह भय इसलिए है क्योंकि पहले भी ऐसा हो चुका है। म्यांमार के रखाइन राज्य के कुछ हिस्सों में रविवार रात 9 बजे से गोलाबारी और मोर्टार दागने की घटनाएं हो रही हैं। बंदरबन के नाईकश्योंगचारी के घुमधूम, कॉक्स बाजार के उखियार के पलंगखाली, टेकनाफ सदर, होइकयोंग, ह्निला और सबरंग यूनियन के लोगों ने सोमवार सुबह 9 बजे तक गोलियों और मोर्टार गोले की तेज आवाज सुनी। बीजीबी और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 2 फरवरी की रात से नाइकश्योंगचारी सीमा पर बॉर्डर गार्ड पुलिस (बीजीपी) और म्यांमार विद्रोही समूह अराकान आर्मी के बीच झड़प तेज हो गई है। इस बीच, अराकान सेना ने बीजीपी को हरा दिया है और तुमब्रू राइट कैंप और ढेकिबनिया सीमा चौकी पर कब्जा कर लिया है।

स्थानीय प्रतिनिधियों और सीमा पर मौजूद लोगों के मुताबिक, आज सुबह करीब 6:30 बजे नाइकश्योंगचारी में तुम्मरू बाजार के दक्षिण में रखाइन राज्य के तुम्मरू राइट कैंप में भारी गोलाबारी हुई। उसी समय, नाइकश्योंगचारी सदर यूनियन के जामचारी गांव के सामने रखाइन राज्य में एक पहाड़ी चौकी पर गोलियां और चार मोर्टार गोले दागे गए। घुमधुम यूनियन परिषद (यूपी) के अध्यक्ष जहांगीर अजीज ने कहा कि स्थानीय लोग डर में अपने दिन बिता रहे हैं गोलियों की आवाज के कारण। हालांकि, आज सुबह तक कोई गोली या मोर्टार शेल नहीं आया है।

# तमिल मनीला कांग्रेस एनडीए में शामिल

राष्ट्रीय खबर



**चेन्नईः** तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के हिस्से के रूप में आगामी लोकसभा चुनाव का सामना करेगी, पार्टी प्रमुख जी के वासन ने सोमवार को यहां कहा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं आज (27 फरवरी) को तिरुपुर जिले के पल्लदम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक बैठक में शामिल होऊंगा। उन्होंने कहा, एनडीए के हिस्से के रूप में तमिल मनीला कांग्रेस बीजेपी के नेतृत्व में आगामी चुनाव का सामना करेगी। वासन की घोषणा से यह पता चलता है कि भाजपा चुनाव से पहले तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गुटों के अलावा एक अन्य गुट बनाने के अपने प्रयासों के बीच पहला आधिकारिक गठबंधन बनाने में कामयाब रही है। तमिलनाडु में एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का एक हिस्सा, जिसने 2021 के विधानसभा चुनावों का सामना किया, वासन की घोषणा एआईएडीएमके के साथ उनकी पार्टी के संबंधों के अंत का संकेत देती है। एडप्पादी के पलानीस्वामी के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने सितंबर 2023 में भाजपा के साथ संबंध तोड़ने की घोषणा की थी। भाजपा के साथ हाथ मिलाने में तमिलनाडु और तमिलों के कल्याण और एक मजबूत और समृद्ध भारत जैसे मुद्दे शामिल थे।

### मोदी ने तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में रखी इसरो के दूसरे स्पेसपोर्ट की आधारशिला

राष्ट्रीय खबर



**चेन्नईः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करते हुए बुधवार को थूथुकुडी जिले के कुलसेकरपट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के दूसरे स्पेसपोर्ट की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने थूथुकुडी में वीओसी पोर्ट पर एक कार्यक्रम में विभिन्न नयी सुविधाओं की आधारशिला भी रखी। इसरो ने बताया कि दूसरे स्पेसपोर्ट का उपयोग विशेष रूप से केवल छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) मिशनों को लॉन्च करने के लिए किया जाएगा ताकि उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में रखा जा सके। यह देश के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयास को भौगोलिक लाभ प्रदान करेगा। श्रीहरिकोटा का स्पेसपोर्ट पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलएमवी-3 और अन्य मिशनों समेत सभी रॉकेट लॉन्च मिशनों के लिए प्राथमिक केंद्र बना रहेगा। शार रेंज में दो लॉन्च पैड हैं। दूसरा रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र लगभग 2,233 एकड़ क्षेत्र में लगभग 950 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और यह देश की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक नये युग की शुरुआत करेगा। कुलसेकरपट्टिनम स्पेसपोर्ट का रणनीतिक महत्व यह होगा कि यह उपग्रह प्रक्षेपण के दौरान ईंधन की खपत को कम करेगा।

# खनिज संसाधनों और सैन्य सुरक्षा से रूस को फायदा

राष्ट्रीय खबर



**केप टाउनः** फिलिस्तीन के गाजा में चार महीने से ज्यादा समय से खून-खराबा जारी है। दुनिया की ज्यादातर निगाहें अब उस पर हैं। इस बीच देश के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अफ्रीका में रूस का प्रभाव बढ़ा रहे हैं। मॉस्को 2018 से रूसी भाड़े के आपूर्तिकर्ता वैगनर का उपयोग करके अफ्रीकी देश लीबिया में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। लेकिन बड़ा झटका पिछले साल लगा। इस साल वैगनर विद्रोह और बल के संस्थापक येवगेनी प्रिगोशिन की मृत्यु के बाद अफ्रीका में उनका भविष्य अनिश्चित है। रूस में कई भाड़े की आपूर्ति कंपनियां हैं। लेकिन कोई भी वैगनर जितना क्रेमलिन के करीब नहीं पहुंच सका। किसी भी भाड़े के सैनिक बल के लड़ाके इतने व्यापक रूप से तैनात नहीं थे जितने वैगनर के लड़ाके थे। मॉस्को अपने सहयोगियों के माध्यम से लीबिया और अफ्रीका में आर्थिक, सैन्य और राजनीतिक प्रभाव बनाए रखता है। क्रेमलिन को इसकी अधिक कीमत नहीं चुकानी पड़ी। प्रिगोशिन की मृत्यु के बाद, रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी जीआरयू को विदेश में तैनात वाघना सेनानियों की कमान संभालने का काम दिया गया था। कहने का मतलब है कि रूसी जनरल आंद्रेई एवेरियानोव को ये जिम्मेदारी मिली है। वैगनर के लड़ाके अब यूक्रेन में वालंटियर कोर के तहत लड़ रहे हैं। अन्य देशों में उनकी सेनाओं को एक्सपेडिशनरी कोर नाम दिया गया है।

अफ्रीका खनिज संसाधनों और ऊर्जा के मामले में दुनिया के सबसे अमीर महाद्वीपों में से एक है। लीबिया के पास महाद्वीप पर सबसे बड़ा तेल और सोने का भंडार है। इसके अलावा, देश भौगोलिक रूप से नाइजर, चाड, सूडान और यूरोप से जुड़ा हुआ है।

हमला

## हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजरायली वायुसेना की बमबारी

# रॉकेट हमले से इजरायली सैन्य अड्डे को नुकसान

- प्रवक्ता ने कहा लेबनान की ओर से गोलान हाइट्स पर दर्जनों रॉकेट दागे गए
- दो हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए

राष्ट्रीय खबर



**तेल अवीवः** लेबनानी सशस्त्र संगठन हिजबुल्लाह ने कहा कि उन्होंने इजरायली हवाई अड्डे पर रॉकेट हमला किया है। ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह ने आज कहा कि उन्होंने पूर्वी लेबनान में इजराइल के भयानक हमले के जवाब में यह हमला किया। 7 अक्टूबर को गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल के चौतरफा हमले की शुरूआत के बाद से, फिलिस्तीनी संगठन के सहयोगियों में से एक हिजबुल्लाह, लगभग हर दिन इजरायली सेना के साथ संघर्ष में रहा है। हालाँकि, ये हमले मुख्य रूप से सीमा क्षेत्र तक ही सीमित थे। हिजबुल्लाह ने कहा कि उन्होंने 'मैरोन एयर कंट्रोल बेस' को नष्ट करने के लिए रॉकेट हमले किए। हमले में कई रॉकेट लॉन्चरों का इस्तेमाल किया गया। जारी संघर्ष के बीच इजराइल ने पहली बार पूर्वी लेबनान पर हमला किया। इसके जवाब में हिज्बुल्लाह ने आज के रॉकेट हमले को अंजाम देने का दावा किया। जब इजराइल ने लेबनान के बालबेक शहर पर हमला किया, तो दो हिज्बुल्लाह लड़ाके मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हिज्बुल्लाह की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करने की पहल की। इससे पहले हिजबुल्लाह ने एक इजरायली ड्रोन को मार गिराया था। सोमवार को ही हिजबुल्लाह ने इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में एक सैन्य अड्डे पर 60 रॉकेटों से हमला किया था। अक्टूबर के बाद से लेबनान-इजराइल सीमा पर झड़पों में 284 लेबनानी मारे गए हैं। उनमें से अधिकांश हिज्बुल्लाह लड़ाके थे, लेकिन कम से कम 44 नागरिक भी मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि हिज्बुल्लाह के हमले में 10 इजरायली सैनिक और छह नागरिक मारे गए।

हिजबुल्लाह के ताजा हमले में एक इजरायली सैन्य ड्रोन को मार गिराया गया। और उसके बाद इजराइली सेना ने लेबनान के अंदर तक हमला कर दिया। संघर्ष की शुरूआत के बाद से यह पहली बार है कि जायोनी देश ने लेबनान के क्षेत्र पर इतना गहरा हमला किया है। इजरायली युद्धक विमानों ने सोमवार को लेबनान की बेका घाटी पर हमला किया। कई लेबनानी सूत्रों ने कहा कि पिछले अक्टूबर में ईरान समर्थित समूह के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद से लेबनानी धरती पर सबसे गहरे हमले में कम से कम दो हिजबुल्लाह सदस्य मारे गए। इस बीच, हिजबुल्लाह ने बढ़ते खतरे को उजागर करते हुए इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स में इजरायली सेना मुख्यालय पर 60 रॉकेट दागकर जवाब दिया। ईरान समर्थित इस शक्तिशाली सशस्त्र समूह के अल-मनार टेलीविजन ने यह जानकारी दी। दूसरी ओर, इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि लेबनान की ओर से गोलान हाइट्स पर दर्जनों रॉकेट दागे गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसके लड़ाकू विमानों ने इजरायली ड्रोन हमले और मार गिराए जाने के जवाब में बेका घाटी में हिज्बुल्लाह हवाई सुरक्षा पर हमला किया।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी कंपनी ने पुतिन के करीबियों के फोन के जरिये किया था उन पर नजर रखने का प्रयास

**वाशिंगटन**: अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'प्लैनेटरिस्क' ने करीब आठ वर्ष पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के परिचारकों समेत करीबी लोगों के फोन की निगरानी के माध्यम से उनकी गतिविधियों पर कथित तौर पर नजर रखने का प्रयास किया था। 'वायर्ड पत्रिका' ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल के पूर्व अमेरिकी रिपोर्टर बायरन ताउ की एक किताब के हवाले से यह जानकारी दी है। पत्रिका ने मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया कि 2016 में, कंपनी ने कथित तौर पर लोकोमोटिव सॉफ्टवेयर का पहला संस्करण विकसित किया, जिसकी मदद से उसने विज्ञापन कंपनी 'उबरमीडिया' के वाणिज्यिक डेटा का उपयोग करके मोबाइल फोन को ट्रैक करना शुरू किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्लैनेटरिस्क को रूस से संबंधी एक डेटा सेट प्राप्त करने के बाद एहसास हुआ कि वह पुतिन के सुरक्षा कर्मचारियों, राजनीतिक सहयोगियों, ड्राइवरों और अन्य लोगों के फोन को ट्रैक कर सकती है, क्योंकि ये फोन हर उस जगह जाते हैं, जहां श्री पुतिन जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन मोबाइल फोन की निगरानी की जा रही थी, वे श्री पुतिन के नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर को बाद में वीआईएसआर नाम दिया गया और इसका इस्तेमाल अमेरिकी खुफिया और विशेष सेवाओं द्वारा किया गया।

### फिलीपींस में आग लगने से चार की मौत

**मनीला**: फिलीपींस के सेबू शहर में एक आवासीय इलाके में आग लगने से एक दंपती और उनके दो पुत्रों की मौत हो गई तथा 12 से अधिक घर जलकर खाक हो गए। शहर के अग्निशमन कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। शहर के अग्निशमन कार्यालय वेंडेल विलानुएवा की ओर से बुधवार को जारी बयान में बताया गया कि स्थानीय समयानुसार, मंगलवार देर रात करीब दो बजे उस वक्त आग लगी, जब लोग अपने घरों मे गहरी नींद में थे। इस जानलेवा हादसे में सुरक्षित बची एक लड़की ने जांचकर्ताओं को बताया कि उसके माता-पिता और छोटे भाई-बहन घर की तीसरी मंजिल पर सो रहे थे और परिवार के अन्य सदस्य निचली मंजिल पर थे। इस हादसे में लड़की के माता पिता और दो भाइयों की झुलसकर मौत हो गयी जबकि परिवार के ही आठ अन्य सदस्य घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आवासीय क्षेत्र में तेजी से फैली आग को बुझाने में अग्निशमन कर्मियों को तीन घंटे लग गए, जिसमें 30 परिवार प्रभावित हुए।

### इराक में आग लगने से करीब 50 लोग घायल

**बगदाद**: इराक की राजधानी एरबिल के लंगा मार्केट में भीषण आग लगने से करीब 50 लोग घायल हो गए। शफ़ाक न्यूज़ एजेंसी ने बुधवार को स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि आग ने बाज़ार में कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान, करीब 50 लोग घायल हो गये। सूचना मिलते ही, दमकल कर्मी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सूत्रों के अनुसार, आग कथित तौर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी। एरबिल में नागरिक सुरक्षा निदेशालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल कारवान अली ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 20 से अधिक फायर ब्रिगेड और 100 फायरफाइटर्स को तैनात किया गया। उन्होंने कहा, '' अग्निशमन अभियान दो घंटे से अधिक समय तक चला और आखिरकार आग बुझाने में सफलता मिली।'' उन्होंने कहा कि धुएं में सांस लेने के कारण सभी लोग घायल हुए।

### नाइजीरिया में इमारत ढहने से 6 लोगों की मौत

**अबुजा**: नाइजीरिया के दक्षिण-पूर्वी राज्य अनंबरा के बाजार में एक निर्माणाधीन इमारत सोमवार रात में ढह गई, जिसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राज्य के वाणिज्यिक शहर ओनित्शा के ओडु-इग्बो बाजार में अन्य जीवित बचे लोगों की तलाश की जा रही है। अनाम्बरा राज्य के गवर्नर चार्ल्स सोलुडो ने मंगलवार को बाजार के दौरे के दौरान संवाददाताओं से कहा कि ढही हुई इमारत सरकार की मंजूरी के बिना एक निजी डेवलपर द्वारा बनाई गई थी। श्री सोलुडो ने घटना को ₹दुखद₹ बताते हुए ने राज्य में अवैध निर्माण के मुद्दे से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नाइजीरिया में इमारतों के ढहने के मामले आम हैं और स्थानीय विशेषज्ञ इसका दोष पुरानी संरचनाओं, भवन नियमों का पालन न करने और निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल को देते हैं।

### कनाडा के सामूहिक हत्यारे की मौत कोकीन के अत्यधिक सेवन से: फारेंसिक रोगविज्ञानी

**ओटावा**: कनाडा में 2022 में 11 लोगों की हत्या और 17 अन्य को घायल करने वाला हत्यारे के मौत के कारणों को लेकर हुई सुनवायी में फोरेंसिक वैज्ञानिक ने बताया कि संभव है कि कोकीन का अत्यधिक सेवन के कारण वह मर गया हो। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एक फोरेंसिक रोगविज्ञानी ने मंगलवार को एक सार्वजनिक कोरोनर पूछताछ में बताया कि अपराधी के मौत का कारण कोकीन का अत्यधिक सेवन है। माइल्स सैंडरसन ने चार सितंबर 2022 को 11 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी, जिनमें से 10 उसके गृह समुदाय जेम्स स्मिथ क्री नेशन में और एक अन्य पास के गांव वेल्डन, सस्केचेवान में था। बाद में उसी दिन पुलिस हिरासत में उसकी मृत्यु हो गई। उम्मीद है कि पूछताछ में सैंडरसन की मौत के कारण पर फैसला सुनाया जाएगा। सीटीवी न्यूज ने मंगलवार दोपहर को बताया कि पूछताछ में डॉ. शॉन लैडहैम की गवाही सुनी गई, जिन्होंने सैंडरसन का शव परीक्षण किया था। डॉ़ लैडहैम ने बताया कि सैंडर्सन के शरीर में कोकीन का स्तर बहुत अधिक था। सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार डॉ लैडहम के अनुसार कोकीन का जितना स्तर उसके शरीर में पाया गया उतनी मात्रा से हार्ट फेल होने की संभावना रहती है।

## आज का इतिहास

- 1744 :रॉयल सोसायटी आफ लंदन के सदस्य फ़्रांस के प्राकृतिक दर्शनशास्त्री जॉन थियोफिलस डेजाग्युएलिये का निधन हुआ था।
- 1780 :ओमिक्रान डेल्टा ओमेगा सह-एड बिरादरिन की स्थापना बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी।
- 1840 :आधुनिक पनडुब्बी के जनक आयरिश -अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन फ़िलिप हॉलैण्ड का जन्म हुआ।
- 1860 :हरमन होल्लेरिथ ने सारणी मशीन का आविष्कार किया।
- 1896 :पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म हुआ था, मोरारजी देसाई भारत के छ्ठे प्रधानमंत्री थे।
- 1928 :अमेरिकी कवयित्री , लेखिका और पुस्तकालय संचालिका इनका डोन्ना कूलब्रिद का निधन हुआ।
- 1936 :नेचर पत्रिका ने नील्स बोर के बाउल आफ बॉल्स के बारे में छापा था।
- 1960 :मोरक्को के दक्षिणी शहर अगादीर में आए भीषण भूकंप में हज़ारों लोगों की मौत हो गयी। इस भूकंप की तीव्रता 6.7 थी।
- 1984 :कैनेडियन प्रधान मंत्री, पियरे ट्रुडो ने सेवानिवृत्ति की घोषणा की।
- 1996 :4 साल तक लगातार गोलीबारी और हमलों के बाद बोसनिया की राजधानी सरायेवो की घेराबंदी ख़त्म हो गयी।
- 2004 :अंतार्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के यात्री मिशेल फोएल का अलेक्जेंडर केलरी अंतरिक्ष में उतरे, पर अंतरिक्ष सूट में ख़राबी के कारण पुन: वापस स्टेशन लौट गये।
- 2008 :प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बच्चन सिंह को अनुवाद के लिए वर्ष 2008 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2012 :ट्यूमर से पीड़ति वेनेजुएला के राष्ट्रपति 'गो चावेज़ के श्रोणि से ट्यूमर निकाले जाने के बाद वे ठीक हो गए।
- 2012 :दुनिया के सबसे ऊंचे टावर और दूसरी सबसे ऊंची संरचना, टोक्यो स्काईट्री का निर्माण पूरा हो गया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची
गुरूवार

12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

29/02/2024

## झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज

रांचीः मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक गुरूवार को अपराह्न 4:00 बजे अथवा विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद , जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीयूजे के स्टूडेंट्स से की समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील







राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स से देश की समृद्धि और इसके विकास में अहम योगदान देने की अपील की। यूनिवर्सिटी के चेरी मनातू (रांची) स्थित परिसर में आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवा इस देश के सबसे बड़े प्राकृतिक संसाधन हैं। आबादी में 55 प्रतिशत से अधिक युवा वर्ग के ही हैं। 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बननेवाले हैं। 2047 तक शिक्षित, समृद्ध भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अनुकूल परिस्थितियों को बनाना होगा। ऐसे में यहां के जिन युवाओं को पढ़ाई के बाद मेडल मिला है, वे अपने लिए अच्छा जीवन का निर्माण ही नहीं, देश औ? समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विश्व गुरु बनने के सपने को पूरा करने, आने वाला जेनरेशन को इसका लाभ देने के लिए यह जरूरी है कि युवा जिस क्षेत्र में कार्यरत हों, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करें। समरसता, गरिमापूर्ण जीवन सबके लिए हो, पिछड़े और वंचित लोगों का विकास इसे देखें। मौके पर राष्ट्रपति ने तीन स्टूडेंट्स को चांसलर मेडल दिया। साथ ही गोल्ड मेडल पाने वाले कुल स्टूडेंट्स (58) में से 50 प्रतिशत लड़कियों के होने पर विशेष खुशी जाहिर की। समारोह में अन्य अतिथियों के हाथों 58 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल, 29 को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी। इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सीएम चंपाई सोरेन, चांसलर जय प्रकाश लाल, वीसी प्रो क्षिति भूषण दास, विभिन्न विभागों के प्रमुख और फैकल्टी, स्टूडेंट्स तथा उनके अभिभावक और अन्य भी उपस्थित थे।राष्ट्रपति ने मौके पर कहा कि यहां इस संस्थान से उपाधि प्राप्त करने वालों को बधाई। मेडलिस्ट को भी। उनके माता-पिता, प्राध्यापकों को भी जिन्होंने मार्गदर्शन दिया। यह संस्थान स्वर्णरेखा नदी के समीप है। कहा जाता है कि इस नदी के जल के सेवन से ही ज्ञान की प्राप्ति होती रही है। ऐसे में इस नदी के सान्निध्य में ज्ञान प्राप्त करना सौभाग्य की बात है। ज्ञान से ही बुद्धि और कौशल का विकास होता है। चुनौतियों से भरे विश्व में आप सब प्रवेश कर रहे हैं। इसमें आप अपने प्राप्त ज्ञान का सदुपयोग करेंगे। जटिल परिस्थितियों का सामना करना होगा, अपने ज्ञान से इसका हल प्राप्त करना होगा।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड आने पर उन्हें लगता है कि वे अपने घर वापस आयी हैं। यहां उन्होंने पूर्व में राज्यपाल के तौर पर धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर जनसेवा करने का काम किया है। इस धरती पर काम करने का सौभाग्य खुशी से भर देता है। यहां के जनजातीय भाई बहनों से जुड़ाव रहा है। इसलिए नहीं कि वे आदिवासी हैं। जैसे परिवार में शारीरिक, मानसिक रूप से पिछड़े रहने वाले को ज्यादा ध्यान देते हैं, उनके उपर काम करते हैं, उसी भाव से विकास की दौड़ में पीछे रह गये लोगों के लिए सोचना चाहिए। कैसे उनका पूर्ण विकास हो। इन्क्लूसिव विकास हो। जनजातीय भाई लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़े रहें। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज के पास पारंपरिक ज्ञान का भंडार है। उनके जीवन शैली से हम सीख पाएं तो ग्लोबल वार्निंग की चुनौतियों से जूझ पाएंगे, उसे हरा सकेंगे।

राष्ट्रपति ने खुशी जाहिर करते और सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को धन्यवाद देते कहा कि इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, संगीत, सांस्कतिक धरोहर को समझने के लिए खास सेंटर बनाया गया है। चेरी मनातू कैंपस ग्रीन आर्किटेक्ट को ध्यान में रखते तैयार किया गया है। जिसने भी इसकी डिजाइन की, अच्छे जगह पर इसे खोला, उसकी सराहना हो। इस संस्थान का ब्रांबे कैंपस भी प्रकृति के निकटता को दिखाता है। बगैर पेड़ काटे तैयार किया गया। इको फ्रेंडली बनाया गया। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा प्रयास है। हमें इको फ्रेंडली होना ही होगा।समारोह में सीएम चंपाई सोरेन ने चांसलर, गोल्ड मेडल और पीएचडी डिग्रीधारकों को बधाई दी। स्टूडेंट्स के साथ साथ उनके अभिभावक, गुरुओं के लिए भी इसे विशेष क्षण बताया। कहा कि ज्ञान से बड़ा कोई धन नहीं। इसके जरिये बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने को संकल्पित है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्वीकार कर लिया गया है। चेरी मनातू परिसर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की जरूरतों के अनुसार रैयती भूमि का अधिग्रहण कर उसे देने का निर्णय लिया गया है। भूमि अधिग्रहण में देरी हो रही है, इसे शीघ्र दूर किया जायेगा। विद्युत आपूर्ति निर्बाध हो, इस पर काम हो रहा है। जलापूर्ति भी पर्याप्त हो, इसे तय किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य भी जोरों पर है। उन्होंने उम्मीद जताते कहा कि मेडल, डिग्री पाने वाले स्टूडेंट्स के ज्ञान से झारखंड प्रदेश भी लाभान्वित होगा। आदिवासी बहुल क्षेत्र में सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बहुत जरूरत है। राज्य में खनिज संसाधन हैं पर शिक्षा व्यवस्था के सही रूप से ही इसका तरीके से उपयोग संभव है। आदर्श राज्य का निर्माण करने में हम सब लगें। मौके पर राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों ने भी स्टूडेंट्स औ? यूनिवर्सिटी के उज्जवल भविष्य की कामना की।





